WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 | कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 282 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

दोनों उप मुख्यमंत्रियों को कसौटी पर कसेंगे निकायों के चुनाव परिणाम

- राज्य के इतिहास में पहली बार एक साथ हो रहे निकाय और पंचायत चुनाव
- अरुण साव और विजय शर्मा के विभागों की रिपोर्ट कार्ड को लेकर चुनावी मैदान में उतरेगी भाजपा

यशवंत धोटे

राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं। राज्य के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। इस चुनाव से पूर्व सरकार ने विधानसभा में कुछ संशोधन विधेयक पेश कर परम्परागत तरीकों को बदला हैं, जैसे अब निगम के महापौर और पालिका के अध्यक्ष को सीधे जनता चुनेगी।

हालांकि पांच साल पहले भी जनता ही चुनती थी लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पार्षदों से महापौर चुनने का प्रावधान कर दिया था, जिसे भाजपा सरकार ने बदल दिया। इन चुनावों की समीक्षा करें तो बहुत से क्रियाकलाप पहली बार होंगे। जैसे कि पहली बार राज्य की किसी सरकार में दो उपमुख्यमंत्री हैं और दोनों के पास ऐसे विभाग है, जिसका सीधा असर इन चुनावों पर होना है। जैसे अरूण साव के पास यदि नगरीय निकाय है तो विजय शर्मा के पास भी पंचायत ग्रामीण विकास विभाग है। इन दोनों उपमुख्यमंत्रियों के विभागों का संबध सीधा जनता से है। यानी विधानसभा चुनाव के 6 महीने बाद लोकसभा और उपचुनाव में बम्पर जीत हासिल करने वाली भाजपा के लिए यह चुनाव साल भर के रिपोर्ट कार्ड से कम नहीं है। इसे साल भर बाद हो रहे मिनी विधानसभा चुनाव भी मान सकते हैं। चूंकि पहली बार दोनों स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ हो रहे हैं। इससे स्थानीय चुनाव आयोग की क्षमता भी कसौटी पर होगी। प्रदेश के 10 नगर निगमों के महापौर के अलावा पालिका के अध्यक्ष और नगर पंचयातों के अध्यक्षों को चुना शेष पृष्ठ 6 पर

ओबीसी आरक्षण पर अरुण साव का बड़ा काउंटर

पहली बार ऐसा होगा कि जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी का आरक्षण नहीं होगा। इसका कांग्रेस विरोध कर रही है तो पेशे से वकील उपमुख्यमंत्री अरूण साव अपना ही उदाहरण देकर कांग्रेस से सवाल करते हैं कि मै ओबीसी हूं और मैने कौन सी आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा हैं। कांग्रेस को जवाब देने के लिए सत्ता और संगठन अरूण साव को मोर्चे पर लगा दिया है। लेकिन इससे इतर साल भर में नगरीय क्षेत्रों में हुए कामकाज असल चुनौती है। वहीं पंचायतों के हाल को दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भलीभांति जानते हैं, इन चुनावों में उनका भी साल भर का कार्यकाल ग्रामीण मतदाताओं की कसौटी पर है।

विकास कार्यों का हिसाब मांगेगी जनता

ऐसे में उनके विभाग संभालने के बाद छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में विकास के अधोसंरचना में कितने काम हुए हैं, यह जनता को बताना होगा। क्योंकि नगरीय क्षेत्र में आज भी लोगों द्वारा मूलभूत समस्याओं को दूर करने की मांगें खबरों में आती ही रहती हैं। अभी तक इन पर क्या कुछ हुआ है, जिसका हिसाब जनता मांग इस चुनाव में मांगेगी। ये दीगर है कि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि या विकास के कार्यों की मंजूरी गिनाए जाए। बहरहाल, अब इस स्थानीय निकायों के चुनाव में जनता को बताना ही होगा कि आने वाले 4 सालों में क्या करेंगे।

आज बेबाक

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में योगी सरकार के मंत्रियों ने संगम में डुबकी लगाई। इसके पूर्व वहां कैबिनेट की बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। इससे उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बडी पीड़ा हुई। उनका कहना है कि महाकुंभ में इस तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए जबकि खुद सपाइयों ने महाकुंभ स्थल पर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करा रखी है। जहां सपाई उनकी पूजा अर्चना कर रहे हैं। लगता है सैफाई महोत्सव समर्थकों के लिए ही बना है यह गाना- वो करे तो रास लीला हम करें तो कैरेक्टर ढीला है।

विकसित भारत के लिए एकजुट रहें

नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने आमजन से किया आह्वान

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोगों से विकसित भारत के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोडऩे की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे-पीएम

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि नेताजी ने आराम के दायरे से बाहर निकलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। पीएम ने आगे कहा, वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे। इसी तरह, हम सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए अपने आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा। हमें खुद को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा। हमें उत्कृष्टता को चुनना होगा और दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

विरासत को बढ़ावा देने पर सरकार कर रही काम

प्रधानमंत्री ने बोस के नाम पर अंडमान में द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना और उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाना जैसे कई फैसलों का हवाला दिया, जो उनकी विरासत को बढ़ावा देने के लिए उनके काम पर जोर देने के लिए उनकी सरकार की तरफ से लिए गए थे। उन्होंने कहा कि बोस को भारत की विरासत पर गर्व था। उन्होंने कहा कि विकास की तेज गति लोगों की प्रगति, सशस्त्र बलों को मजबूत करने और समग्र विकास के साथ-साथ चलती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, आधुनिक बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जा रहा है और सशस्त्र बलों की ताकत अभूतपूर्व तरीके से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आवाज के रूप में उभरा है।

देश के स्वराज पर पूरी तरह केंद्रित थे नेताजी

उन्होंने कहा कि बोस देश के स्वराज (स्वशासन) पर पूरी तरह केंद्रित थे और कई पृष्ठभूमि के लोग इस उद्देश्य के लिए एकजुट हुए। उन्होंने कहा, अब हमें विकसित भारत के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत की एकता के लिए बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों से सावधान रहना होगा, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं और इसकी एकता को तोडऩा चाहते हैं।

पीएम मोदी ने नेताजी को किया नमन

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक वीडियो साझा करते हुए लिखा- आज पराक्रम दिवस पर मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है, क्योंकि हम उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

पराक्रम दिवस पर धनखड़ ने नेता जी को किया नमन

नयी दिल्ली(वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भावपूर्ण नमन करते हुए कहा है कि उनकी निर्भीक देशभक्ति ने करोड़ों लोगों को प्रेरित किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से गुरुवार को यहां जारी एक संदेश में धनखड़ ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण और आजाद हिंद फौज का गठन नेताजी के साहस और असाधारण विचारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नेताजी के भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में महान योगदान और साहस तथा देशभक्ति ने असंख्य भारतीयों को प्रेरित किया है। नेताजी ने निस्वार्थ भाव से मातृभूमि की सेवा की। धनखड़ ने कहा, पराक्रम दिवस पर नेताजी की निर्भीक देशभक्ति का स्मरण। एकजुट, आत्मनिर्भर और सुदृढ़ भारत बनाने के लिए नेताजी की देश भक्ति की अटूट भावना और समर्पण हम प्रेरणा लें।

सीएम विष्णुदेव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत से की मुलाकात

मुबंई(ए.) । सीएम विष्णुदेव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी से मुलाकात की। आज सीएम विष्णुदेव साय मुंबई में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में उद्योगपतियों से मुलाकात की। प्रदेश की नई औद्योगिक विकास नीति पर चर्चा हुई। साथ ही औद्योगिक विकास के लिए छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

सीएम साय ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सभी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने और उनके साथ होने वाले भेदभाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। साय ने कहा कि बालिकाएं देश-प्रदेश, समाज और परिवार की शान, मान और अभिमान होती हैं। उन्हें सशक्त बनाने के लिए सुरक्षित और सहज माहौल देने की जरूरत है। इसके लिए समाज को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सम्मान की परंपरा रही है। इसी कारण प्रदेश की प्रगति में छत्तीसगढ़ की बेटियां अप्रतिम योगदान दे रही हैं। यह बहन-बेटियों और माताओं के लिए बेहतर वातावरण से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि बेटियां खूब पढ़ें, निडर होकर आगे बढ़ें, अपने सपनों को साकार करें और घर परिवार के साथ देश-प्रदेश शेष पृष्ठ 6 पर

संजय राउत ने की बाला साहब के लिए भारत रत्न देने की मांग

मुंबई (ए.)। शिवसेना (यूबीटी) ने गुरुवार को शिवसेना के संस्थापक और दिवंगत बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग की। यह बयान बाल ठाकरे की 99वीं जयंती पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दिया। राउत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने कुछ ऐसे लोगों को भारत रत्न दिया है, जो इसके हकदार नहीं थे। उन्होंने यह भी कहा कि बाल ठाकरे, जिन्होंने हिंदुत्व के विचारों को फैलाया, उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। बाल ठाकरे की जयंती के अवसर पर बोलते हुए संजय राउत ने कहा कि बाल ठाकरे को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने हिंदुत्व के बीज इस देश में बोए। उन्होंने कहा कि ठाकरे की जन्म शताब्दी एक साल दूर है और इस शताब्दी से पहले उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाल ठाकरे को भारत रत्न मिलेगा, तो इससे वीर सावरकर को भी सम्मान मिलेगा।

महापौर प्रत्याशियों पर भाजपा चुनाव समिति लगाएगी मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। निगम चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख पार्टियों की बैठक का सिलसिला जारी है। वहीं प्रत्याशियों के चयन को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल यानी शुक्रवार को भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे।निकाय चुनाव के तारीखों के ऐलान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल बढ़ गई हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल होने वाली बैठक में महापौर प्रत्याशियों पर चर्चा कर पार्टी फैसला करेगी। प्रत्याशी के चयन की प्रक्रिया संभागीय समिति और प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद होगी. प्रत्याशियों पर भाजपा चुनाव समिति अंतिम फैसला लेगी। 25 जनवरी तक नगर पालिका और पंचायत अध्यक्षों के प्रत्याशी का ऐलान हो सकता है।

खरगे-राहुल-प्रियंका ने जयंती पर किया नेताजी को नमन

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। खरगे ने कहा, 'जय हिंद' एवं 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे ओजस्वी नारों के माध्यम से देशवासियों में देशप्रेम और क्रांति की लहर का संचार करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं हमारे प्रेरणास्रोत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका प्रेम, समर्पण व सांप्रदायिकता के खिलाफ उनका कड़ा विरोध।

सद्भाव और एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ:शाह

27 को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने महाकुंभ में आएंगे

अहमदाबाद (ए.)। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे। वे गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है, उसे देखकर दुनिया भर के लोग आश्चर्यचकित हैं। इतना ही नहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने उनसे निमंत्रण कार्ड के लिए अनुरोध किया। इस पर शाह ने कहा कि मैंने उन्हें बताया कि इसके लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं है, क्योंकि करोड़ों लोग ग्रहों की स्थिति के अनुसार एक विशिष्ट समय पर एकत्र होते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं। शाह ने कहा कि मेरे बताने पर वे लोग भरोसा नहीं कर रहे कि 40 करोड़ लोग बिना किसी निमंत्रण के एक जगह एकत्र होते हैं। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि कुंभ सद्भाव और एकता का संदेश देता है क्योंकि वहां कोई किसी से नहीं पूछता कि आप किस धर्म, संप्रदाय या जाति से हैं। आपको बिना किसी भेदभाव के वहा भोजन मिलेगा और पवित्र डुबकी लगाने के बाद घर वापस जाएंगे। दुनिया में कोई भी अन्य घटना इससे अच्छा शेष पृष्ठ 6 पर

फिक्की फ्रेम्स के ब्रांड एंबेसडर बनें आयुष्मान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) फ्रेम्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए प्रतिष्ठित फिक्की फ्रेम्स इस साल अपनी 25वीं सालगिरह का जश्न मनाने जा रहा है। इस खास मौके पर बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया है। आयुष्मान खुराना अब भारतीय मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के चेहरे के रूप में इस आयोजन से जुड़े हैं। इस साल के खास संस्करण का थीम राईस : रिडिफायनिंग इनोवेशन , सस्टेनेबिलिटी, एंड एक्सीलेंस है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि फिक्की फ्रेम्स ने किस प्रकार नैरेटिव्स को आकार देने, क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने और मीडिया व एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के विकास में योगदान दिया है।हर साल मुंबई में आयोजित होने वाला यह इवेंट दुनिया भर के प्रभावशाली व्यक्तित्वों, क्रिएटिव प्रोफेशनल्स, और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाता है। इसमें उभरते ट्रेंड्स, नई तकनीकों, और मनोरंजन जगत की प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा होती है। आयुष्मान खुराना ने कहा, फिक्की फ्रेम्स के पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में सिल्वर जुबली वर्ष में चुना जाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। एक ऐसे इंसान के रूप में, जो चंडीगढ़ से मुंबई केवल सपने लेकर आया था, मैंने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि मेरी यात्रा

ईडी-टोरेस पोंजी से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की कार्रवाई

मुंबई-जयपुर के 10 से ज्यादा जगहों पर की छापेमारी

मुंबई (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को टोरेस निवेश नामक एक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी की। इस मामले में कई निवेशक को कथित तौर पर ठगी का शिकार हुए थे। छापेमारी मुंबई और जयपुर के लगभग 10-12 स्थानों पर की गई। बता दें कि ईडी ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक शिकायत दर्ज की थी। अब तक 3,700 से अधिक निवेशकों ने मुंबई पुलिस से धोखाधड़ी की शिकायत की है, और धोखाधड़ी की कुल राशि 57 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

एमएलएम योजनाओं का इस्तेमाल कर ठगी का आरोप

टोरेस ब्रांड के स्वामित्व वाली एक आभूषण कंपनी पर पोंजी और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) योजनाओं का इस्तेमाल करके निवेशकों से करोड़ों रुपए ठगने का आरोप है। यह घोटाला तब सामने आया, जब इस महीने की शुरुआत में दादर (पश्चिम) में कंपनी के एक स्टोर पर सैकड़ों निवेशक एकत्र हुए, क्योंकि कंपनी ने उन्हें वादा की गई रकम देना बंद कर दिया था। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक उज्बेकिस्तान का नागरिक तजागुल ज़ासातोव, एक रूसी नागरिक वैलेंटिना गणेश कुमार, और सर्वेश सुर्वे शामिल हैं। ये सभी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी हैं।

निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी का प्रलोभनः जांचकर्ताओं का कहना है कि कंपनी के प्रमोटरों ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कार, फ्लैट, गिफ्ट कार्ड और हैम्पर्स जैसे पुरस्कार शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

दुल्लेड़-मेटागुड़ा जंगल | *सीआरपीएफ के जवानों की बड़ी छापेमारी*

जवानों को मिला भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामग्री

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों ने बड़ी छापेमारी की है। दुल्लेड़ और मेटागुड़ा के बीच जंगल में नक्सलियों का डंप यार्ड मिला है। यहां से जवानों ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और उपकरण बरामद किया है। कोबरा की 203 और सीआरपीएफ की 131वीं बटालियन के जवानों ने कार्रवाई करते हुए नक्सलियों का डंप बरामद किया । जवानों ने डंप से जनरेटर से लेकर विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद किया। इस दौरान ये भी सामने आया कि नक्सली बरामद किए गए उपकरणों का इस्तमाल कर बीजीएल सेल्स बनाते थे।

50 किलो आईईडी निष्क्रिय

बीजापुर में नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर सुरक्षा बलों ने पानी फेर दिया है. बासागुड़ा थाना क्षेत्र के डीआरजी, बीडीएस, सीआरपीएफ 168 बटालियन की टीम ने दुर्गा मंदिर के लगभग 50 किलो का आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से बासागुड़ा- तिम्मापुर रोड़ पर 50 किलो का आईईडी लगा रखा था। सुरक्षा बलों के जवानों ने सूझबूझ तरीके से आईईडी को बरामद कर सुरक्षित स्थान पर निष्क्रिय किया।

2 किलो का आईईडी और एक डमी आईईडी बरामद

अरनपुर क्षेत्र में भी सुरक्षा बलों ने 02 किलो का आईईडी और एक डमी आईईडी बरामद किया है। नुकसान पहुंचाने की नीयत से माओवादियों ने आईईडी लगाई थी। सर्चिंग के दौरान अरनपुर मुख्य मार्ग से लगभग 5 किमी की दूरी पर ग्राम समेली से बर्रेम जाने के रास्ते में जवानों ने दो किलो का प्रेशर आईईडी बम बरामद किया। दंतेवाड़ा की संयुक्त ने कार्यवाही करते हुए आईईडी को सुरक्षित निष्क्रिय किया।

गणतंत्र दिवस की झांकियों में गीता, महाकुंभ और संविधान की झलक

बिहार की झांकी में स्वर्णिम भारत, मध्य प्रदेश की झांकी में कुनो राष्ट्रीय उद्यान, त्रिपुरा की झांकी में दिखेगा शाश्वत श्रद्धा

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली झांकियों में इस वर्ष भगवत गीता, महाकुंभ 2025, नालंदा विश्वविद्यालय और संविधान के 75 वर्ष की झलक देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की परेड होगी। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह की थीम 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' है।

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान इस थीम पर 16 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) और केंद्र सरकार के 10 मंत्रालयों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। झांकियां भारत की विविध शक्तियों और इसके निरंतर विकसित होते सांस्कृतिक समावेश को प्रदर्शित करेंगी। भाग लेने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में गोवा, उत्तराखंड, हरियाणा, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश,

त्रिपुरा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक गोवा की झांकी में गोवा की सांस्कृतिक विरासत को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड की झांकी में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और साहसिक खेल देखने को मिलेंगे। हरियाणा भगवत गीता का प्रदर्शन करेगा।

झारखंड 'स्वर्णिम झारखंड : विरासत और प्रगति की विरासत' को अपनी झांकी में दर्शाएगा।

गुजरात की झांकी में 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' की झलक मिलेगी। आंध्र प्रदेश की झांकी में 'एटिकोप्पका बोम्मलु - पर्यावरण अनुकूल लकड़ी के खिलौने' दर्शाए जाएंगे। पंजाब अपनी झांकी में 'पंजाब ज्ञान और बुद्धि की भूमि है' बताएगा। उत्तर प्रदेश की झांकी में 'महाकुंभ 2025 - स्वर्णिम भारत विरासत और विकास' के दर्शन होंगे।

बिहार की झांकी में 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास (नालंदा विश्वविद्यालय)' दिखाया जाएगा। मध्य प्रदेश की झांकी में 'मध्य प्रदेश का गौरव : कुनो राष्ट्रीय उद्यान - चीतों की भूमि' होगा। त्रिपुरा 'शाश्वत श्रद्धा : त्रिपुरा में 14 देवताओं की पूजा-खर्ची पूजा' अपनी झांकी में दर्शाएगा।

दिल्ली की झांकी में 'गुणवत्ता की शिक्षा': दिल्ली की झांकी में 'गुणवत्ता की शिक्षा' दिखाई जाएगी। दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव की झांकी 'कुकरी मेमोरियल के साथ दमन एवियरी बर्ड पार्क - भारतीय नौसेना के बहादुर नाविकों को श्रद्धांजलि' पर आधारित है।

केंद्र सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग 'भारत का संविधान हमारी विरासत, विकास और पथ-प्रदर्शक की आधारशिला है' विषय पर झांकी प्रस्तुत करेगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय गौरव वर्ष पर 'महिला एवं बाल विकास मंत्रालय - मंत्रालय की व्यापक योजनाओं के अंतर्गत पोषित महिलाओं और बच्चों की बहुमुखी यात्रा' पर झांकी प्रस्तुत करेगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की झांकी में 'लखपति दीदी'

ग्रामीण विकास मंत्रालय की झांकी में 'लखपति दीदी' को दिखाया जाएगा। पशुपालन और डेयरी विभाग की झांकी 'भारत की देशी गोजातीय नस्लों को सतत ग्रामीण विकास के प्रतीक के रूप में सम्मानित करता है' पर आधारित होगी। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग 'फूलों की झांकी' के माध्यम से भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने वाली झांकी लेकर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होगा।

तमिलनाडु की झांकी में 'लक्कुंडी

पत्थर शिल्प का उद्गम स्थल' देखने को मिलेगा। पश्चिम बंगाल की झांकी 'लक्ष्मी भंडार' और 'लोक प्रसार प्रकल्प'-बंगाल में जीवन को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना' विषय पर आधारित है। चंडीगढ़ की झांकी 'चंडीगढ़ : विरासत, नवाचार और स्थिरता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण' पर आधारित है।

ट्रम्प ने हूती को फिर से आतंकवादी संगठन घोषित किया

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यमन स्थित आतंकवादी समूह हूती को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफ्टीओ) के रूप में फिर से नामित करने के लिए बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक फैक्ट शीट के अनुसार, श्री ट्रम्प के कार्यकारी आदेश ने चार साल पहले जो बाइडेन द्वारा जारी किए गए आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें हूती को एफ्टीओ सूची से हटा दिया गया था। उन्होंने अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में जारी किए गए आदेश को पूर्ववत कर दिया।

तालिबान ने कैदी अदला-बदली समझौते के तहत अमेरिकी नागरिकों की रिहाई

काबुल(वार्ता)। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने अमेरिका के साथ कैदी अदला-बदली समझौते के तहत हिरासत में लिए गए दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। अल जज़ीरा ने बताया कि काबुल में तालिबान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी नागरिकों का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि उन्हें खान मोहम्मद की रिहाई के बदले रिहा किया जा रहा है। खान मोहम्मद को दो दशक पहले पूर्वी अफगान प्रांत नंगरहार में गिरफ्तार किया गया था और वह कैलिफोर्निया जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

द. कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने राष्ट्रपति के खिलाफ विद्रोह

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उसने गिरफ्तार राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफविद्रोह के मामले को अभियोजन पक्ष को सौंपने का फैसला किया है। दक्षिण कोरिया के कई मीडिया आउटलेट्स ने यह जानकारी दी है। उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने मामले को सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट प्रॉसिक्यूटर्स ऑफिस को सौंपने का फैसला किया, जिसमें श्री योल के खिलाफ अभियोग लगाने की मांग की गई क्योंकि सीआईओ को राष्ट्रपति पर अभियोग लगाने का कोई अधिकार नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया में आग लगने से एकी की मौत

सिडनी, 23 जनवरी(वार्ता) ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया प्रांत की राजधानी मेलबर्न के पश्चिमी उपनगर में मकान में आग लगने से एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई जबकि एक अन्य झुलस गया। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य मेलबर्न से 16 किलोमिटर पश्चिम में स्थित डियर पार्क के पास एक घर में आग लग गयी। घटना की सूचना मिलते पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को मौके पर रवाना किया गया।

कम्बोडिया में अफरातफरी तीन की मौत

नोम पेन्ह (वार्ता)। कम्बोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में गुरुवार को एक स्थानीय व्यवसायी की ओर से आयोजित समारोह में लाल पैकेट बांटने के दौरान एकत्रित समूह में अफरा-तफरी के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10.00 बजे उस समय हुई , जब डुआन पेन्ह जिले के नोरोडोम बुलेवार्ड पर स्थित उद्योगपति सोक कोंग के आवास पर उनकी ओर से दिए गए लाल लिफाफों के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे।

भिड़े मस्क और ऑल्टमैन

सैन फ्रांसिस्को, (वार्ता)। एक्स एआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन अमेरिका भर में ओपनएआई के लिए डेटा सेंटर बनाने की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजना 'स्टारगेट' को लेकर 'एक्स' पर भिड़ गये हैं। ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लिए कई डेटा केंद्र बनाने की बाबत सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर काम करेगा। कंपनियों को शुरुआत में स्टारगेट को एक अरब अमेरिकी डॉलर देने और अगले चार वर्षों में उद्यम में पांच अरब डॉलर का निवेश करने की उम्मीद है।

जलगांव ट्रेन हादसा, कर्नाटक एक्सप्रेस

बच सकती थी 13 लोगों की जान? क्या घुमावदार पटरिया बनीं हादसे की वजह

मुंबई/ए.। कर्नाटक एक्सप्रेस की दृश्यता प्रथम दृष्ट्या घुमावदार पटरियों के कारण प्रभावित हुई, जिसकी चपेट में आने से महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जलगांव जिले में एक ट्रेन में आग की अफवाह के बाद पटरी पर उतरे कुछ यात्री विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई।

'फ्लैशर लाइट सिग्नल' को देखने के बाद ब्रेक लगाए

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दोनों रेलगाड़ियों के चालकों ने दिशानिर्देश (प्रोटोकॉल) का पालन किया और दुर्घटना को टालने की पूरी कोशिश की । मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के चालक ने नियम के अनुसार 'फ्लैशर लाइट' चालू कर दी थी, जब ट्रेन मुंबई से करीब 400 किलोमीटर दूर माहेजी और परधाडे स्टेशनों के बीच रुकी। कर्नाटक एक्सप्रेस के चालक ने पुष्पक एक्सप्रेस के 'फ्लैशर लाइट सिग्नल' को देखने के बाद ब्रेक लगाए। उन्होंने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा, ''हालांकि, पटरियों के घुमावदार होने के कारण ट्रेन (कर्नाटक एक्सप्रेस) की दृश्यता और इसके ब्रेक लगने की दूरी प्रभावित हुई।

100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलती

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस खंड पर ट्रेन 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलती हैं। सीआरएस (सेंट्रल सर्किल) मनोज अरोड़ा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वह बृहस्पतिवार की सुबह मुंबई से 400 किलोमीटर दूर पचोरा के निकट परधाडे और माहेजी रेलवे स्टेशनों के बीच दुर्घटना स्थल पर पहुंचेंगे। अरोड़ा ने कहा कि यात्रियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

कैसे हुआ हादसा?

- पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी
- पुष्पक एक्सप्रेस परांडा रेलवे स्टेशन के पास पहुंची
- तभी ट्रेन के मोटरमैन ने ब्रेक लगाया तो पहियों से चिंगारियां निकलने लगी
- पहले पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई
- आग लगने की अफवाह के कारण किसी ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई
- अफवाह के बाद ट्रेन में सवार यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे
- बीच सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई लोगों को रौंद दिया

13 लोगों की मौत हो गई

सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ डॉ। स्वनिल के अनुसार, पुष्पक एक्सप्रेस जो लखनऊ से मुंबई आ रही थी। इसी दौरान कुछ यात्री ट्रैक पर उतर गए थे। इस दौरान, दूसरी दिशा से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में कुछ यात्री आ गए। ट्रेन में 'ष्टक्क' यानी अलार्म चेन पुलिंग भी की गई थी। लेकिन चेन पुलिंग के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। रेलवे अधिकारियों से इस बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

रेलवे अधिकारी ने क्या कहा?

रेलवे अधिकारी ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी। एसीपी हुआ और लोग ट्रैक पर आ गए। तभी कर्नाटक एक्सप्रेस ने उन्हें कुचल दिया। यह आग थी या कोई अन्य अफवाह, हम जांच इसकी जांत रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि ट्रेन में कोई आग नहीं थी।

कपिल शर्मा, राजपाल यादव सहित चार कलाकारों को मिली धमकी

पाकिस्तान से किया गया ईमेल

मुंबई/ए.। कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत बॉलीवुड के तीन कलाकारों को ईमेल कर धमकी देने का एक मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार कपिल शर्मा के अलावा जिन कलाकारों को धमकी दी गई है उनमें राजपाल यादव, रेमो डिसूजा और सुगंधा मिश्रा शामिल हैं।

कलाकारों को मिली धमकी को लेकर मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर अपनी जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजपाल यादव और सुगंधा मिश्रा ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है जबकि रेमो डिसूजा ने भी शिकायत दी है। सूत्रों के मुताबिक सभी कलाकारों को ईमेल के जरिए ये धमकी मिली है और ईमेल के अंत में बिश्नोई नाम लिखा हुआ है। सूत्रों ने दावा किया है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ईमेल पाकिस्तान से किया गया था। इस मामले में फिलहाल आगे जांच की जा रही है।

तीनों के भेजा गया ये ईमेल -

तीनों को जो धमकी वाला ईमेल भेजा गया है उसमें लिखा है, हम आपकी ताजा गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं और हमारा मानना है कि यह जरूरी है कि हम एक संवेदनशील मामले को आपके ध्यान में लाएं। यह कोई पब्लिसिटी स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मैसेज को गंभीरता और गोपनीयता के साथ लें। ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं जो आपके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। हम आपसे अगले 8 घंटों के भीतर त्वरित प्रतिक्रिया की अपेक्षा करते हैं। यदि हमें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, और हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

महाकुम्भ के दौरान संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

महाकुम्भ (वार्ता)। महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं। गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है।

नगर के विकास हेतु सटीक निर्णय लेने का समय : डॉ पण्ड्या

हरिद्वार/नवप्रदेश। शांतिकुंज परिवार ने नगर निकाय चुनाव में उत्साहपूर्वक अपने नागरिक कर्त्तव्य का निर्वहन किया। शांतिकुंज कार्यकर्ताओं ने जय देवसिंह संस्कृत महाविद्यालय सप्तऋषि व अक्षरधाम पहुँचकर अपना मतदान किया। अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या जी एवं श्रद्धेया शैल दीदी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हर व्यक्ति अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करें। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने नगर के विकास के लिए सटीक निर्णय लें और अपने वोट से समाज के लिए अच्छे नेतृत्व का चयन करें। शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरी, गायत्री विद्यापीठ की व्यवस्था मण्डल प्रमुख शैफाली पण्ड्या सहित शांतिकुंज परिवार ने अपना मतदान किया।

महाकुंभः 25 सेक्टरों के सफाई कर्मियों को ध्यान, प्राणायाम से तनावमुक्ति की सौगात

■ श्री श्री रवि शंकर की संस्था कर रही है निःशुल्क नवचेतना शिविर का आयोजन

प्रयागराज/नवप्रदेश। महाकुम्भ में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के मार्गदर्शन में उनकी संस्था आर्ट ऑफलिविंग, कुम्भ क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों के लिए निःशुल्क नवचेतना शिविर का आयोजन कर रही है। यह शिविर 21 जनवरी से 26 फरवरी तक की अवधि में कुम्भ नगर क्षेत्र के सभी 25 सेक्टरों के सफाई कर्मियों के लिए निःशुल्क आयोजित किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश स्तर के निदेशक एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रदीप पाठक ने जानकारी देते हुए बताया, नवचेतना शिविर कार्यक्रम, सफाई कर्मियों के मानसिक और शारीरिक सशक्तिकरण के माध्यम से आंतरिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के 60 से 70 अनुभवी प्रशिक्षक प्राणायाम, ध्यान, नशामुक्ति और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सफाई कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रत्येक शिविर तीन दिनों तक, प्रतिदिन लगभग 2 से 2.30 घंटे तक चलेगा। बतौर प्रदीप पाठक आर्ट ऑफ लिविंग के नवचेतना शिविर में आर्थिक रूप से कमज़ोर समुदायों को निःशुल्क ध्यान, प्राणायाम के साथ-साथ भीतरी और बाहरी स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता शामिल है। इसके साथ ही उन्हें समुदाय के साथ मिलकर समाज में कुछ बड़ा और सकारात्मक करने के लिए आवश्यक ज्ञान और तकनीकें सिखाई जाती हैं जिससे उनके भीतर आत्मविश्वास, मानसिक स्पष्टता और जिम्मेदारी लेने की भावना का संचार होता है।

इंसानियत शर्मसार

एक पूर्व सैनिक पर पत्नी की हत्या का आरोप लगा

शादी, तकरार और हत्या, पत्नी की लाश के टुकड़े कर प्रेशर कुकर में डाला और फिर पका दिया

हैदराबाद/ए.। हत्या कर लाश के टुकड़े कर देने की घटनाएं जैसे आम होने लगी हैं। श्रद्धा मर्डर केस के बाद से इस तरह की कई घटनाएं अब तक सामने आ चुकी हैं, जब महिला की हत्या कर उसकी लाश के टुकड़े कर दिए गए हों।

अब एक बार फिर ऐसा मामला देखने को मिला है। हैदराबाद में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। एक पूर्व सैनिक पर पत्नी की हत्या का आरोप लगा है। इतना ही नहीं उस पर आरोप है कि उसने पत्नी के शरीर के छोटे-छोटे टुकड़े किए और उनको ठिकाने लगाने के लिए इन टुकड़ों को प्रेशर कुकर में डालकर पका दिया। आरोपी ने लाश के टुकड़ों के पकाने के बाद मीरपेट झील में फेंक दिया। कहा जा रहा है कि उसने ये सब इसलिए किया ताकि मृत शरीर को ठिकाने लगाना आसान हो और किसी को उस पर शक भी न हो। हालांकि पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है।

पत्नी की लाश के टुकड़े कर पकाने का आरोप

मृतक महिला का नाम वेंकट माधवी है। परिवार का कहना है कि वह 16 जनवरी को लापता हो गई थी, जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी के मुताबिक, दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहे थे। आरोपी डीआरडीओ में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करता है। इस कपल के दो बच्चे भी हैं।

मुंबई में लाश को मिक्सी में पीसने की घटना

इसी तरह की एक घटना साल 2023 में मुंबई के पास मीरा रोड से भी सामने आई थी। वहां पर एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर को पहले बेरहमी से मारा और फिर उसके शव के टुकड़े कर दिए थे। जानकारी के मुताबिक लाश को ठिकाने लगाने के लिए कटर मशीन से लाश के टुकड़े किए गए थे और फिर इन टुकड़ों को मिक्सर ग्राइंडर में पीस कर प्रेशर कुकर में पका दिया था। यह घटना दिल दहला देने वाली थी।

लाश के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाला

अब इसी तरह की घटना एक बार फिर से हैदराबाद से सामने आई है। यहां पर एक शख्स पर अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव के टुकड़े कर प्रेशर कुकर में उबालने का आरोप है। पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है और सच्चाई का पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है।

चोरी के शक में महिला और तीन बेटियों का मुंह काला कर घुमाया

लुधियाना। लुधियाना के बहादुरके रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक महिला और उसकी तीन बेटियों के चेहरे काले करके तथा उनके गले में तख्तियां लटकाकर घुमाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तख्तियों पर लिखा था कि 'मैं चोर हूं'। पुलिस अधिकारियों कि महिलाओं को इस संदेह पर 'दंडित' किया गया कि उन्होंने उस कारखाने से कपड़े चुराए हैं। जहां वे काम करती थीं। उन्होंने बताया कि कारखाने के मालिक, उसके प्रबंधक और घटना का वीडियो बनाने वाले एक अन्य व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने महिलाओं को कारखाना परिसर में बंधक बनाकर रखा, उनके चेहरे पर कालिख पोत दी और उन्हें तख्तियां पहना दीं, जिन पर लिखा था: 'मैं चोर हूं। मैं अपनी गलती स्वीकार करती हूं।' घटना का वीडियो ऑनलाइन सामने आने के बाद काफी आक्रोश फैल गया और पुलिस ने मामला दर्ज किया। सहायक पुलिस आयुक्त दविंदर चौधरी ने बताया कि कारखाने के मालिक परविंदर सिंह, प्रबंधक मनप्रीत सिंह और इस कृत्य का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने वाले मुहम्मद कैश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव-2025, बिलासपुर जिले में धारा-163 प्रभावशील

घातक हथियार, आपत्तिजनक नारे व सार्वजनिक स्थलों पर सभाएं होंगी प्रतिबंधित: कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में लोक परिशांति बनाए रखने एवं निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय आवश्यक है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है- बिलासपुर जिले के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री को किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाएँ एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य के सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव, मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगडापन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति अथवा दल भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

शासकीय भवनों में राजनीतिक दलों को ठहरने के नियमों का करना होगा पालन

नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण ने नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 की घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्ति की तिथि तक कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि को शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस, छत्तीसगढ़ भवन आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनैतिक उद्देश्य से ठहरने या राजनैतिक गतिविधियां करने पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार किसी राजनैतिक व्यक्ति को भवन की आवश्यकता है तो उसे निर्धारित राशि जमा कर ठहरने की अनुमति दी जाएगी।

प्रचार वाहनों की अनुमति के लिए राजस्व अधिकारी अधिकृत

सभा एवं प्रचार वाहनों की अनुमति के लिए जिला कार्यालय में पदस्थ राजस्व अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण के आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अनुपालन में चुनाव प्रचार सभाओं एवं प्रचार वाहनों में लाउडस्पीकरों के उपयोग, चुनाव सभाओं के आयोजन, जुलूस, रैली, रोड शो आदि निकालने, वाहनों की अनुमति देने जिला मुख्यालय की नगर पालिका क्षेत्र हेतु एसडीएम, एसडीएम मुख्यालयों की नगर पालिका क्षेत्र हेतु संबंधित एसडीएम, तहसील मुख्यालयों की नगर पालिका क्षेत्र हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी एवं उप तहसील मुख्यालयों की नगर पालिका क्षेत्र हेतु अतिरिक्त तहसीदार, नायब तहसीदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

हथियार दिखाकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

मस्तूरी/नवप्रदेश। धारदार हथियार लहराकर आने जाने वाले लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को पचपेड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से धारदार फरसा जब्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाशों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग भ्रमण की जा रही है कि आज सूचना मिला कि भूरकुण्डा तालाब के पास आम जगह में एक व्यक्ति लोहे का फरसा रखकर लहराते हुये आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है, उक्त सूचना के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उदयन बेहार एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल को अवगत कराया जाकर उनके मार्ग दर्शन एवं प्रभारी श्रवण कुमार टंडन के निर्देशन में टीम तैयार कर मौके पर भेजा गया जिनके द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी सोन साय साहू के कब्जे से धारदार फरसा बरामद कर आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से परिपूर्ण हैं इरजा कुरैशी

जागरूकता की मिसाल ऐसी की शासन की तमाम योजनाओं का लाभ ले रही एक साल की बच्ची

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर में व्यापार विहार स्थित नगर निगम कॉलोनी में रहने वाले कुरैशी परिवार की नहीं बच्ची के नाम एक से बढ़कर अवॉर्ड दर्ज है। इस कीर्तिमानी बच्ची के नाम पर तमाम तरह के शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रमाण के साथ ही कई नेशनल और इंटरनेशनल अवॉर्ड भी दर्ज हैं। दरअसल यह पूरा मामला परिवार की जागरूकता का है। जब इंसान चाह लेता है तो शासन की तमाम योजनाओ का लाभ उन्हें मिल जाता है। मगर आज के समय में या तो लोगों को योजना की जानकारी नहीं होती है या फिर जानकारी होने के बाद भी लोग उसका फायदा उठाना नहीं चाहते है। महाराणा प्रताप चौक के पास रहने वाले आर्किटेक्ट पिता अलफरहान और माता स्वालेहा कुरैशी ने गुरुवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि अपनी एक वर्षीय बेटी इरजा कुरैशी को शासन की कमोबेश सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया है। कम उम्र में बच्चों को जो योजनाएं शासन की ओर से दी जा रही हैं लगभग सभी की सभी का इस परिवार ने लाभ लेकर जागरूक परिवार होने का प्रमाण दिया है। आधार कार्ड से लेकर जन्म प्रमाण पत्र,सुकन्या समृद्धि योजना,पासपोर्ट,आंगनबाड़ी योजना,पेन कार्ड जैसे लगभग 42 प्रकार के प्रमाणपत्र की यह बच्ची धारक है। बिलासपुर शहर की नन्ही सी इस बेटी को सात आठ माह से ही योजनाओं का लाभ मिलने लगा था। जन्म के एक साल के भीतर छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर छत्तीसगढ़ की बेटी होने का गौरव हासिल किया है। आज इस कठिन दौर में जागरूकता के अभाव में जहां लोग दैनंदिनी समस्याओं से जूझते हुए जीवन यापन करते हैं वहीं शासन विभिन्न योजनाओं का संचालन कर आम जनता को सहयोग करने का प्रयास करता है,मगर जानकारी के अभाव में लोगों का यहां तक पहुंच पाना अत्यंत दुर्लभ रास्ते से होकर गुजरने जैसा है। इस बेटी के नाम से बिलासपुर छत्तीसगढ़ का नाम विश्वस्तरीय जन जागरूकता के रूप में जाना जा रहा है।

योजनाओं का लाभ सबको उठाना चाहिए

बच्ची के दादा फरीद कुरैशी और दादी आशिया कुरैशी ने खुशी जताते हुए कहा कि बच्ची का पूरा परिवार जागरूक परिवार है,इसलिए उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उसे दिलाने में अपना योगदान दिया है। इसी तरह तमाम लोग भी अगर शासन की इतनी सारी योजनाएं हैं उसका लाभ ले लें तो शासन की स्कीम सफल हो जाएगी। इसलिए हर इंसान को अपने अधिकार कर्तव्य के साथ-साथ शासन की योजनाओं की भी जानकारी होनी चाहिए और उसका लाभ लेकर शासन के नेक मकसद में अपना हाथ बटाना चाहिए।

जनता में अशांति फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले आरोपी को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक धारदार हथियार लहराकर आने जाने वाले लोगो को भयभीत कर रहा था।आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू जब्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाशों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु थाना क्षेत्र में लगातार स्ट्रीट/संध्या पेट्रोलिंग करने निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग एवं स्ट्रीट भ्रमण की जा रही है कि 22 जनवरी को सूचना मिला कि ईमलीभाठा रोड लिंगियाडीह आम जगह में एक व्यक्ति लोहे का चाकू रखकर लहराते हुये आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उक्त सूचना के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल को अवगत कराया जाकर उनके मार्ग दर्शन एवं प्रभारी निरी. नीलेश पाण्डेय के निर्देशन में टीम तैयार कर मौके पर भेजा गया जिनके द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी रोशन श्रीवास के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

सिम्स में डॉक्टरों ने बेसहारा मरीज के हिप्स का किया रिप्लसमेंट

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल में बेसहारा मरीज का हिप (कूल्हे) ट्रांसप्लांट किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को अज्ञात व्यक्ति को सिम्स चिकित्सालय में लावारिस अवस्था में भर्ती करवाया गया, चिकित्सकीय निरीक्षण में पता चला कि उक्त व्यक्ति की कूल्हे की हड्डी टूट गई है। व्यक्ति ने अपना नाम नवल प्रसाद नायक 55 वर्षीय बताया, मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्थि विभाग में तत्काल इलाज शुरू किया गया। मरीज के साथ कोई भी परीजन व दस्तावेज न होने की जानकारी होने पर हड्डी रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर व यूनिट इंचार्ज डॉक्टर तरुण सिंह ने यह जानकारी सिम्स चिकित्सालय के अधिष्ठाता डॉक्टर रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लखन सिंह विभागाध्यक्ष डॉ ए आर बेन को दी, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए अधिष्ठाता एवं चिकित्सा अधीक्षक ने ब्लड एवं इंप्लांट की सुविधा निःशुल्क में देने के आदेश किया, इसके पश्चात डॉक्टर तरुण सिंह एवं टीम ने डॉक्टर ए आर बेन के मार्गदर्शन में मरीज का सफल ऑपरेशन किया टीम में डॉक्टर तरुण सिंह डॉक्टर सोमेश एवं डॉक्टर सागर, नर्सिंग स्टाफ योगेश्वरी और सुधा के सहयोग से दो घंटे मे सफल आपरेशन कर मरीज को अपने पैरों से धीरे धीरे चलने के लायक किया और मरीज को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई।

सिम्स में गंभीर बीमारियों का हो रहा सफल इलाज

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में डाक्टरों की टीम द्वारा बड़े से बड़े आपरेशन किए जा रहे हैं। सिम्स में गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क इलाज अस्पताल प्रबंधन द्वारा किया जाता है। बड़े निजी अस्पतालों की तर्ज पर सिम्स के डाक्टर भी टीम के साथ गंभीर बीमारियों का सफल इलाज व आपरेशन करने में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

झाराडीह समपार 28 को रहेगा बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-झाराडीह स्टेशनों के मध्य किमी 624/07-09 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 316 झाराडीह फाटक को 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है।उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग खरसिया फाटक से उपलब्ध है।

सुभाषचंद्र बोस एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे: पाण्डेय

■ **कांग्रेसजनों ने बोस की मनाई जयंती**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई और उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे ,जो हर स्थिति में आज़ादी चाह रहे थे। उन्होंने विश्व के कई राष्ट्राध्यक्षो से सम्पर्क किया, जिसमे हिटलर भी थे। उन्होंने आज़ाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजो के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की पर प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण अज़ादहिन्द फौज की सेना बीमार ग्रस्त हो गई । जो लोग आज बोस को अपना बताने की कोशिश कर रहे है उनके पूर्वज आज़ाद हिंद फौज के विरोध करते थे। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि बोस ने कालजयी नारा दिया। दिल्ली चलो तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा, जय हिंद वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने पर वैचारिक मतभेदों के कारण 1939 में फारवर्ड ब्लॉक की गठन कर अपने विचारों को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, विनोद शर्मा, विनोद साहू, त्रिभुवन कश्यप, मनोज शर्मा, संगीत मोइत्रा, गौरव एरी,राम दुलारे रजक, राज कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

समाज की प्रगति में नारी शक्ति व शिक्षा अनिवार्य: कैवर्त

गुहा निषाद राज जयंती व बिलासा देवी स्मृति दिवस मनाया

मस्तूरी/नवप्रदेश। धार्मिक नगरी मल्हार में गुहा निषाद राज जयंती एवं वीरांगना बिलासा देवी स्मृति दिवस राधाकृष्ण मंदिर ढभहापारा मल्हार में हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसकी मुख्य अतिथि ज्योति निषाद महिला जिलाध्यक्ष निषाद केवट समाज बिलासपुर थी, जिसने अपने सम्बोधन में कहा शिक्षा और नारी शक्ति को समाज में जागरूकता पर जोर दिए जाना चाहिए। साथ ही श्री गुहा निषाद राज की महिमा का गुणगान किया और वीरांगना बिलासा देवी की वीरता को समाज के सामने बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर प्रसाद कैवर्त अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज बिलासपुर किया और सम्बोधन में में शिक्षा को अनिवार्य बताया, शिक्षा से ही समाज प्रगति की ओर जायेगा और साथ ही प्रशासन में भागीदारी होने से ही समाज का विकास हो पायेगा। पंच से लेकर सांसद तक बनने पर जोर दिया गया और युवा एवं महिला समाज प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि बिलासा शहर में दो -दो छात्रावास है जो बच्चो को प्रतियोगिता परीक्षा तैयारी करनी हो वह बेझिझक सम्पर्क कर छात्रावास में प्रवेश पा सकते है और प्रतियोगिता परीक्षा की अच्छे से तैयारी कर सकते हैं। कार्यक्रम में धनेश केवट संभाग अध्यक्ष और लक्ष्मी प्रसाद केवट अध्यक्ष जाली लगरा गद्दी ने समाज को सम्बोधित किये। रामेश्वर कैवर्त महासचिव शिवरीनारायण, भरत लाल केवट (प्रदेश युवा प्रभाग महामंत्री), जनता राम कैवर्त (गुरूजी) (कोषाध्यक्ष बिलासपुर परिक्षेत्र), शत्रुघ्न कैवर्त (सचिव निषाद समाज), राम सागर निषाद (अध्यक्ष मुल आदीवासी), शिव लोचन कैवर्त, डी आर कैवर्त (अध्यक्ष मल्हार) निलेश कैवर्त आदि उपस्थित थे।

जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष विद्यार्थी योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष विद्यार्थी योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2025-26 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 23 मार्च रविवार दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक ऐसे प्रतिभावान छात्र, छात्राएं जो छग में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा पांचवीं में नियमित अध्ययनरत् हो व जिन्होंने कक्षा चौथी की परीक्षा में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। जिनके पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू. 2.50 लाख, दो लाख पचास हजार से अधिक न हो जो ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययरत हो, ऐसे विद्यार्थी ही इस योजना के तहत आवेदन कर सकेगें। प्रवेश के लिए जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में लिखित परीक्षा 23 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जावेगी।

निरीक्षण

रेलवे महाप्रबंधक ने विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र और उसलापुर का किया निरीक्षण

लोको इंस्पेक्टरों की समस्याओं, सुझावों और प्रशिक्षण गुणवत्ता पर की चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, तरुण प्रकाश ने आज विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र, उसलापुर का निरीक्षण किया और भारतीय रेलवे में विद्युत ट्रैक्शन के 100 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

यह केंद्र भारतीय रेलवे के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है, जहां विद्युत इंजन संचालन, रखरखाव, और रेल परिचालन की रीढ़ कहे जाने वाले तथा संरक्षा से जुड़े रेल चालकों एवं परिचालकों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध संसाधनों और प्रक्रियाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने लोको इंस्पेक्टरों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को लेकर चर्चा की। केंद्र में उपलब्ध आधुनिक सिमुलेटर, प्रायोगिक कक्षाएं और चालकों के लिए बनाए गए बोगी मॉडल का अवलोकन करते हुए उन्होंने इनकी प्रशंसा की और इन्हें और उन्नत बनाने के निर्देश दिए। तरुण प्रकाश ने प्रशिक्षण केंद्र के विस्तार की महत्वाकांक्षी परियोजना पर भी चर्चा की और इसके विकास के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विद्युत ट्रैक्शन के 100 गौरवशाली वर्षों का उत्सव मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। महाप्रबंधक ने कहा कि यह अवसर भारतीय रेलवे के लिए गौरव का क्षण है और इस प्रशिक्षण केंद्र का योगदान इस सफर को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। विद्युत लोको प्रशिक्षण केन्द्र उसलापुर में आधुनिक सिमुलेटर उपलब्ध है, जो कि प्रशिक्षणार्थियों को सटीक और वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव प्रदान करने के लिए उच्च तकनीक आधारित हैं।

तकनीकी दक्षता में सुधार

महाप्रबंधक ने कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल तकनीकी दक्षता में सुधार कर रहा है, बल्कि भारतीय रेलवे की संरक्षा और संचालन को मजबूत करने में भी योगदान दे रहा है। इस अवसर पर आर के तिवारी, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर, एस. के. सोलंकी, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजमल खोईवाल, मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर उपस्थित थे।

सुविचार

कोई आपके रास्ते में गड्ढा खोदे तो उससे नाराज न हों क्योंकि ऐसे लोग ही आपको छलांग लगाना सिखाते हैं। अज्ञात

दिलचस्प होता दिल्ली का चुनावी दंगल

नई दिल्ली विधानसभा का चुनावी दंगल दिलचस्प होता जा रहा है। सत्तारूढ़ आम आमदी पार्टी और भाजपा के साथ ही कांग्रेस ने भी अपने अपने चुनावी घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं की भरमार कर दी है। वहीं तीनों ही पार्टियों के नेता एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी ने मीडिल क्लास के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया है और केन्द्र सरकार के सामने 7 मांगे रखी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार ने मीडिल क्लास को अपना एटीएम बनाकर रखा है। जिनके टैक्स के पैसों से सरकार खजाना भरता है लेकिन केन्द्र सरकार इस मीडिल क्लास के लिए कुछ नहीं करती। उन्होंने मांग की है कि मीडिल क्लास के बच्चों के लिए भी निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराई जानी चाहिए। साथ ही इनकम टैक्स की सीमा में छूट को 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया जाना चाहिए और आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाई जानी चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने मीडिल क्लास के वोटों को साधने के लिए घोषणा की है कि उनकी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मीडिल क्लास की आवाज को बुलन्द करेगी। गौरतलब है कि सभी राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी घोषणापत्रों में गरीबों को ही रियायत देने वाली घोषणाएं करती हैं। मीडिल क्लास की कोई सुध नहीं लेता। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मीडिल क्लास की चिंता कर नया दांव चला है। इससे उन्हें मीडिल क्लास का कितना समर्थन मिल पाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएग। इधर आम आदमी पार्टी की रेवड़ी बांटने वाली योजनाओं पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है और कहा है कि दिल्ली के दंगल में अपनी हार से डरी हुई आम आदमी पार्टी नित नई घोषणाएं कर रही है। जबकि उसने आयुषमान जैसी केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के बाशिंदों को वंचित रखने का पाप किया है। कांग्रेस पार्टी भी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी अब नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में सक्रिय हो गये हैं और रैली करके आम आदमी पार्टी तथा भाजपा दोनों पर ही निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस बार जिस मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रही है उससे आम आदमी पार्टी बौखला गई है। अरविंद केजरीवाल ने तो यह आरोप लगा दिया है कि कांग्रेस पार्टी जितने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है बल्कि आम आदमी पार्टी के वोट काटकर भाजपा को जिताना चाहती है। उनके इस बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने उनसे सवाल किया है कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में क्यूं चुनाव लड़ा था, वहां भी वह एक भी सीट नहीं जीत पाई थी तो क्या यह माना जाये कि आम आदमी पार्टी ने जीतने के लिए हरियाणा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था और उसका मकसद कांग्रेस के वोटे काटकर भाजपा को जिताना था। गौरतलब है कि जब से नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ सीटों पर बंटवारा न कर अकेले अपने दम पर चुनाव लड़नी की घोषणा की है। तभी से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग हो रही है। जो दिन ब दिन तेज होती जा रही है। अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि नई दिल्ली के दंगल में त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। कांग्रेस जिस गंभीरता से यह चुनाव लड़ रही है, उससे आम आदमी पार्टी की चिंता बढ़ रही है। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने पिछले एक दशक से कांग्रेस के ही वोट बैंक पर कब्जा किया हुआ है। अब उसे अपने वोट बैंक में सेंध लगने का खतरा नजर आ रहा है। इसीलिए आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर बीजेपी की बी टीम होने का निराधार आरोप लगाने में लगी है, कुल मिलाकर नई दिल्ली का चुनावी दंगल दिलचस्प होता जा रहा है।

आग लगने की अफवाह के चलते दुखद हादसा

अफवाहें जिनका न तो सिर होता है न ही पैर लेकिन वे इतनी तेजी से फैलती हैं कि उसकी वजह से लोग बेमौत मारे जाते हैं। महाराष्ट्र के जलगांव में भी ऐसी ही एक अफवाह 12 लोगों के असमय ही मौत का कारण बन गई। पुष्पक ऐक्सप्रेस में आग लगनी की अफवाह ऐसी फैली की उस ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। जिसकी वजह से कई लोग चलती ट्रेन से बाहर कूदने लगे और दूसरी ट्रैक से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस दुखद दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। महाराष्ट्र सरकार और केन्द्र सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणाा की है। वहीं घायलों के निःशुल्क उपचार की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेल मंत्रालय ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस तरह का हादसा यह बताता है कि अफवाह कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। कोई बड़ी बात नहीं की ऐसी घातक अफवाह उड़ाने के पीछे किसी अराजकतत्व का हाथ हो। गौरतलब है कि पूर्व में रेल पटरियों पर पत्थर, बोल्डर और गैस सिलेन्डर आदि रखकर ट्रेनों को पलटाने की असफल कोशिशें की गई थीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने रेल पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया था। इसके बाद से रेल पलटाने की घटनाओं पर विराम लग गया है। ऐसे ही अराजकतत्व अब ट्रेन में अफवाह फैलाकर ऐसी दुखद घटनाओं को अंजाम देने की साजिश कर रहे हों तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। बहरहाल घटना की उच्चस्तरीय जांच के बाद इस दुर्घटना के कारण का खुलासा हो पाएगा।

रमेश सर्राफ

बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिए सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे।

24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष

बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिंता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गई है।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है, जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा।

ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देंगे। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पाएगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिए लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकाएं भी हैं, जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है।

इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकाएं कहीं भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेड़िये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हें जब भी मौका मिलता है, नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पाएंगी। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए। इसमें बालिकाएं खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पाएगी, तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1857 में 24 जनवरी के दिन ही भारत के कोलकाता शहर में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की स्थापना की गई थी। 1859 में आज ही के दिन 230 मीटर गहराई तक तेल के लिए खोदे गए कुएं से पहली बार तेल निकला था। 1862 में 24 जनवरी के दिन ही बुखारेस्ट को रोमानिया की राजधानी बनाया गया था। 1950 में आज ही के दिन संविधान सभा ने राजेंद्र प्रसाद को देश का पहला राष्ट्रपति चुना था। 1950 में 24 जनवरी के दिन ही जन-गण-मन को भारत के राष्ट्रगान का दर्जा मिला था। 1951 में आज ही के दिन प्रेम माथुर भारत की पहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं थीं। 1952 में 24 जनवरी के दिन ही बंबई में पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन हुआ था। 1979 में आज ही के दिन नेवादा में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया था। 1990 में 24 जनवरी के दिन ही जापान ने पहला लूनर प्रोब लॉन्च किया था। 1993 में आज ही के दिन सोयूज टी.एम. 16 प्रक्षेपित किया गया था। 1996 में 24 जनवरी के दन ही अमेरिका के इतिहास में पहली बार देश की प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आरती करते

आरती करते अचानक मन किया कल शाम को स्नान कर आऊँ महाकुंभ रख हृदय में राम को ले लिया मैंने टिकट परिवार का भी साथ में जा रहा मैं स्नान करने अब तो संगम धाम को

– संजय कुमार गिरि

पान मसाला मुझे

पान मसाला मुझे ऐसे लगता है हमारे देश की 40% जनता खाती ही होगी मेरे पास कोई पान मसाला खा कर खड़ा हो तो सर (चढ़) भारी हो जाता है मन अजीब सा होता है सोचती हूं कि लोग खाते ही क्यों हैं शरीर का नुकसान और तो और पैसे का भी नुकसान।

– सुनिता पुष्पराज पांडेय

खास पाती | जेकर संग कोस भर अड़कट्टा दउँड़

जेकर संग कोस भर अड़कट्टा दउँड़ देवन खँड़ भर नदिया ल एकसँस्सू तउर देवन वो संगी के अब कुछू सोर नइ मिलत हे कोन मेर लथर के परे हँफरत हे सिरतोन उमर संगी अब उहू झरत हे सुरता हे मोला वो मँझनिया भर किंजरना ए खार ले वो खार बमरी पेंड़ म लासा हुदरना कोस भर बजार जाके वोला तउलना अउ बेंचना फेर उही संगी अब अपटे धरत हे पाँव के पनही घलो वोला गरू लगत हे. सिरतोन उमर संग अब उहू झरत हे.. मुचमुची गोठ अउ मया के पाती बदला म एकर वो अब बीमा के नवा योजना पढ़त हे जमा-पूंजी के सरेखा संग बेटा-बेटी के सपना गढ़त हे नोनी के बिदा ले उबरिस त बाबू खातिर अँगरी के पोर गनत हे सिरतोन उमर संग अब उहू झरत हे... **– कवि सुशील भोले**

रोजी-रोटी की हुई, जबसे पूर्ण तलाश

रोजी-रोटी की हुई, जबसे पूर्ण तलाश। दिल उछले है बल्लियों,मुट्ठी में आकाश।। मुट्ठी में आकाश ,मगर है चिंता भारी। जाना घर से दूर ,खेलनी नूतन पारी। बहुत बड़ी है बात ,नहीं ये छोटी-मोटी। छूट गया परिवार,मिली बस रोजी-रोटी।। **– डॉ बिपिन पाण्डेय**

लुक छुप के देखने का, अन्दाज़ दो मुझे

लुक छुप के देखने का, अन्दाज़ दो मुझे तुम मैं रागिनी तुम्हारी, अब साज़ दो मुझे तुम मुझको है ये पता तुम, मुझको ही चाहते हो खोलो न पंख अपने, परवाज़ दो मुझे तुम सारी झिझक मिटा कर, दुनिया के सामने अब,अपना कहो मुझे तुम, आवाज़ दो मुझे तुम आवाज़ दो मुझे तुम... आवाज़ दो मुझे तुम

–ममता लड़ीवाल

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है, एक झोंका आस का मन में जगा जाती तो है। टूटते तटबंध देखें बढ़ रही है टीस भी, यूँ उमंगों से भरी बल हर लहर खाती तो है। ये निशां कुछ दिख रहें हैं रेत में जो धँस गये, सीपियों से अंक भर के खूब इतराती तो है । कौन कहता सागरों में डूबकर खो जायेगी, खूबियाँ हर रहगुजर को देख इठलाती तो है। जिंदगी का है सफ़र ये नीर की गगरी भरी, ये छलक कर रोज ही कुछ गीत लिखवाती तो है।

– सुमन ओमानिया

ख्वाबों की कहीं कोई कभी सूरत नहीं होती

ख्वाबों की कहीं कोई कभी सूरत नहीं होती। हकीकत में क्यों जीने की आदत नहीं होती।। मसला है जिन्दगी तो हौसले भी साथ हो। गैरों से तो खुद की कभी बरकत नहीं होती।। पत्थर महज पत्थर है मुरत बन नहीं सकता। चोट खाने की गर उसमें ताकत नहीं होती।। ये जिन्दगी रोज खेल खुशी गम का कमल। होता है कहीं कुछ भी अब हैरत नहीं होती।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो – **कमलकांत डोंगरे**

तेरे शाने पे रखा हुआ मेरा यह सर हो,

तेरे शाने पे रखा हुआ मेरा यह सर हो, ऐसी भी कभी काश कोई शाम बसर हो, तुम्हारे पास जाने के तो बहाने बहुत हैं , मैं आऊं तेरे घर ,कोई बहाना अगर हो, कुछ तो गुज़र चुकी है अब तक तुम्हारे बिन, बाकी भी यूँ ही काट लूँ मुझमें जो सबर हो, मंजिल की नहीं मुझको तो रस्तों की तलब है, चलता ही जाऊँ यूं ही जो तू हमसफ़र हो दिन गुज़र ही जाता है ÷इंदु÷किसी तरह रात भी कट जाये ,तेरा साथ अगर हो

– अनु मित्तल

प्रेरक प्रसंग

मृतक को दाह-संस्कार के लिए जाते देख एवं जरा-व्याधि से ग्रस्त व्यक्ति को पीड़ा पाते देख, राजकुमार सिद्धार्थ के मन में वैराग्य का जन्म हुआ। उन्होंने वैराग्य के उन्हीं क्षणों में राजमहल को छोड़ने की तैयारी कर ली। उनके राजमहल छोड़ते समय उनका बालसखा और सहायक चन्ना भी उनके साथ था। सिद्धार्थ व चन्ना दो अश्व लेकर राज्य की सीमा तक पहुँचे। वहाँ पहुँचकर सिद्धार्थ ने तलवार से अपने केश काटे और चन्ना को वापस लौट जाने का आदेश दिया। इसके बाद सिद्धार्थ वन प्रदेश में चले गए, जहाँ उन्हें एक शिकारी मिला। उन्होंने शिकारी से अपने वस्त्रों का आदान-प्रदान करने को कहा, जिसके लिए वह सहर्ष तैयार हो गया। सिद्धार्थ को राजसी वस्त्रों को यों त्यागते देख शिकारी ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो सिद्धार्थ बोले- "मित्र ! जब मैं संन्यास-पथ पर बढ़ चला हूँ तो मुझे उसी के अनुरूप वस्त्र धारण करने चाहिए। कार्य के अनुरूप परिधान होने से मन-मस्तिष्क पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

QUIZ TIME

1) हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफइंडिया किस देश में यूपीआई विकसित करेगा?

2) अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल मिनटमैन-3 किस देश ने विकसित की है?

3) भारतीय मूल के उस लेखक का क्या नाम है जिसके उपन्यास द इनहेरिटेन्स ऑफ लॉस को मैन बुकर पुरस्कार मिला है?

4) जापान में पाया गया युशो रोग किसके कारण प्रदूषण से संबंधित है?

5) हाल ही में हिंदी साहित्य भारती पुरस्कार किसे दिया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पेरू (2) अमेरिका (3) किरण देसाई (4) पीसीबी (5) [illegible]

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, :सूर्यास्तः 18:08, :चन्द्रोदयः 26:27,:चन्द्रास्तः 12:40, :अयन उत्तरायण, ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ, पक्ष : कृष्ण,: तिथि : दशमी, नक्षत्र : अनुराधा, योग : वृद्धि, प्रथम करण : गर (17:37 तक), द्वितीय करण : वणिज (30:26+ तक)।

॥गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मकर, चंद्र : तुला, मंगलः मिथुन (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र :कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), : राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:17 से 13:01, अमृत काल : 19:24 से 11:10, सर्वार्थ सिद्धि योग : 29:08+ से 31:09+, विजय मुहूर्त : 14:29 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त :18:06 से 18:32, सायाह्न सन्ध्या : 18:08 से 19:26, निशिता मुहूर्त : 24:13+ से 25:05+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:17+, राहुकाल : 13:30 से 15:00, गुलिक काल : 09:54 से 11:17, यमगण्ड : 07:10 से 08:32, दुर्मुहूर्त : 10:48 से 11:33, वर्ज्य 08:46 से 10:32, भद्रा 30:36+ से 31:09+, :विंछुड़ो 22:32 से 31:09+, आडल योग : 07:10 से 29:08, विडाल योग : 29:08+ से 31:09+।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण लाभ लेकर आने वाला है।

वृषः आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है।

कर्कःआज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान को किसी नई नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जो लोग सिंगल हैं, उनके जीवन में खुशियां आ सकती हैं।

सिंह : आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है।

कन्याः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलती दिख रही है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको पारिवारिक मामलों को घर में ही सुलझाने की आवश्यकता है।

धनुः आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको किसी जोखिम भरे काम को कल पर टालने से बचना होगा।

मकर : आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आपको समस्या नहीं आएंगी। पारिवारिक जरूरतों पर आप पूरा ध्यान दें।

कुंभः आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 305 का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	मी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

पिस्टल रखने वाले को पुलिस ने आजाद चौक से दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। देशी पिस्टल रखने वाला गुण्डा गिरफ्तार हो गया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई और सोशल मीडिया से जानकारी मिली थी कि थाना आजाद चौक के गुण्डा बदमाश अरूण यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 29 साल पता शिव नगर हाण्डीपारा रायपुर अपने पास अवैध रूप से देशी पिस्टल रखा है। बदमाश द्वारा अपराध घटित करने की आशंका पर थाना आजाद चौक पुलिस त्वरित रवाना हुई तथा घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ा गया। बदमाश के कब्जे से एक देशी पिस्टल चालू हालत में जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। बाद आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 23/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करते हुए जप्त पिस्टल के संबंध में अग्रिम जानकारी एवं पूछताछ हेतु पुलिस रिमाण्ड लिया गया है। बता दें कि उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) दौलतराम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा (भापुसे) के मार्गदर्शन में लगातार सक्रिय बदमाशो एवं अपराधिक तत्वो के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है।

प्रत्याशी चयन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

■ निकाय चुनाव 2025: उम्मीदवारों के नामों पर जल्द लग सकती है मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। कांग्रेस पार्टी की रायपुर जिला की चयन समिति आज बैठक हुई। इस बैठक में प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा की गई, कांग्रेस जिला कार्यालय गांधी मैदान में बैठक में चुनाव जितने की रणनीति पर जोर दिया गया। जिसमें पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे और महापौर ऐजाज ढेबर मौजूद थे। एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय ने कहा बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद हैं. जिला स्तर पर रिपोर्ट बनाकर पीसीसी को सौंपेंगे। पीसीसी को रिपोर्ट बनाकर भेजेंगे और चर्चा करेंगे। ब्लॉक, प्रभारियों की बैठक के बाद जिला स्तर पर बैठक हो रही है। दावेदारों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया जा रहा है। नाम जोड़ने का भी काम जिला की बैठक में हो रहा है। दावेदारों के गुण दोष के आधार पर चर्चा हो रही है। भाजपा को टक्कर देने के लिए पूरे प्रदेश में कांग्रेस जिताऊ और जनाधार वाले नेता को प्रत्याशी बनाने पर फैसला लिया जा सकता है।

रायपुर के कांग्रेस नेता का दीपक बैज को पत्र, ये सब मिले हुए है भाजपा से

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर जारी बैठकों के बीच भितरघात के आरोपों ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। राजधानी रायपुर में अरविंद दिक्षित ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने पीसीसी अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर भितरघातियों की दावेदारी पर विचार न करने का आग्रह किया है? इस पत्र के बाद कांग्रेस में खलबली मच गई है। नवीन चंद्राकर ने अपने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा कि 2019 में सदर बाजार वार्ड से उनकी पत्नी दीपा चंद्राकर को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पूर्व पार्षद मनोज कंदोई ने भितरघात किया था. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने पीसीसी अध्यक्ष से साफ तौर पर कहा कि मनोज कंदोई और सतीश जैन को इस बार प्रत्याशी न बनाया जाए. साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन दोनों के अलावा किसी और को प्रत्याशी बनाया गया, तो उसे जीत दिलाना उनकी जिम्मेदारी होगी। नवीन चंद्राकर ने पत्र में यह आरोप भी लगाया कि 2019 में टिकट नहीं मिलने पर मनोज कंदोई ने

सीजीपीएससी मामला: उद्योगपति श्रवण गोयल को नहीं मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती गड़बड़ी मामले में न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल में बंद आरोपी श्रवण कुमार गोयल की जमानत याचिका खारिज हो गई है। दो दिन चली इस सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलील पेश की। वहीं बुधवार को कोर्ट ने जमानत याचिका निरस्त कर दी है।सुनवाई के दौरान श्रवण गोयल के वकील फैजल रिजवी ने सीबीआई की चार्जशीट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने ने कोर्ट में कहा कि जो पेपर लीक का आरोप लगाया गया है वह गलत है। सीबीआई ने पेपर लीक की कहानी बनाई है। वहीं सीबीआइ के वकील ने अपनी दलील में श्रवण गोयल की भूमिका पर अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों के दलील सुनने के बाद कोर्ट ने श्रवण कुमार गोयल अपराध में संलिप्तता को देखते हुए अपना फैसला सुनाया और जमानत आवेदन खारिज कर दिया।15 जनवरी को हुई पेशी के दौरान रायपुर के स्पेशल कोर्ट ने 7 लोगों को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इनमें टामन सोनवानी, एसके गोयल, टामन के बेटे नीतेश सोनवानी, भतीजे साहिल सोनवानी, उद्योगपति श्रवण गोयल के बेटे और बहू शशांक गोयल और भूमिका कटियार समेत तत्कालीन डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर जेल में है।

निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी में सिख समाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 20 जनवरी से आचार संहिता लागू हो गई है। रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग के प्रमुख अजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके बाद अब सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसी बीच अब निकाय चुनाव को लेकर सिख समाज भी सामने आया है। इस संबंध में सिख समाज ने एक पोस्टर भी जारी किया है। समें समाज ने दावेदारों को बायोडाटा भेजने का आग्रह किया है। जारी पोस्टर में समाज ने कहा कि 'समूचे छत्तीसगढ़ में निवास कर रहे सिख समाज के जो नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद, महापौर, अध्यक्ष या जो भी चुनाव राष्टीय राजनैतिक पार्टी कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी से दावेदार कर रहे हो, हमें अपना बायोडाटा 24 जनवरी तक भेजें। सिख समाज का उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर दावेदारों की सूची सौंपकर समाज के दावेदारों की टिकिट देने का आग्रह करेगा।

हाईवा ने मासूम को कुचला, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना तिल्दा-सिमगा मार्ग पर ग्राम बिलाड़ी के पास की है। मृतक की पहचान मयंक यादव के रूप में हुई है, जो हरीश यदु का पुत्र था। दुर्घटना उस समय हुई जब मयंक अपनी दादी के साथ खेत से घर लौट रहा था। सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने हाइवा को रोक लिया और आक्रोश में सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। तलाश जारी है।

ठंड की विदाई, गर्मी बढ़ने के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की तो बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से प्रदेश में गर्मी बढ़ने लगी है। नमी की वजह से दिन का पारा सामान्य से अधिक देखने को मिली। प्रदेश में अब गर्मी बढ़ने लगी है। रायपुर-बिलासपुर में रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। दुर्ग-अंबिकापुर में रात को हल्की ठंड का एहसास हुआ। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के आसार है। उत्तर भारत में मौसम लगातार बदल रहा है. यहां कभी कोहरा, कभी बारिश तो कभी शीतलहर से परेशान हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बारिश-बर्फबारी का असर देखने को मिल रहा है। दिल्ली एनसीआर में पिछले चार दिनों से मार्च की तरह गर्मी का एहसास हुआ। दिनभर तेज धूप होने से अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक था। लेकिन, बुधवार रात पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाने की वजह से दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई।

लाभांडी में 2 एकड़ में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम ने लिया एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देष पर नगर निगम जोन 9 की टीम ने जोन कमिष्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं मार्गदर्षन में नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के तहत आने वाले लाभांडी में खसरा नंबर 1280 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगभग 2 एकड़ में की जा रही अवैध प्लाटिंग और उसमें प्रगतिरत सीसी रोड निर्माण कार्य को वहां पहुंचकर सीसी रोड को तोडने की कार्यवाही कर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी।

निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित

नगरीय निकाय चुनाव 2025

घोषणा पत्र के लिए जनता के बीच जाने से क्यों डरी कांग्रेस?

■ प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भाजपा ने 2023 में जनता से सुझाव मांगा

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव 2025 का बिगुल बज चुका है। चुनाव के मुद्दों से लेकर प्रत्याशियों के चयन तक राजनीतिक दलों में मंथन का दौर जारी है। घोषणा पत्र तैयार करने कांग्रेस-भाजपा में जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस बीच भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव नहीं मांगे।

दीपक बैज बताए जनता से इतना क्यों डर रहे हैं? मेयर और पार्षद प्रत्याशियों के नाम तय! रायपुर कांग्रेस की हुई बैठक भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आज भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ एक पोस्टर भी जारी किया। इसके एक हिस्से में पूर्व सीएम भूपेश बघेल और दीपक बैज नजर आ रहे हैं। जिसके निचे लिखा है कि कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं से मांगा सुझाव। वहीं दूसरी ओर सीएम साय समेत भाजपा के नेता लोगों के बीच सुझाव मांग रहे हैं। इसके निचे लिखा है कि भाजपा ने जनता से मांगा सुझाव। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ने 2023 में जनता से सुझाव मांगा था। जनता के सुझावों से अपना संकल्प पत्र बनाया और 1 साल में उसे पूरा भी किया। भाजपा अब फिर जनता के बीच जा रही है और कल इसके लिए नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल भी जारी किया है।

बीजेपी से महापौर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन कल

रायपुर/नवप्रदेश। निकाय चुनाव के तारीखों के ऐलान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल बढ़ गई हैं। प्रत्याशियों के चयन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल यानी शुक्रवार को भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है. इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल होने वाली बैठक में महापौर प्रत्याशियों पर चर्चा कर पार्टी फैसला करेगी। प्रत्याशी के चयन की प्रक्रिया संभागीय समिति और प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद होगी. प्रत्याशियों पर भाजपा चुनाव समिति अंतिम फैसला लेगी।

अटकलें है कि 25 जनवरी तक नगर पालिका और पंचायत अध्यक्षों के प्रत्याशी का ऐलान हो सकता है।

रविवार को भी खुलेगा रायपुर निगम दफ्तर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जानकारी दी है कि रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के कक्ष क्रमांक 217 और नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु समस्त प्रकार के कर बकाया के सम्बन्ध में निर्वाचन अदेय प्रमाण पत्र जनप्रतिनिधियों को जारी करने हेतु कुल 11 काउंटर खोले गए हैं. इनमें से किसी भो काउंटर में सम्पर्क कर इच्छुक जनप्रतिनिधि सम्पर्क कर अदेय प्रमाणपत्र प्राप्त करने अपना आवेदन दे सकते हैं. चूंकि दिनांक 28 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु नामांकन दाखिल करने की अंतिम निर्धारित तिथि है। इसलिए इच्छुक जनप्रतिनिधिगण से निर्वाचन अदेय प्रमाणपत्र प्राप्त करने दिनांक 27 जनवरी 2025 को पूर्वांह 10 बजे तक नगर निगम रायपुर के 11 में से किसी भी काउंटर में अपना आवेदन देने की अपील नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा की गयी है , ताकि उन्हें नियत समय के पूर्व नियमानुसार अदेय प्रमाण पत्र निर्वाचन हेतु नगर निगम द्वारा जारी किया जा सके। अंतिम दिन की संभावित भीड़ की असुविधा से बचने तत्काल अदेय प्रमाणपत्र हेतु अपने आवेदन इच्छुक जनप्रतिनिधिगण दे सकते हैं। शनिवार दिनांक 25 जनवरी एवं रविवार दिनांक 26 जनवरी के शासकीय अवकाश दिवस पर भी नगर निगम मुख्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 217 एवं सभी 10 जोन कार्यालय में सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक कार्यालय खुले रहेंगे एवं निर्वाचन अदेय प्रमाणपत्र हेतु आवेदन लिए जायेंगे. समस्त प्रकार के बकाया करों की पूर्ण अदायगी के पश्चात ही नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निर्वाचन अदेय प्रमाणपत्र जारी किये जायेंगे।

आमासिवनी ने मनाई नेताजी सुभाष चंद बोस की 128 वीं जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। सुधा ओपन स्कूल आमासिवनी रायपुर ने पराक्रम दिवस के अवसर पर अपने छात्र और सामाज के लोगो के साथ नेताजी सुभाष चंद बोस की 128 वी जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी रक्त दान दाता नवनीत झा मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। 1964 में जन्मे झा जी अब तक 173 बार रक्त दान कर चुके है और इसका उन्होने एक रिकॉर्ड बनया है ।सुधा संस्था के चेयरमैन जी के भटनागर ने मुख्य अतिथि का स्वागत काफ़ी मग देकर किया और कहा कि हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के मौके पर पराक्रम दिवस मनाते हैं। जो देश भक्ति और पराक्रम के विचारो से हमे प्रेरित कर ते है। नेताजी ने आजाद हिन्द फौज की स्थापन की और अंग्रेजी शासन की चैन छील ली थी। पढ़ाई में वे बहुत मेधावी छात्र थे और उन्होंने सरकारी आईएएस की नौकरी छोड़ कर देश सेवा में लग गए। आज हम सब भारतवासी उनके बलिदान को सदा याद करते रहेगे और देश सेवा का संकल्प ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुधा की अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति गोयल ने कहा कि नेताजी सच्चे देशभक्त थे उन्होंने द्धह्न की स्थापना की। उन् के नारे, जैसे दिल्ली चलो और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने भारतीय राष्ट्रीय सेना के सैनिकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हनुमान जी को महापौर पद की दावेदारी का पर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 21 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस दौरान महापौर पद की दावेदारी को लेकर हलचल काफी तेज हो गई है। महापौर पद की दावेदारी कर रहे नेता वरिष्ठ नेताओं के साथ ही अब भगवान से भी टिकट दिलाने की आस लगा रहे हैं। रायपुर पार्षद सरिता वर्मा ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में अर्जी लगाई है. उन्होंने लिखित पत्र में हनुमान जी से महापौर पद के लिए बीजेपी से टिकट दिलाने की लगाई है. बता दें कि सरिता वर्मा वार्ड क्रमांक 65, महामाया मंदिर वार्ड की पार्षद हैं।

अफसरों की बारी अब, ड्यूटी पर लेट पहुंचे तो खैर नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। 5 डे वर्किंग वीक के बाद भी मंत्रालय से तहसील आफिस के लेट लतीफ अमले पर कसावट का बड़ा असर नजर आ रहा है। न्यू ईयर रेजुलुशन के तहत ठीक 10 बजे शासकीय कामकाज शुरू करने के सीएम विष्णु साय के निर्देशों के बाद राज्य के मंत्रालय पटरी पर आया है। प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के मुताबिक विभागों का बड़ा अमला सुबह 10बजे से पहले ही पहुंचने लगा है। पुराने शहर से सभी स्टाफ बसे 9.50-9.55 तक गेट नंबर 4 आने लगी है। और जो कर्मचारी देर से आ रहे उन्हें सुरक्षा कार्यालय में रखे लेट कमर्स रजिस्टर मे देरी का कारण लिखना पड़ रहा है। ऐसे स्टाफ के लिए जीएडी की तरफ से कुछ नए निर्देश दिए जाने की चर्चा है । कोई अधिकृत आदेश जारी नहीं किया गया है।चर्चा यह है कि लगातार तीन दिन 10.15 बजे आने वाले कर्मचारी अधिकारियों के नाम विभाग प्रमुख को भेजकर ,एक सीएल की कटौती कर दी जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि आफिस ञ्च10 और लेट कमर्स पर सीएल कटिंग को नियम से आला अफसर को छूट दिए जाना उचित नहीं है। जबकि बहुतायत अफसरों का देर से आने का क्रम जारी है।

कार्यक्रम | **जिले के लगभग 25000 पालकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग**

आंगनवाड़ी केंद्रों में ईसीसीई दिवस का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर छत्तीसगढ़ और सहयोगी संस्था एडुवीव फाउंडेशन द्वारा जिले में चलाई जा रही 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट के तहत आज, 22 जनवरी, 2025 को ' जिले के सभी केंद्रों में ECCE दिवस का पुन~ से सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पालकों को आँगनवाड़ी केंद्रों से जोड़कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बच्चों को घर पर गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोजन में रायपुर जिले के लगभग 25000 पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस माह के ईसीसीई दिवस का के तहत प्रमुख विषय सामाजिक और भावनात्मक विकास' का महत्व रहा। इस अवसर पर पालकों को बच्चों के विकास में सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं की भूमिका के बारे में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। पालकों और बच्चों ने एक दूसरे के बारे में सकारात्मक बातें साझा की, एक दूसरे के साथ मिलकर चित्र बनाए और आँगनवाड़ी सुविधादाता ने पालकों के साथ घर में की जाने वाली गतिविधियाँ साझा की। रायपुर जिले के सभी केंद्रों में प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को विभिन्न थीम के आधार पर ईसीसीई दिवस का निरंतर आयोजन किया जाएगा। आँगनवाड़ी केंद्र मोहदी-4 की पालक, मंजू लता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'ईसीसीई कार्यक्रम में भाग लेकर और गतिविधियों में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हुई। मैं आगे भी आयोजित होने वाले ईसीसीई दिवस में अवश्य भाग लूंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर के मार्गदर्शन में ECCE दिवस का सफल आयोजन में जिले के सभी परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पालकों तथा 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट, एडुवीव फाउंडेशन के टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जेल में बंद सौम्या चौरसिया ने एक याचिका वापस ली

रायपुर/नवप्रदेश। कोल लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम की उप सचिव सौम्या चौरसिया ने एक याचिका वापस ली है। यह याचिकी आय से अधिक संपत्ति के एक पुराने मामले की थी। जिसे वापस ले ली है। यह मामला पहले एसीबी कोर्ट में चल रहा था। जहां से उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी थी। जमानत मिलने के बाद, इस मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। बता दें कि ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से च ल - अ च ल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि ये स्कैम करीब 500 करोड़ रुपए का था।

■ न्यूज गैलरी

मतदान प्रक्रिया और आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तार से दी गई जानकारी

जांजगीर-चांपा /नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत ई.व्ही.एम. तथा मतपत्र से मतदान कराने, मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतदान दलों के रवाना होने से लेकर मतदान प्रक्रिया, सीलिंग प्रक्रिया, मतगणना के संबंध में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर , अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार, सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मतदान केन्द्रवार चुनाव संबंधी सामग्री वितरण, मतदान दल का मतदान केन्द्र पर पहुंचे, मतदान प्रारंभ होने के साथ ही संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्टिंग करना, निर्धारित प्रपत्रों को सही तरीके से भरना, चुनाव कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को

जांजगीर-चांपा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 के अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जांजगीर-चांपा की अध्यक्षता में 25 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से ऑडिटोरियम जिला पंचायत के पास जांजगीर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से नाबालिग कन्या का विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम जूनाडीह (बलौदा) थाना व तह. बलौदा में बालिका के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच की जहां बालिका की उम्र 17 वर्ष 02 माह होना पाया गया। साथ ही बालिका के भाई का साथ में विवाह कार्यक्रम होने पर उसके भाई के भी उम्र सत्यापन हेतु अंकसूची की जांच की गई, जिसमें उसकी उम्र 20 वर्ष 06 माह पाया गया। जोकि विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम था। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा बालिकों एवं उनके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं समझाईश के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से बालकों के विवाह को रोका गया एवं लड़कियों के लिए निर्धारित 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए निर्धारित 21 वर्ष के पूर्व विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र में गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कराया गया। दल में एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से पर्यवेक्षक सुश्री प्रीति बघेल, जिला बाल संरक्षण इकाई से डेटा एनालिस्ट श्री धीरज राठौर, आउटरीच वर्कर श्री अमित भोई, चाइल्ड हेल्प लाईन समन्वयक श्री निर्भय सिंह एवं पुलिस थाना बलौदा के टीम उपस्थित थे।

बीएसएफ जवानों ने समय रहते पहुंचाया अस्पताल

अंतागढ़/नवप्रदेश। हायर सेकेंडरी स्कूल, तालाबेडा स्कूल के एक छात्र के लिए 129वीं बीएसएफ व सीओबी एफ कंपनी वरदान साबित हुआ मानवता का परिचय देते हुए उस छात्र को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए कंपनी कमांडर तुरंत स्कूल पहुंचे तथा एम्बुलेंस के लिए वाहिनी मुख्यालय को सूचित किया। 129 वीं वाहिनी मुख्यालय सारंगीपाल से एम्बुलेंस के साथ नर्सिंग सहायक कुछ ही समय में स्कूल पहुंच गए जहां उन्होंने छात्र को प्राथमिक उपचार दिया और उनके रिश्तेदार और स्कूल के एक प्रतिनिधि के साथ स्वर्गीय बद्रीनाथ जिला अस्पताल, नारायणपुर के लिए रवाना हो गए जहां छात्र को भर्ती कर चिकित्सा दी गई एवं अभी उसकी हालत स्थिर है। 129 बटालियन

बीएसएफके द्वारा किए गए इस त्वरित सहायता की बदौलत एक होनहार छात्र को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी और उसका जीवन बचाया जा सका उनकी स्कूल का बारहवीं कक्षा का छात्र चमन लाल देहारी पुत्र श्री कमलेश देहारी, गांव-कोलार, बेहोश हो गया था और उसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी वही लगभग 1500 मीटर की दूरी पर बीएसएफ और सीओबी 129वी बटालियन कंपनी तैनात है करीब 12 बज के 45 मिनट पर स्कूल के प्रिंसिपल एस आर देहारी ने ने बारहवीं के छात्र चमन लाल देहारी की बेहोश होने की खबर 129वीं बटालियन बीएसएफ कंपनी में दी जहां एसी कंपनी कमांडर सुभाष चंद्र झा आए और तुरंत वाहिनी मुख्यालय सरगीपाल को एंबुलेंस के लिए सूचित किया जिससे एम्बुलेंस के साथ नर्सिंग सहायक कुछ ही समय में स्कूल पहुंच गए और प्राथमिक उपचार किया इस नेक कार्य के लिए स्कूल के शिक्षको, ग्रामीणों, छात्र के रिश्तेदारों और स्कूली छात्रों ने 129 बटालियन बीएसएफ द्वारा किए गए कार्य व सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत सदस्य के लिए द्रुपत सिंह राय की मजबूत दावेदारी

बिलाईगढ़-सारंगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ जिला के जिला पंचायत क्षेत्र क्र मांक 11 से अनुसूचित जनजाति के लिए मुक्त सीट के लिए धनसीर के निवासी द्रुपत सिंह राय ने दावेदारी की है।द्रुपत सिंह राय क्षेत्र में आदिवासियों के मजबूत एवं सशक्त चेहरे के रूप में पहचाने जाते हैं।बिलाईगढ़ क्षेत्र में लोगों की मदद के लिए पहचाने जाते हैं श्री राय के जुझारपन के कारण ये हर वर्ग चाहे महिला,पुरुष या युवा सभी के चहेते हैं जिला पंचायत सदस्य के लिए उनकी दावेदारी से इस क्षेत्र में नया राजनीतिक समीकरण बनने

लगा है चूंकि श्री राय ग्राम पटेल एवम वन प्रबंधन समिति से जुड़े है इस कारण प्रत्येक गांव के ग्राम पटेल से एवम इस क्षेत्र के लगभग 17 वन प्रबंधन समिति के सदस्यों से सीधा संपर्क में है जो इनकी जीत के लिये मजबूत आधार तैयार करती है।वर्तमान में श्री राय की पत्नी श्रीमति उमा राय जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के क्षेत्र क्रमांक 9 से जनपद सदस्य है। चूंकि आदिवासियों के लिए इस क्षेत्र में यह एकमात्र रिजर्व सीट है वर्तमान में इस सीट से वर्तमान में ग्राम किसड़ा निवासी ईश्वर सिंह सिदार जिला पंचायत सदस्य है।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

बीजापुर/नवप्रदेश। नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचन की घोषणा हो चुकी है एवं आदर्श आचरण संहिता 20 जनवरी 2025 से निर्वाचन प्रक्रिया समापन तक प्रभावशील रहेगी। सभी अभ्यर्थी एवं उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने अभ्यर्थी के प्रचार-प्रसार के लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते है। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न केवल स्थायी मंच से होता है, वरन वाहनों यथा जीप, कार, ट्रक, टेम्पो, तिपहिया स्कूटर, साईकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी सड़कों गलियों, उपगलियों में चलते है और गांवो, बस्तियों, मोहल्लों, कालोनियों से बहुत ऊँची आवाज पर लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते है। लाउडस्पीकरों का ऊँची आवाज में प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग गम्भीर रूप से अशांत हो जाते है, क्योंकि उनका अध्ययन बाधित होता है। लाउडस्पीकर के अबाध रूप से किये जाने वाले शोर गुल से वृद्ध, दुर्बल, बीमार व्यक्ति को चाहे वह चिकित्सालय या घर में हो बहुत परेशानी होती है।

निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नही जा सकता है क्योंकि ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्वाचन प्रचार एवं जन समूह के बीच अपने विचार व्यक्त करने के साधनों में से एक साधन है। लेकिन उसके साथ-साथ विषम समय में विषम स्थान पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के उंचे स्वरों पर अव्यवधानिक प्रयोग जिससे जनमानस के शांति एवं स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो, की अनुमति दिया जाना उचित नहीं है।

अतएव उपरोक्त वर्णित तथ्यों के प्रकाश में, हर पहलुओं पर विचार करने के उपरान्त कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीजापुर जिले में जिनमें निर्वाचन कराने की घोषणा आयोग ने किया है। रात्रि 10:00 से प्रातः 06:00 बजे के बीच किसी भी स्थान में तीव्र संगीत बजाया व बजवाना, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्वाचन के लिए वाहनों पर एवं निर्वाचन सभाओं में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ही किया जा सकेगा किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेगे तथा इस हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। लोक शान्ति को देखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। वाहनों पर और निर्वाचन सभाओं में एक से अधिक लाउडस्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। निर्वाचन सभाओं एवं निर्वाचन प्रचार करने के लिए वाहनों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिए संबंधित थाना प्रभारी से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

प्रातः 6:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्यतः सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है। परन्तु लोक स्थान यथा, कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर अन्य शासकीय कार्यालय, छात्रावास, किसी स्थानीय निकाय, बैंक, पोस्ट ऑफिस दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्यतः स्थिति में भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

आरओ, एआरओ एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

बीजापुर 23 जनवरी 2025- त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के नाम निर्देशन प्राप्त करने वाले समस्त आरओ एआरओ एवं मास्टर ट्रेनर्स को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने के दौरान विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल की उपस्थिति में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स श्री सीके रहंगडाले द्वारा दी गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री जोगेश्वर कौशल ने समस्त आरओ, एआरओ एवं मास्टर ट्रेनर्स के शंकाओ का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

आम निर्वाचन 2025

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराए जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर पुलिस अधीक्षक बीजापुर को आयोग के निर्देशानुसार जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत कार्यवाही की दैनिक जानकारी भेजने को कहा गया है।

प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत अपराधी तथा गुंडातत्व के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना। अवैध अस्त्र-शस्त्रों को जब्त करना एवं असामाजिक तत्व व्यक्तियों को गिरफ्तार करना। जमानत पर छूटे अपराधी तत्वों की निगरानी करना। हिस्ट्री शिटर एवं निगरानी बदमाशों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना। पिछले निर्वाचन के दौरान मतदान केन्द्र पर लूटपाट करने वाले तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही एवं उनके शस्त्र आदि जमा करना। बड़े-छोटे अन्य सभी वाहनों को निर्वाचन के तीन दिन पूर्व से परिणाम घोषणा के दिनांक तक सघन जांच करना। गत वर्षों में निर्वाचन अपराधों में लिप्त पाए गए व्यक्तियों की सूची तैयार कर उचित कार्यवाही करना।

आदतन बदमाशों तथा शरारती तत्वों की सूची तैयार किया जाकर कार्यवाही करना। लंबित वारंटों की तामिली की कार्यवाही की करना। पूर्व में दर्ज निर्वाचन अपराधों के निराकरण हेतु कार्यवाही की करना। अवैध मदिरा निर्माण तथा विक्रय पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा आबकारी नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की करना।

लाइसेंसी शस्त्र धारियों के शस्त्र जमा कराए जाने संबंधी नियमानुसार कार्यवाही की करना। आयोग के स्थाई निर्देशानुसार चिन्हांकित किये गये Vulnerable स्थानों पर पुलिस गस्त की व्यवस्था की करना ताकि मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर सके।

नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आईईडी ब्लास्ट में मृतक के परिजन को सहायता राशि प्रदत्त

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संबित मिश्रा ने आईईडी ब्लास्ट में मृत्यु होने की घटना में मृतक के पिता को नक्सल पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदाय किया। वाहन चालक स्वगीय श्री तुलेश्वर राना पिता श्री कमलसाय राना का ग्राम अंबेली में नक्सलियों द्वारा लागाए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से उनकी मृत्यु 06 जनवरी 2025 को हो गई थी, मृतक के पिता श्री कमल साय राना को नक्सल पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख रुपए का चेक प्रदाय किया गया।

वार्षिक देव मेला 11 फरवरी को होगा संपन्न मेला समिति ने बैठक कर लिया निर्णय

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ मेला समिति के द्वारा अंतागढ़ का वार्षिक देव मेला 11 फरवरी को संपन्न कराने का निर्णय लिया गया था। परंतु इसी बीच नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा की गई जिसमें 11 फरवरी को ही मतदान होना तय हुआ और मेला और चुनाव एक ही दिन होने के चलते वोटिंग में दिक्कत आने की संभावना जताई गई क्योंकि मतदान का समय सुबह 8 बजे से 5 बजे तक होना है इसलिए चुनाव के बीच देवी देवताओं की परिक्रमा में दिक्कत को देखते 22 जनवरी सुबह ग्यारह बजे अंतागढ़ के देवनी डोकरी मंदिर में अंतागढ़ मेला समिति का बैठक पुनः रखा गया जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की अंतागढ़ का ऐतिहासिक वार्षिक देवमेला परंपरा अनुसार क्षेत्र के देवी देवताओं के अनुमति से मांगी पूर्णिमा के दिन ही मनाते आ रहे है ऐसे में मेला को अन्य तिथि को नही हटाया जा सकता जिसके चलते अंतागढ़ का वार्षिक देव मेला 11 फरवरी को ही मानने का निर्णय लिया गया है वही नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुवे देवी देवताओं का मेला परिक्रमा तीन बजे के बजाय इस वर्ष पांच बजे किया जाना तय हुआ समिति ने यह भी निर्णय लिया गया कि बाहर से जो भी व्यापारी आयेगे वह दुकान 11 फरवरी को अपनी दुकान बंद रखेंगे और 5 बजे के बाद खोल सकेंगे जिसके बाद ही मेला शुरू होगा और चुनाव कार्य भी प्रभावित न हो।

बंदेपारा मुठभेड़ में नक्सलियों नें 3 साथी और 2 ग्रामीण हत्या का किया जिक्र

भोपालपटनम/नवप्रदेश। मद्देड एरिया कमेटी नें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उनके तीन साथी और दो ग्रामीणों कि हत्या का जिक्र किया है। 12 जनवरी मददेड़ थाना के बंदेपारा के जंगल में सुबह हुई मुठभेड़ में वंहा पीएलजीए के तीन नक्सली घटना मारे गए है जिनमे रैनू हेमला एसीएम कमांडर, मड़काम अनिता (लक्ष्मी) पीएम कमांडर, ताती ज्योति को मारा है उसके बाद जंगल से 3 बजे बंदेपारा गांव के दो ग्रामीण एचाम रमेश को दौड़ा-दौड़ा कर मिच्चा रमेश गाड़ी ड्राइवर ताड़ी काटकर घर आते समय पकड़कर एर्रागुपा गांव तक लेजाकर हत्या कर पुलिस द्वारा मीडिया में 5 नक्सली को मारने का दावा किया गया वो सरा सर झूठा है। नक्सलियों नें विज्ञप्ति में कहा है कि हमारे मारे गए पीएलजीए साथी तीन है दो ग्रामीण है। नक्सलियों नें इस सभी घटनाओं को न्यायिक जांच करने का अनूरोध किया है। नक्सलियों का आरोप है कि गस्त के नाम पर पुलिस बस्तर के आदिवासियों कि हत्या कर रही है।

अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह तैयारियों की ली बैठक

जांजगीर-चांपा /नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में नवपदस्थ अपर कलेक्टर श्री उज्वल पोरवाल ने गणतंत्र दिवस समारोह एवं झांकियों की तैयारियों को लेकर बैठक ली। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने मुख्य समारोह के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मुख्य मंच की सजावट, ध्वजारोहण, हर्ष फायर, परेड रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, गुब्बारों की व्यवस्था, पुरस्कार वितरण, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री पोरवाल ने कहा कि 26 जनवरी को मुख्य समारोह में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएगी, जिनमें जिले की उपलब्धियों और ऐतिहासिक धरोहरों को दर्शाया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

दोनों उप मुख्यमंत्रियों ..

जाना है। और कितने जिला पंचायत के लिए साल भर में इस विभाग ने क्या किया क्या नहीं और आगे क्या करना है। ऐसे में भाजपा को शहरी और गारंमीण जनता के बीच इन उपमुख्मंत्रियों के विभागों का लेखा जोखा को लेकर जाना हैं। पहले उपमुख्यमंत्री अरूण साव के पास नगरी निकाय विभाग है।

दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा के सामने भी चुनौती, पर पीएम आवास का पिटारा

ऐसे में दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा के सामने भी चुनौतियां हैं। क्योंकि इनके पास पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की कमान है। अगर देखा जाए तो पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास देने में रिकार्ड कायम करते दिख रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि इसका चुनाव पर कितना असर होता है।

कांग्रेस की राहें आसान नहीं, चुनौतियों की भरमार

वैसे देखा जाए तो कांग्रेस के समाने भी चुनौतियां कम नहीं है। क्योंकि जहां कांग्रेस यह बताने की कोशिश करेगी की ओबीसी आरक्षण नहीं मिला। इधर, भाजपा कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार में पीएम आवास योजना पर रोक लगने के मुद्दे पर पलटवार करते हुए ग्रामीण वोटरों को साधने की कोशिश करेगी।

नगरीय निकाय एक चरण में और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में होंगे

1--निकाय चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 22 जनवरी शुरू है

2--निकाय चुनाव एक ही चरण में 11 फरवरी को होगा मतदान

3--नगरीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया 22 जनवरी से 28 जनवरी तक चलेगी

4--निकायों में वोटिंग11 फरवरी और परिणाम15 फरवरी को घोषित होंगे

5- पंचायत चुनाव तीन चरण में होंगे, 17 फरवरी को पहला और 20 फरवरी को दूसरा 23 फरवरी तीसरे चरण की वोटिंग होगी

6--पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए नॉमिनेशन प्रोसेस 27 जनवरी से शुरू होगी

7-पंचायत चुनाव में 78 लाख 20 हजार 202 पुरुष, 79 लाख 92 हजार 184 महिला मतदाता वोटिंग करेंगी

इतने नगर निगम और पंचायतों होंगे चुनाव

राज्य के 10 नगर निगम में चुनाव होंगे। अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और रायपुर नगर निगम में मतदान होंगे। 49 नगर पालिका, 114 नगर पंचायत में चुनाव होंगे। जिला पंचायत सदस्यों के 433 पद पर चुनाव होना है। जनपद पंचायत में 2973 पदों पर चुनाव होगा। ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए 11672, वार्ड पंच के लिए 1 लाख 60 हजार 180 पदों पर वोटिंग होगी। नगर पालिकाओं में 22 लाख 525 पुरुष और 22 लाख 73 हजार 232 महिला वोटर हैं। नगर पालिकाओं के लिए कुल मतदान केंद्र 5970, जिनमें से 1531 संवेदनशील और 132 अति संवेदनशील हैं।

सीएम साय ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

की उन्नति में भी सहभागी बने, इसके लिए हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है।

सद्भाव और एकता का

संदेश नहीं देती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतने विशाल जनसमूह में होने के बाद भी कोई होटल में नहीं रहता है क्योंकि सभी को गंगा के तट पर टेंट में रहने की सुविधा मिलती है। इस दौरान उन्होंने गुजरात के लोगों खासतौर पर युवाओं से महाकुंभ में जाने का आग्रह किया। शाह ने इस दौरान यह भी बताया कि वे खुद 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे।

आगे बोलते हुए शाह ने मोदी सरकार के कार्यकाल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। अब, हमारी विचारधारा के अनुसार लगभग सभी लंबित कार्य पूरे हो चुके हैं, चाहे वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना हो, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, तीन तलाक को खत्म करना या यूसीसी का कार्यान्वयन हो। अब भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल में भी इसी रास्ते पर आगे बढ़ेगी।

शाह ने आगे बोलते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जहां इन अधूरे कामों को दस साल में पूरा किया, वहीं पिछली सरकारों ने 70 साल तक इन अधूरे कामों को नहीं छुआ।

ईडी-टोरेस पोंजी से

देने का वादा किया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने इस घोटाले में त्वरित कार्रवाई नहीं की, जिससे उन्होंने अपना कर्तव्य ठीक से नहीं निभाया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी अधिकारी जल्द कार्रवाई करने के लिए तत्पर नहीं था।

धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड की तलाश जारी

साथ ही मामले से जुड़े सूत्रों का मानना है कि अभी तक पुलिस और ईडी दोनों ही इस धोखाधड़ी के मास्टर माइंड की तलाश कर रहे हैं, जिसने आभूषण कंपनी (प्लेटिनम हर्न) की शुरुआत की थी, जो टोरेस ब्रांड की मालिक है। यह फर्म वही जगह है, जहां से आरोपियों को शुरुआती फंड मिला था।

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2024-25
ग्राम मुंगेली, प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली मन-2 के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हमीद खान पिता/पति इदु खान +1 जाति मुसलमान निवासी इमलीपारा कबीर वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली मन-2 हल्का नं. तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 336/1 में से रकबा 30X20= 600 वर्गफिट को पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07/02/2025 को समय 11 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

नक्सलवाद पर सियासत : गृहमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच छत्तीसगढ़ में सियासत भी खूब गर्म हो रही है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत यह कहकर भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए हैं कि बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने के बाद उद्योगपतियों को न सौंपे। उनके इस बयान को लेकर प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की वही राग लग रही है, जो नक्सली अलाप रहे हैं। उद्योगपतियों के लिए जगह बना रहे हैं। ऐसी ही बात नक्सली कहते हैं । देश के कई जगहों पर भी उद्योगपति है तब क्या हो गया? आखिर बस्तर में ही उद्योगपतियों को लेकर क्यों बात होती है। इससे पहले चरणदास महंत के बयान पर रमन सिंह ने पलटवार किया था। उन्होंने कहा कि बस्तर में एक भी उद्योग हो तो कांग्रेस नाम बता दें। वहां सिर्फ छोटे-छोटे कुटीर उद्योग या पीएसयू प्लांट हैं। मैं बड़े जोर से बोलता हूं कि प्लांट आने चाहिए। छत्तीसगढ़ सिर्फ मिनिरल पत्थर नहीं बेचेगा। हमारा प्रदेश वैल्यू एडिशन स्टेट बनना चाहिए। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। बता दें कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से नक्सलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 260 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। वहीं 1000 से ज्यादा माओवदियों के पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 870 नक्सलियों ने आत्मसर्मपण किया है।

सरकार भुगतान नहीं कर रही मरीज इलाज के अभाव में भटक रहे है : कांग्रेस

निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना से ईलाज बंद

रायपुर/नवप्रदेश। निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना से ईलाज बंद हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार भुगतान नहीं कर रही मरीज ईलाज के अभाव में भटक रहे है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को निःशुल्क उपचार देने वाले अस्पतालों का 1500 करोड़ से ज्यादा का भुगतान लंबित है। प्रदेश के कई छोटे-बड़े अस्पताल मरीजों के इलाज से हाथ खड़े करने लगे हैं और तरह-तरह के बहाने बनाकर मरीजों को बिना इलाज़ के लौटा रहे हैं। कई अस्पताल आधा भुगतान नगद लेन की शर्त पर ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। छोटे और मझोले अस्पताल जो ज्यादातर आयुष्मान कार्ड के भरोसे ही इलाज पर निर्भर थे, वहां तालाबंदी की स्थिति बन चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य सहायता योजना का सरकारी अस्पतालों का भी भुगतान नहीं हुआ है, इसके चलते स्वास्थ्य सुविधा

बुरी तरह चरमरा गया है। भाजपा सरकार का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है। साय सरकार में प्रदेश में दम तोड़ रही है स्वास्थ्य व्यवस्था से इलाज के अभाव में जनता बेमौत मरने मजबूर है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो गयी। भाजपा सरकार के राज में विकास कार्य तो दम तोड़ ही रहे थे। अब पैसों के आभाव में मरीजों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है उनका ईलाज नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार आयुष्मान कार्ड का भुगतान कर मरीजों के इलाज की सुविधा बहाल करें। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर 2018 की तुलना में ढाई गुना बेहतर विकसित किया था।

सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के तौर पर विकसित किया था। ब्लॉक के अस्पतालों में भर्ती की सुविधाएं विकसित की थी। अधिकांश जिला अस्पताल में डायलिसिस और क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू किए गए थे। 25 लाख तक की मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना छत्तीसगढ़ में संचालित थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में 4000 से अधिक नियमित पदों पर डॉक्टर, नर्स, तकनीशियन और सहायक कर्मचारी की भर्तियां की। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना, हाट बाजार क्लिनिक, मोहल्ला क्लीनिक, दाई दीदी क्लिनिक, हमर अस्पताल और हमर लैब स्थापित किया था लेकिन अब सरकार बदलते ही विगत 11 महीनों के भीतर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो चुका है।

जनता के सपनों का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा, जनता से मांगे सुझाव

भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है: अमर अग्रवाल

■ क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल के माध्यम से मांगे सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकारवार्ता आहुत की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। इसके लिए उन्होंने whatsapp नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल morsujhav@bjpcg.com अर्थात मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल की है। हमने पिछले महीने ही 'जनादेश परब' में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। इस वर्ष को विष्णुदेव सायजी की सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। आप जानते ही हैं कि यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटलजी की शताब्दी वर्ष भी है।

घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष के अधोसंरचना के क्षेत्र के अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र ÷हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे÷ के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करती भी है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहा तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे।

हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह ही निकाय चुनाव में भी हम अपना घोषणा पत्र जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार करना चाहते हैं। साथ ही आप पत्रकार बंधुओं से भी आग्रह करते हैं कि अगर आपके पास भी कुछ सुझाव हों तो हमें अवश्य अवगत कराएं।

हमने जो कहा वो पूरा किया, आगे भी जो वादे होंगे वो पूरे होंगे : सोनी

घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। राज्य में महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं, जैसे महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना, जिनसे सीधे जनता को लाभ प्राप्त हुआ हैं। भाजपा ने कभी भी केवल घोषणा नहीं की, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतारा, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को न केवल सुविधाएं मिलीं, बल्कि उनका जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। हम अब अपने और जनता के मध्य सामंजस्य में किसी भी तरह की रुकावट नहीं चाहते। जिस तरह केंद्र और राज्य में हमारा और जनता का मजबूत और सुचारु सामंजस्य रहा है, उसी तरह हम चाहते हैं कि शहरी स्थानीय निकायों में भी विकास का यही क्रम बिना किसी बाधा के जारी रहे। भाजपा हमेशा आपके लिए और आपसे ही है। हमारा उद्दे श्य है कि हम सब मिलकर अपने शहरी स्थानीय निकायों को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और तीनों स्तरों पर एक मजबूत सरकार बनाएं।

पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज आज डंगनिया स्थित मुख्यालय में हुआ। प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एसके कटियार (जेनको), आरके शुक्ला (ट्रांसको) और भीमसिंह कंवर (डिस्कॉम) ने इस अवसर पर सभी कर्मियों से खेल स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया और कहा कि राष्ट्रीय पर्व का यह अवसर हमारे आपसी भाईचारे को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। खेल हमें स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का तरीका सिखाता है। 22 से 25 जनवरी तक चलने वाले इस खेल सप्ताह में पॉवर कंपनीज़ के अधिकारी-कर्मचारी हिस्सा लेंगे। विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। खेल सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने कहा कि जिन कर्मियों की खेल में रूचि है, वे तो इन स्पर्धाओं में भाग लेंगे ही, परन्तु जिन्हें रूचि नहीं है वे भी किसी एक खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं। प्रबंध निदेशक पारेषण आरके शुक्ला ने कहा कि खेल आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखेगा। इससे टीम भावना का विकास होता है। प्रबंध निदेशक वितरण श्री भीम सिंह कंवर ने कहा कि खेल को केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। यह आपको जीना सिखाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी खेलों को भी इस खेल सप्ताह में शामिल करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, जी आनंद राव, महाप्रबंधक (वित्त) वाईबी जैन एवं मुख्य अभियंता (मा.सं.) वीके दीक्षित, केबी पात्रे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएल पंचारी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी विगं कमांडर ए श्रीनिवास राव उपस्थित थे। चौहान ने स्वागत भाषण में बताया कि इस बार टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, कैरम जैसे इंडोर गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यालय तथा गुढ़ियारी परिसर के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता राजेश सिंह ने किया।

एनआरडीए की अलॉटमेंट कमेटी पर हाईकोर्ट ने दिए एफआईआर निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित किए गए एक भूखंड को लेकर सीईओ को जमकर फटकार लगाते हुए पूरी अलाटमेंट कमेटी पर एफआईआर कराने कहा है । यह भूखंड एक उद्योग को 27-9-21 कि डेट में कमेटी ने अलाट किया था। 15 जनवरी को हुई इस सुनवाई में विद्वान न्यायाधीश ने एनआरडीए के एफिडेबिट पर गहरी नाराजगी जताई। और सुनवाई में सीईओ के न आकर अपने जूनियर अफसर के भेजने पर असंतोष जताया। यह आवंटन,कोर्ट में विचाराधीन याचिका पर अंतिम निर्णय आने से पहले ही वर्ष 23 में कर दिया गया था। अफसर यह बताते हुए कि वो उस वक्त तकनीकी रूप से वहां पदस्थ नहीं थे, बचने कि प्रयास किया।

खाद्य विभाग की कस्टडी से 2400 किलो पनीर चोरी, शिकायत दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश । खाद्य विभाग की कस्टडी से लगभग 2400 किलो पनीर चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत खाद्य विभाग ने कोतवाली थाने में की है। बता दें कि फूड अफसरों की टीम ने सोमवार को रायपुर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में छापा मारकर बड़ी मात्रा में पनीर पकड़कर खाद्य विभाग के कार्यालय में रखा था, जहां से आज 2400 किलो पनीर चोरी हो गई। फूड सेफ्टी अधिकारी एहसान तिग्गा ने बताया, सोमवार को रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई कर 39 बोरी पनीर कार्यालय लाया गया था. फिर भाठागांव दूसरी कार्रवाई में चले गए थे. इस बीच खाद्य विभाग के कार्यालय से सौरव शर्मा ने पनीर चोरी कर ली. बता दें कि सौरभ से ही खाद्य विभाग की टीम ने पनीर जब्त किया था. फूड सेफ्टी अधिकारी ने बताया, सौरभ को कई बार फोन लगाया लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया. ऐसी स्थिति में तत्काल थाना कोतवाली में एफआईआर करने के लिए शिकायत की गई है।

तहसील कार्यालय का पता बदला

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय को अब पुराने नर्सिंग हॉस्टल में शिफ्ट कर दिया गया है। यह कदम इस कार्यालय के जर्जर हो चुके भवन की हालत को देखते हुए उठाया गया है। पुराने भवन में असुविधाओं का सामना करने के बाद, नागरिकों की सुविधा और कार्यों के सुचारू संचालन के लिए इस स्थानांतरण का निर्णय लिया गया है। एसडीएम नंदकुमार चौबे ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे अब से तहसील कार्यालय से जुड़े सभी पत्राचार नए पते पर ही करें और संबंधित कार्यों के लिए नर्सिंग हॉस्टल स्थित नए कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्तमान तहसील कार्यालय का भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका था, जिसके कारण कार्यों में रुकावट और नागरिकों को असुविधा हो रही थी। इसे देखते हुए, नए भवन के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और इस पर जल्द काम शुरू किया जाएगा।

घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश । प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगर निगम, पालिका, पंचायत की चुनाव को लेकर चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई। घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, अंबिकापुर महापौर डॉ. अजय तिर्की, कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन उपस्थित थे।

सरकार बीएड शिक्षकों का तत्काल समायोजन करे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने बाद नियुक्ति दिया था। सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी।

कमिश्नर ने जोन कार्यालय के सभी विभागों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल द्वारा कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन अवधि के दौरान जोन 5 कार्यालय के समस्त विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल विभाग, नगर निवेश विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्थापना शाखा, आवक-जावक शाखा, राशन कार्ड, आधार कार्ड कक्ष में औचक निरीक्षण किया गया। किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। नस्तियों का संधारण, निर्धारित समय में दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिये गये।

सरकारी वेतनभोगी सीएम मीडिया सलाहकार का भाजपा की नैरेटिव टीम का संयोजक होना आपत्तिजनक

भाजपा नैरेटिव फैलाकर नगरी निकाय चुनाव को प्रभावित करने षड्यंत्र रच रही

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के द्वारा गठित नॉरेटिव व कंटेंट टीम में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा को संयोजक बनाया जाना आपत्तिजनक है। पंकज झा मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में अवर सचिव का दर्जा प्राप्त है, सरकार उनको शासकीय कर्मचारी की भांति वेतन भत्ते आदि सुविधायें दे रही वे सरकारी कर्मचारी माने जायेंगे वे राजनैतिक दल के कार्यकर्ता की भांति कैसे काम कर सकते है? मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पंकज झा को तत्काले मीडिया सलाहकार पद से हटाये। राज्य निर्वाचन आयोग भी संज्ञान में ले प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है उसके बाद सरकारी वेतनभोगी लाभ लेने वाले पंकज झा आखिर एक राजनीतिक दल में चुनाव समिति में संयोजक कैसे हो सकते है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव के लिए गठित नैरेटिव व कंटेंट टीम पर तंज कसते हुये कहा कि भाजपा नगरीय निकाय चुनाव में मोदी की गारंटी में से कितनी गारंटी पूरी हुई है और साय का सुशासन के नारा से जनता को कितना लाभ हुआ है यह बताने में असमर्थ है। इसलिए नैरेटिव व कंटेंट टीम बनाकर नगरीय निकाय चुनाव में नफरत, वैमनस्यता, हिंदू मुस्लिम, का विवाद पैदाकर चुनाव को प्रभावित करने का षड्यंत्र रच रही है। वैसे तो भाजपा जन्मजात ही नफरत फैलाने वाली पार्टी है। भाजपा कभी काम के दम पर चुनाव नही लड़ सकती है क्योंकि ये चुनाव में जनता को घोषणा कर के बड़े-बड़े ख्वाब दिखाये थे अब उन वादों को पूरा करने में भाजपा सरकार के पसीने छूट रहे है।

बोर्ड परीक्षाओं पर नहीं पड़ेगा चुनाव असर : माशिमं सचिव पुष्पा साहू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ऐलान हो चुका है. 22 जनवरी से शुरू हो कर 24 फरवरी तक चुनाव की पूरी प्रक्रिया समाप्त होगी. लेकिन मार्च के शुरुआत में ही बोर्ड की परीक्षाएं हैं, जिसको लेकर छात्र सहित पालकों में संशय की स्थिति बनी हुई है. इसको लेकर अब माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं. बोर्ड परीक्षाएं प्रभावित नहीं होंगी। सचिव पुष्पा

साहू ने बताया कि 12वीं बोर्ड की परीक्षा 1 मार्च से और 10वीं बोर्ड की परीक्षा 3 मार्च से आयोजित होगी. परीक्षा के लिए आवश्यक उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्न पत्र 24 और 25 फरवरी को जिलों को आवंटित कर दिए जाएंगे. परीक्षा केंद्र पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं।

इस बार 12वीं बोर्ड परीक्षा में 2,41,000 और 10वीं में 3,30,000 विद्यार्थी पंजीकृत हैं. परीक्षा संचालन के लिए लगभग 50,000 शिक्षक और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सचिव ने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी शिक्षकों और कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। छत्तीसगढ़ में 20 जनवरी से आचार संहिता लागू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को होंगे और 15 फरवरी को नतीजे घोषित होंगे।

आदेश — *स्वीकार करते हुए काउंसिल के आदेश को गलत ठहराया*

स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष को हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरुण मिश्रा के खिलाफ हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है. दरअसल, मामला डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता को लेकर है, जिन्हें 18 नवंबर 2024 को नियमों का उल्लंघन करते हुए रजिस्ट्रार अश्विनी गुरडेकर और अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने काउंसिल से हटा दिया था. डॉ. गुप्ता ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी, जिसे कोर्ट ने 6 दिसंबर 2024 को स्वीकार करते हुए काउंसिल के आदेश को गलत ठहराया और डॉ. गुप्ता की सदस्यता बहाल कर दी।

इसके बावजूद काउंसिल के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और रजिस्ट्रार अश्विनी गुरडेकर ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए 3 जनवरी 2025 को एक विशेष बैठक आयोजित की, जिसमें डॉ. गुप्ता की सदस्यता पर चर्चा की गई. जिसको लेकर डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना करने के लिए काउंसिल के अधिकारियों को कानूनी नोटिस भी भेजा था।इसके बाद भी बैठक का आयोजन जारी रहा, जिसके बाद डॉ. राकेश गुप्ता ने हाईकोर्ट में एक और मामला दायर किया. इस मामले में 20 जनवरी 2025 को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने काउंसिल के अध्यक्ष अरुण मिश्रा को नोटिस जारी किया है।

ठंड से राहत : शुष्क हवा के प्रभाव से बढ़ने लगा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अब ठंड कम होने के साथ गर्मी बढ़ेगी। आसमान साफ होने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, अगले चार दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री की वृद्धि होगी। रात के तापमान में बहुत अधिक गिरावट के आसार नहीं है। प्रदेश में मौसम साफ हो गया है। उत्तरी से ठंडी और समुद्र की ओर से नमी वाली हवा आने की परिस्थितियां फिलहाल नहीं दिख रही है शुष्क हवा के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहेगा। मंगलवार को तापमान में वृद्धि होने के कारण ठंड कम रही। अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि होगी। इससे ठंड लगातार कम हो जाएगी और हल्की गर्मी महसूस होने लगेगी। प्रदेश में सभी जगहों पर न्यूनतम तापमान बढ़ गया है. रायपुर में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री रहा. यह सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा है. रात का तापमान सोमवार तक सामान्य से कम था, वह मंगलवार को सामान्य से ऊपर 14.6 डिग्री रिकार्ड किया गया।

छत्तीसगढ़ जल संचय जन भागीदारी अभियान में अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। एक दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की. मंत्री कश्यप ने केंद्रीय मंत्री पाटिल को बस्तर के ढोकरा आर्ट से निर्मित हाथी और पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय भेंट की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय जन भागीदारी अभियान, अप्रतिम कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी अभियान में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इस अवसर केदार कश्यप ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से छत्तीसगढ़ में विभागीय उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। प्रदेश में जल संसाधन विभाग की संभावनाओं को लेकर सार्थक चर्चा की गई। मंत्री कश्यप ने पाटिल को विभागीय कार्यों के अवलोकन व निरीक्षण के लिए छत्तीसगढ़ आने की बात कही।

डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय में जेंडर समावेशी संचार विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला

शिक्षा से ही असमानता के भाव को दूर किया जा सकता है: कुलपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में जेंडर समावेशी संचार विषय पर 23 जनवरी से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन आंतरिक शिकायत समिति, शिकायत में निवारण समिति एवं आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश पर नेशनल जेंडर एंड चाइल्ड सेंटर लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी उत्तराखंड के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम असमानता का भाव दूर कर सकते हैं, और समाज के हर वर्ग हर दिशा हर विषय में समानता स्थापित कर सकते हैं जहां तक पुरुष और महिला के सामान्य की बात है. समाज ने तेजी से प्रगति की है, रूढ़िवादी विचारधाराओं में परिवर्तन आया है. पौराणिक बातें अब वर्तमान कर्म युग में महत्व कम रखती हैं, इसलिए समान भाव पूरी दुनिया में महिला और पुरुष का स्थापित हुआ है। विश्वविद्यालय भी इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है. छात्राओं का प्रतिशत बहुत अधिक है। इसी तरह हमारे स्टाफ में भी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक है इस बात का हमें गर्व है। इस अवसर पर स्वागत भाषण और विषय प्रवर्तन आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ शांति राठौर ने किया। कार्यक्रम में आभार प्रगट डॉ गुरप्रीत बग्गा ने किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ सृष्टि शर्मा ने किया। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार पुष्पा कश्यप, किरण तिग्गा, डॉ अभिषेक पाठक डॉ प्रीति श्रीवास्तव, डॉक्टर आर पी चौधरी, आशीष पांडे ,नवनीत सिंह राठौड़, आंतरिक शिकायत समिति एवं शिकायत निवारण समिति और आइक्यूएसी के सदस्य एवं पदाधिकारी सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अधिकार और कर्तव्य का अनुपात हो बराबर: कुलसचिव

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि शास्त्रों में महिलाओं के अपमान का कोई उल्लेख नहीं मिलता। हमेशा उनके सम्मान और उनकी रक्षा की बात पढ़ने मिलती है। बदलते समाज के साथ विकृति जरूर आई और महिलाएं भी अपने कर्तव्य के प्रति गंभीर रही जिसका परिणाम है कि आज वह एक मां एक बहन और एक पत्नी के रूप में स्थापित हैं, लेकिन वह अधिकारों के प्रति गंभीर कम नजर आई यही कारण है कि समय के साथ आज इस विषय पर चर्चा करने की जरूरत हो गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समानता में यह बात महत्वपूर्ण है कि अधिकार और कर्तव्य के अनुपात बराबर होने चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखा जाए। इस तीन दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने महिला उत्पीड़न पर केंद्रित दहेज प्रताड़ना विषय पर नाटक का मंचन भी किया, जिसे सभी ने सराहा।

देवी और दासी नहीं सिर्फ नारी ही बनाए रखें महिलाओं को: चतुर्वेदी

सौरभ करियर अकैडमी एवं दिल्ली आईएएस के डायरेक्टर सौरभ चतुर्वेदी ने कहा वर्तमान समय में हमें जब जरूरत होती है तो हम महिलाओं को देवी बना देते हैं, और जब दूसरी जरूरत होती है तो हम दासी बना देते हैं, लेकिन हमें उन्हें देवी और दासी नहीं बल्कि नारी मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैविक अंतर को भूलकर सामाजिक अंतर को मिटाना ही वास्तविक सामान्य देना होगा। उन्होंने कहा कि समानता का अर्थ वर्तमान में घूमना, फिरना, नशा और दूसरे अर्थों में लिया जाता है, जो नहीं होना चाहिए स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में बारीक रेखा का अंतर है इसे हमें समझना होगा।

■ न्यूज गैलरी

नामदेव क्षत्रिय महासंघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्वाला को समाज रत्न पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमरावती महाराष्ट्र में अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में समाज के चार विभूतियों को समाज रत्न से सम्मानित किया गया। जिसमे अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद नामदेव को समाज रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। यह सम्मान अमरावती सिंपी समाज संगठन के द्वारा प्रदान किया गया। अखिल भारतीय नामदेव छत्रिय महासंघ नई दिल्ली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भास्कर राव टोम्पे की मौजूदगी में विदर्भ शिपी समाज मंडल के अध्यक्ष राजू किटे जाल वाला, अमरावती शिपी समाज संगठन के अध्यक्ष दीपक जावस्कर, संत नामदेव महाराज वेलफेयर सोसाइटी अमरावती के अध्यक्ष चंद्रकांत ताठे, नामदेव महाराज मंदिर ट्रस्ट अमरावती के अध्यक्ष रामदास खोड़े आदि उपस्थित थे।

लोयला स्कूल का मामला, स्कूल प्रबंधन परिजनों से समझौता कराने तूला

कक्षा में पीछे मुड़कर नहीं देखा, शिक्षक ने छात्र को पीटा, कान से निकला खून

बिलासपुर/नवप्रदेश। चर्चित लोयला स्कूल से फिर एक टीचर द्वारा 8 वी कक्षा के विद्यार्थी को कान से खून निकलते तक बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। घायल बच्चे को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। इधर प्रबंधन शिक्षक द्वारा छात्र के परिजनों से माफी मंगवा मामले को रफा-दफा करने की बात कह रहे है।

मिली जानकारी के मुताबिक आठवीं कक्षा के बी सेक्शन की क्लास चल रही थी, इसी दौरान बच्चों को पढा रहे शिक्षक सचिन ने पीछे मुड़कर देखने और बात करने पर तैश में आकर छात्र को पीट डाला जिससे उसके कान से खून निकलने लगा। इस खून खच्चर भरे माहौल से कक्षा के बच्चे भी डर गए, घायल छात्र को आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन शिक्षक द्वारा घायल बच्चे के परिजनों से माफी मंगवाकर मामले को रफा-दफा करने जद्दोजहद कर रहा है। बताया जा रहा कि बच्चों को इंग्लिश पढ़ाने वाले शिक्षक सचिन स्कूल के वाइस प्रिंसिपल के रिश्तेदार है। इस स्कूल में इस तरह की यह कोई पहली घटना नही है। इसके पूर्व भी प्रेयर के दौरान 1 छात्र की पिटाई, 8 वी कक्षा के छात्र द्वारा 7 वी कक्षा के छात्र पर स्कूल के बाथरूम में जानलेवा हमला करने, स्कूल से भागकर सरगांव और छठघाट में घूमने और पुलिस अफसर के मुख्यातिथ्य में आयोजित वार्षिकोत्सव के दौरान मारपीट और हंगामे के मामला भी सामने आ चुका है। सवाल स्कूल में पढ़ने वाले साढ़े 3 हजार बच्चों की सुरक्षा और डिसिप्लीन का है। पढ़ाई और अनुशासन बनाये रखने के लिए थोडा सख्ती और हल्की पिटाई भी जरूरी है, पर इस तरह खून निकलते तक बच्चों को बेरहमी से पीटना सरासर गलत है, ऐसे शिक्षको पर कार्रवाई जरूरी है जो दूसरे जगह का तनाव और गुस्सा मासूम बच्चों को पीटकर उतारते है।

प्राचार्य ने कहा-बच्चों को पीटना सरासर गलत

लोयला स्कूल के प्राचार्य फेब्यानिस मिंज ने कहा कि जमाना बदल गया है पहले के दौर में जब स्कूल में टीचर द्वारा बच्चों की पिटाई की जाती थी तो घर मे पालक बच्चों को ही दोषी ठहरा उल्टे उन्हें फटकार लगाते थे, पर अब बच्चों के परिजन ज्यादा संवेदनशील हो गए है जो जरा जरा से बात पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल देते थे, समझने की जरूरत है।

स्किन बिजनेस में अच्छा इम्प्रूमेंट हुआ: दक्षा सोसा

■ न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रैंड सक्सेसफुल एकदिवसीय स्किन वर्कशॉप सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप सेमिनार को ऑर्गेनाइज किया गया न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन बिलासपुर टीम आरती शुक्ला, ज्योति राव, आरुषि परिहार, शिल्पा राजपूत, गोदावरी खत्री, मीनाक्षी और मधु के द्वारा जिसमें स्किन का नॉलेज देने के लिए गुजरात से स्किन एक्सपर्ट कॉस्मोलॉजिस्ट दक्षा सोसा आई और स्कीन का डिपली नॉलेज दिया। साथ ही स्किन की दुनिया में स्किन बिजनेस इंप्रूमेंट बताया और इस स्कीन वर्कशॉप सेमिनार में लगभग 100 से 150 ब्यूटीशियनो ने शामिल होकर स्क्रीन नॉलेज का लाभ उठाया जिससे वह अपने काम और नाम को और अपने पार्लर के सेल्स को इंप्रू कर सके। न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन का उद्देश्य समय-समय पर महिलाओं को प्रोत्साहित एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु हेयर सेमिनार, नेल्स सेमिनार, स्किन वर्कशॉप, सेलिब्रिटी अवार्ड शो, डिजिटल अवेयरनेस क्लास, डिजिटल मीटिंग, बिजनेस मोटिवेशन इंप्रूमेंट क्लास, एजुकेशन टूर एंड ट्रैवल्स राष्ट्र स्तर पर समय समय पर करती रहती हैं। साथ ही फाउंडेशन इस स्किन वर्कशॉप का सफल आयोजन करने हेतु ऑर्गेनाइज टीम को न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन की तरफ से डायरेक्टर ऊषा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

आचार संहिता का उल्लंघन, तेज आवाज में डीजे बजाने वाले के खिलाफ कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन कर तेज गति आवाज में डीजे बजाने वाले के खिलाफ की कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार वर्तमान में छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय एवं पचायत चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है जिसके मद्देनजर जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा लगातार टाऊन भ्रमण और ग्राम गश्त कर चेकिंग कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली अक्षय प्रमोद सबद्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी तोरवा के नेतृत्व में लगातार टाऊन भ्रमण और ग्राम गश्त कर चेकिंग कार्यवाही की जा रही थी इसी दौरान 22 जनवरी को तोरवा पुलिस को छाबड़ा पैलेस के सामने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर बिना अनुमति के तेज गति आवाज में डी.जे. बजाने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि वाहन क्रमांक सीजी-22 एडी-7725 में स्पीकर लगा कर तेज ध्वनि में फिल्मी गाने बजा रहा था, जिससे आसपास के निवासियों को असुविधा हो रही थी अनावेदक कृष्ण ऊर्फ लाला पटेल पिता राज बहादुर पटेल उम्र-25 साल निवासी चांटीडीह रपटा के पास थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर का कृत्य धारा- 3,5,15 कोलाहल अधि. का पाये जाने से जप्ती पत्रक के माजदा वाहन क्रमांक सीजी-22, एडी-7725 एवं स्पीकर बाक्स जप्त कर अनावेदक के विरूद्ध कोलाहल अधि. के तहत कार्यवाही की गई।

चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

जूना बिलासपुर साव धर्मशाला के पास धारदार लोहे का चाकू से आने जाने वाले लोगों को डराने वाले आरोपी को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दिया है। मुखबीर मोबाईल से सूचना मिली कि देवेंन्द्र इंगले नाम का व्यक्ति गोंडपारा जूना बिलासपुर साव धर्मशाला धारदार चाकू को लेकर आने जाने वालों को डरा धमका रहा है कि मुखबीर की सूचना से पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी - देवेंन्द्र इंगले पिता दीपक इंगले उम्र 22 वर्ष निवासी साव धर्मशाला के पास जूना बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली को घेराबंदी कर पकडा गया जिसके पास एक धारदार लोहे का चाकू मिला जिसके संबंध में धारा 94 बी. एन.एस.एस के नोटिस दस्तावेज पेश करने हेतु दिया गया।

आज से चलेंगी शुष्क हवाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 24 जनवरी से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन प्रारंभ होने की सम्भावना है । जिसके कारण मौसम शुष्क रहने की संभावना है तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। प्रदेश के उत्तर और मध्य में 26 जनवरी तक और बस्तर संभाग के जिलों में 27 जनवरी तक गिरावट होने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ स्कूल 10 विकेट से जीतकर फाइनल में

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा आयोजित स्वर्गीय व्ही.डी एवं ए .डी.आवटी की स्मृति आयोजित निःशुल्क यू 16 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दूसरा सेमीफाइनल मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम छत्तीसगढ़ स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप आर.पी.आदित्य संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर एवं अध्यक्षता जी.ए. अश्विनी, प्राचार्य प्रयास अकादमी, रमतला, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. अजय श्रीवास्तव एवं नारायण आवटी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आर पी आदित्य ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टास करा कर विधिवत मैच प्रारंभ कराया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट फार्मूला नहीं होता है यदि सफल होना है तो खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। डीपीएस स्कूल के कप्तान अयानवीर सिंह भाटिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.1 ओवर में मात्र 80 रन बनाकर आउट किया।जिसमें कप्तान अयानवीर सिंह भाटिया ने सबसे अधिक 21 रन आरुष सिंह 17 रन और काव्य वाधवानी ने 11 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए चेतन कुमार ने हैट्रिक के साथ 7 ओवर में 10 देकर 5 विकेट प्राप्त किए और डीपीएस को पूरी तरह बैकफुट में डाल दिया। इसके अलावा रूपम वैद्य ने भी 3 विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ स्कूल ने 81 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 8.1 ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिए। जिसमें चेतन कुमार ने 44 रन 30 गेंदो एवं पियूष चंद्रा ने 25 रन 21गेंदो में बनाया।

सरकंडा पुलिस ने फरार चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चुनावों को देखते हुए फरार 4 आरोपियों को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीट प्रभारी तथा बीट आरक्षकों ने सूचना एकत्र कर अभियान चलाया। थाना क्षेत्र में संध्या पेट्रोलिंग के दौरान फरार आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय द्वारा जारी 3 स्थायी एवं 1 गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। पुलिस के अनुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधियों एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बीट में बांट कर बीट प्रभारी एवं बीट आरक्षक नियुक्त कर बीट क्षेत्र में सतत् निगाह रखने एवं बदमाशों की निगरानी तथा फरार आरोपियों के धरपकड़ कर अधिक से अधिक गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंट तामिल करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उदयन बेहार एवं सी.एस.पी. सरकण्डा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में थाना क्षेत्रथाना प्रभारी सरकण्डा नीलेश पाण्डेय द्वारा बीट आरक्षकों को फरार आरोपियों के विरूद्ध जारी गिरफ्तारी एवं स्थयी वारंट की तामिली हेतु बीट प्रभारी एवं बीट आरक्षकों से प्राप्त सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही किया गया जिस पर तीन स्थायी वारंटी कलेश्वर केंवट, शंकर केंवट, चंदाबाई मन्नेवार एवं एक गिरफ्तारी वारंट रवि ठाकुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस का अभियान

राम जन्मोत्सव प्राण प्रतिष्ठा दिवस को एक पर्व के रूप में मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज जेपी विहार कॉलोनी में रामचंद्र की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर संगीत मय सुंदर कांड एवं हल्दी कुमकुम का प्रोग्राम रखा। यह प्रोग्राम ब्राह्मण समाज की बहन संभाग प्रभारी मीनू दुबे बिलासपुर की जेपी विहार कॉलोनीवासियों के सहयोग से रखा गया। कार्यक्रम का संचालन संभाग प्रभारी मीनू दुबे ने बहुत ही सुंदर एवं व्यवस्थित ढंग से किया जिसमें संगीत मय सुंदर कांड का पाठ श्री अखिलानंद पांडे एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से किया गया तत्पश्चात हनुमान चालीसा का भी पाठ किया गया भजन कीर्तन के साथ-साथ समाज की सभी बहनों के लिए हल्दी कुमकुम का भी प्रोग्राम रखा गया समाज की ओर से सुषमा, सपना, रेखा ,रेनू चंदा गवई इन सभी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करके पूरी-पूरी मदद की सभी बहने कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

बैठक

छोटे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने से पहले सही जगह का चयन करने पर जोर

रेलमार्ग से तस्करी रोकने आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई जरूरी: आईजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए अपराधियों द्वारा रेल मार्ग का उपयोग किए जाने पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करनी होगी। यह निर्देश आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने बिलासपुर में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में बिलासपुर रेंज के रेल लाइन से जुड़े जिलों के पुलिस अधीक्षक और आरपीएफ व जीआरपी के अधिकारी शामिल हुए। आईजी डॉ. शुक्ला ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों की पोजिशनिंग में पुलिस का सहयोग लिया जाए। उन्होंने छोटे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने से पहले सही जगह का चयन करने पर जोर दिया। एफआरए तकनीक वाले कैमरों को त्रीनयन एप से जोड़ने के निर्देश भी दिए। आईजी ने रेलवे क्षेत्र में रात के समय असामाजिक तत्वों के जमावड़े को रोकने के लिए आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस को कांबिंग गश्त तेज करने के निर्देश दिए। प्लेटफार्म के बाहर की दुकानों को निर्धारित समय पर बंद कराने और अवैध कबाड़ के कारोबार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। रेलवे क्षेत्र में नशे के शिकार बच्चों को बचाने और उन्हें नशा मुक्त करने के लिए संस्थागत प्रयासों की आवश्यकता बताई गई। इसके अलावा उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जांजगीर-चांपा एसएसपी विवेक शुक्ला, बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह, रायगढ़ एसपी दिव्यांग पटेल, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एसपी भावना गुप्ता, कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी, सक्ती एसपी अंकिता शर्मा आदि उपस्थित थे।

ट्रेन में पत्थरबाजी और ट्रांसजेंडरों की हरकतों पर सख्ती

बैठक के दौरान आईजी ने ट्रेन में पत्थरबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में स्थानीय पुलिस भी कार्रवाई सुनिश्चित करे। यात्रा के दौरान ट्रांसजेंडरों द्वारा यात्रियों को परेशान करने और छीना-झपटी की शिकायतों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

समारोह में सीएम के संदेश को उचित ढंग से प्रस्तुत करें : कलेक्टर

■ आदर्श आचरण संहिता का पालन अनिवार्य रूप से करने के दिये निर्देश

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने समय सीमा की बैठक के दौरान 26 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश को समारोह स्थल पर उचित ढंग से प्रस्तुत किया जाए। समारोह स्थल पर चिकित्सा दल और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमा खेरवा ग्राउंड की साफ सफाई, ट्रैक लाइटिंग, टेंट, कुर्सी, बेरिकेटिंग और लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही दो सफेद टोपियां, एक सफेद छाता, माइक, राष्ट्रीय ध्वज, बांस-बल्ली के माध्यम से बेरिकेटिंग, जनसामान्य

के लिए पेयजल हेतु पानी टैंकर/फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, सजावट के लिए गमलों और साज-सज्जा की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही विद्युत की व्यवस्था, उद्घोषक की नियुक्ति, सफेद कबूतरों, गुब्बारों और बैंड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण, प्रशस्ति पत्र की तैयारी, रंगोली, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीद परिवारों के लिए लाने-ले जाने और रुकने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी तैयारियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। बैठक में स्थानीय निर्वाचन उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एस. पैकरा ने ÷जागव वोटर÷ (जाबो) कार्यक्रम हेतु प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं पेयजल, बिजली, शौचालय, रैम्प, व्हील चेयर की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चि करने के निर्देश दिये है। खड़गवां, मनेंद्रगढ़ तथा भरतपुर पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान केंद्रों के निरीक्षण हेतु जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगयी जायेगी। बैठक में कलेक्टर बताया कि पुराने कार्य जो प्रारंभ हो गये वो चलते रहेंगे, कोई भी नया कार्य प्रारंभ नहीं किया जायेगा। केल्हारी, भरतपुर तथा कोटाडोल में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा कर्मचारियों के लिए बन रहे क्वार्टरों की स्थिति की जानकारी लेते हुए इन्हीं स्थानों पर पानी की क्या उपलब्धता है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी नगरीय निकाय में चिन्हित स्ट्रांग रूम की स्थिति, सीसीटीवी, मतगणना स्थल पर बांस-बल्ली की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए अन्य तैयारियों के निर्देश दिये हैं। बैठक में प्रशिक्षु आईएफएस एसडीओ मनेंद्रगढ़ नीरज, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश

जिले में कृषि विभाग, पीएचई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग, पशुधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बागवानी विभाग को झांकिया लगाने के निर्देश है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जाएंगे न ही कोई नई घोषणा की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजनीतिक प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। सभी समारोहों में आदर्श आचरण संहिता का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं।

■ ■ न्यूज गैलरी

पंचायत चुनाव निर्वाचन लड़ने वाले अंत्यावसायी निगम के बकायेदारों से लिया जाएगा एनओसी

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम अंतर्गत राष्ट्रीय निगम की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछडा वर्ग की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ईकाई ऋण मासिक किस्तों में भुगतान की शर्त पर ऋण राशि का वितरण किया गया है। हितग्राहियों द्वारा ईकाई ऋण स्थापित् करने उपरांत भी मासिक ईकाई ऋण किस्त राशि को जमा नहीं किया जा रहा है, जिससे प्रदाय किया गया ऋण कालातीत हो गया है। चूंकि राष्ट्रीय निगम से राज्य सरकार की गारंटी एवं ब्याज पर राशि प्राप्त कर वितरीत किया गया है। इस विभाग के ऋणी हितग्राहियों द्वारा स्थानीय निर्वाचन/पंचायत निर्वाचन में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद अध्यक्ष, पद पर चुनाव लड़ने की सम्भावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि निकट भविष्य में आपके अधिकार क्षेत्र अंतर्गत् स्थानीय निर्वाचन/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में बकायेदारों से जो स्थानीय व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन लड़ने हेतु नामांकल दाखिल करेंगे उन पर कार्यवाही करते हुए एनओसी लिया जाना सुनिश्चित करें।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराए जाने हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1995 के नियम 20 एवं नियम 21(1) में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा ने रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिला पंचायत बलरामपुर के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रिटर्निंग ऑफिसर एवं संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय व उप संचालक पंचायत को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बलरामपुर के लिए तहसीलदार बलरामपुर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलरामपुर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के लिए तहसीलदार रामानुजगंज को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद पंचायत वाड्रफनगर के लिए तहसीलदार वाड्रफनगर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वाड्रफनगर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,जनपद पंचायत कुसमी के लिए तहसीलदार कुसमी को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा जनपद पंचायत शंकरगढ़ के लिए तहसीलदार शंकरगढ़ को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शंकरगढ़ व नायब तहसीलदार शंकरगढ़ को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

अवैध शराब संग्रहण व वितरण के रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बीजापुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव- 2025 के संबंध में निर्वाचन के लिए 20 जनवरी 2025 को राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति 25 फरवरी 2025 तक शराब के अवैध संग्रहण, वितरण, चौर्यनयन के रोकथाम के लिए श्री अभिषेक तिवारी जिला आबकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मास्टरमाइंड मुनीम शुभम ठाकुर एवं साथी महावीर सोनी गिरफ्तार

सिटी कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में एक दिन पूर्व 06 लाख रूपये लूट की घटना फर्जी निकली। मुनीम शुभम ठाकुर ने ही लूट की घटना का षड़यंत्र रचा था। सिटी कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश किया। मामले का मास्टरमाइंड आरोपी राईस मील के मुनीम शुभम ठाकुर एवं उसके साथी महावीर सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में धारा 309(4) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। नगर में दिनदहाड़े 21 जनवरी के दोपहर लगभग 3 बजे आहत राईस मील के मुनीम शुभम सिंह द्वारा उसके साथ गर्ल्स स्कूल मुंगेली के पीछे पुल के पास 06 लाख रूपये की लूट होने की सूचना पुलिस को मिली। थाना सिटी कोतवाली द्वारा उक्त सूचना को तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबडा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी, थाना प्रभारी गिरिजा शंकर यादव तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना

के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिले में नाकेबंदी चेक प्वाइंट लगाकर सघन चेक करने व साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की विशेष टीम गठित कर प्रकरण में तत्काल आरोपियों के संबंध में पता तलाश करने का निर्देश दिया गया। जिस पर साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की विशेष टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज (25-30 स्थान) की चेकिंग की गयी। विभिन्न फुटेज में आहत मुनीम शुभम ठाकुर का ही गतिविधियां संदिग्ध परिलक्षित हुई। इसी तारतम्य में तकनीकी आधार पर सर्विलांस करने एवं बैंक से पैसा आहरण करने संबंधी जानकारी प्राप्त करने एवं बारिकी से पूछताछ करने पर घटना का मास्टरमाइंड राईस मील का मुनीम शुभम ठाकुर ही निकला। जो अपने साथी महावीर सोनी के साथ मिलकर घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया था। आरोपी शुभम ठाकुर ने बताया कि पैसे से भरे ब्राउन कलर के बैग को लेकर रामगढ़ के आगे खाली प्लाट में गया। योजना अनुसार महावीर सोनी पहले से था, जो शुभम ठाकुर के मोबाइल को वहीं पास पटककर तोड़ दिया और वहां पर की मिट्टी को उठाकर शुभम के कपड़े में लगा दिया। बैग से पैसे निकालकर पैसे वाला बैग को फाड़कर वहीं पर फेक दिया। आरोपी शुभम द्वारा ब्लेड से अपने शरीर पर 3-4 जगह काटने का निशान बनाया व अपना टूटा हुआ मोबाईल को घटनास्थल के पास फेंक दिया। लूट का घटना होना साबित करने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों की सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य के आधार जांच कार्यवाही कर 500 के 10 बंडल एवं 100 के 10 बंडल कुल 06 लाख रूपये को आरोपियों से बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक प्रभारी सिटी कोतवाली गिरिजा शंकर यादव, प्रभारी साईबर सेल नंदलाल पैकरा, भेषज पाण्डेकर, अतुल सिंह, राजू साहू, बसंत डहरिया, गिरीराज सिंह,रामकिशोर कश्यप, जितेन्द्र सिंह, अजय चंद्राकर, योगेश यादव की भूमिका रही।

कलेक्टर ने की गणतंत्र दिवस समारोह तैयारियों की समीक्षा

■ 24 जनवरी को होगा फुल ड्रेस रिहर्सल

बलरामपुर। जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने समारोह स्थल पर चिकित्सा दल और उपचार की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई, कुर्सियां और बैरिकेडिंग का काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को झांकियों के संबंध में निर्देश देते हुए छत्तीसगढ़

राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय पर झांकियां तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह से पहले 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से पुलिस लाइन ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर,अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अमित श्रीवास्तव, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

व्यय संबंधी मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा। नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचन व्यय के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में व्यय नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स आलोक सोनवाने एवं श्री माधव राव रेड्डी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी राजनैतिक दलों को निर्वाचन व्यय के लिए प्रस्तावित अधिकतम सीमा 50 हजार जनसंख्या से ऊपर वाले नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हेतु निर्वाचन व्यय की सीमा 10 लाख रूपये एवं 50 हजार से कम जनसंख्या वाले नगरीय निकाय के अध्यक्ष हेतु 8 लाख रू. तथा नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा 6 लाख रू. तय की गई है। जबकि पार्षद पद के लिए व्यय की सीमा निर्धारित नहीं है। बैठक में यह भी बताया गया कि नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी का यह दायित्व है कि वह राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित अनुसार निर्वाचन में हुए समस्त व्यय का पृथक और सही लेखा विशिष्टियों के साथ रखेगा तथा निर्वाचन की तारीख से तीस दिन के अंदर अपने निर्वाचन का व्यय लेखा राज्य निर्वाचन आयोग को अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा। अध्यक्ष पद के प्रत्येक

अभ्यर्थी को प्रतिदिन किए जाने वाले व्यय का लेख रजिस्टर प्रोफार्मा-क में रखना होगा, जो अभ्यर्थी को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा प्रदाय किया जावेगा। अभ्यर्थी द्वारा नाम-निर्देशन प्रस्तुत करने के पूर्व अनिवार्यतः एक बैंक खाता खोला जाएगा। जिससे ही निर्वाचन व्यय संबंधी समस्त प्राप्तियां एवं व्यय भी उसी खाते से किए जावेगा। अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा दिन-प्रतिदिन का व्यय लेखा संबंधित व्हाउचरों एवं देयकों के साथ नाम वापसी हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं मतदान तिथि के बीच अनिवार्यतः दो बार निर्वाचन व्यय संपरीक्षक द्वारा निर्धारित जांच हेतु प्रस्तुत करने होंगे। निर्वाचन परिणाम घोषणा के पश्चात् तीस दिनों के भीतर निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्ययों का सार- प्रोफार्मा-ख में मय शपथ-पत्र (प्रोफार्मा-ग) जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर लगाने हेतु आवेदन नियमानुसार स्वीकृति अनिवार्य

बीजापुर। नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन- 2025 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। नगरपालिका क्षेत्र बीजापुर हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् बीजापुर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों व प्रतिनिधि के द्वारा होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर लगाने हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोत्सव मनाया गया

मुंगेली। आयोध्या में स्थापित राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पुर्ण होने पर जिले के सभी छोटे बडे नगर सहीत ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरो एवं सार्वजनिक स्थानों पर विविध धार्मिक आयोजन किए गए। आराध्य प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को शहर में विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिरो मे भगवान राम, हनुमान की पूजा अर्चना कर प्रसाद बांटे गए। घरो मे दिपक जलाकर रंगोली सजाई गई। महिलाओं ने भजन गाए। मनोहरपुर खपरीडीह मे रामोत्सव मनाया गया। आयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा विगत वर्ष 22 जनवरी को की गई थी। इसकी पहली वर्षगांठ को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह देखा

गया। इस दिन को भव्य बनाने स्वयंसेवी व धार्मिक संगठनो ने अलग-अलग तरह का आयोजन किया। चैंक-चैंराहों में राम पर आधारित गीतों की गुंज होती रही। मंदिरो मे विशेष पुजन कर महाआरती की गई। मर्यादा पुरूषोत्तम राम का विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई। महिलाओं ने वाद्य यंत्रो की धुन पर प्रस्तुति दी। सनातनी अपने-अपने घर में 5-5 दिये जला कर मर्यादा पुरूषोत्तम राम के प्रति अपनी आस्था जताई।

आदर्श आचरण संहिता एवं निर्वाचन के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक

बीजापुर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत आदर्श आचरण संहिता एवं निर्वाचन संबंधी जानकारी देने हेतु राजनैतिक दलों एवं क्षेत्रीय दलों की बैठक सभागृह में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता की जानकारी दी गई। निर्वाचन की सम्पूर्ण महत्वपूर्ण तिथियां जैसे नाम निर्देशन की अंतिम तिथि, नाम वापसी एवं मतदान दिवस की जानकारी खण्डवार राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया की नगरपालिका का निर्वाचन ईवीएम से एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन मतपेटी के माध्यम

से होगा। नगरपालिका निर्वाचन हेतु व्यय की सीमा एवं समय पर व्यय लेखा प्रस्तुत करने की जानकारी भी दी गई। नगरपालिका निर्वाचन 01 चरण में 11 फरवरी 2025 को होगा। त्रिस्तरीय पंचायत तीन चरण में से प्रथम चरण में बीजापुर 17 फरवरी 2025 को, द्वितीय चरण भोपालपटनम एवं उसूर में 20 फरवरी 2025 को एवं तृतीय चरण में भैरमगढ़ 23 फरवरी 2025 को सम्पन्न होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल द्वारा नगरपालिका निर्वाचन के ईव्हीएम के प्रयोग की सम्पूर्ण जानकारी दी गई एवं वार्डो में ईवीएम का डेमोस्ट्रेशन कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही गई।

आदर्श आचरण संहिता के दौरान बैनर, पोस्टर लगाने निजी घरों के उपयोग सभा आदि के आयोजन वाहनों के उपयोग आदि की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल द्वारा दी गई। पार्षद एवं अध्यक्ष के लिए नॉमिनेशन की फीस व्यय की अधिकतम सीमा व्यय लेखा प्रस्तुत करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से राजनैतिक दलों को दी गई।

जनपद पंचायत चुनाव | भविष्य का लक्ष्य क्षेत्र में समग्र विकास करना

मुकेश साहू ने जनता से कहा-आपके भरोसे पर खरा उतरूंगा, कभी टूटने नहीं दूंगा

■ क्षेत्रीय राजनीति का सबसे चर्चित चेहरा बने मुकेश साहू

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। सारंगढ़ जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 17 से जनपद सदस्य पद के लिए मैदान में उतरे परसदा बड़े गांव के निवासी मुकेश साहू आज क्षेत्रीय राजनीति का सबसे चर्चित चेहरा बन गए हैं। उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। अपने संघर्ष, सेवा और सादगी के लिए पहचाने जाने वाले मुकेश साहू ने क्षेत्र के विकास के लिए खुद को जनता के

बीच समर्पित कर दिया है।

जनता ने खुद किया नाम प्रस्तावित:-

मुकेश साहू की उम्मीदवारी किसी सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने खुद उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि, "हमने अब तक कई जनप्रतिनिधियों को देखा, लेकिन उनमें से किसी ने भी जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया। मुकेश साहू हमेशा हमारे सुख-दुख में बिना किसी पद या स्वार्थ के साथ खड़े रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि हम उन्हें हमारी आवाज बनने का मौका दें।"

मुकेश साहू की विनम्र शुरुआत:-

मुकेश साहू ने जनता के इस आग्रह को अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान बताया और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया। उनके इस फैसले ने पूरे क्षेत्र में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी है।

हर वर्ग से समर्थन:

मुकेश साहू को छोटे-बड़े, महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी के बीच पैठ बना रखी है। युवा वर्ग उनके साथ इसलिए खड़ा है क्योंकि वे उन्हें प्रेरणा और ऊर्जा का प्रतीक मानते हैं। महिलाओं का कहना है कि मुकेश साहू ने हर कठिनाई में उनके अधिकारों और जरूरतों का ध्यान रखा। बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे सच्चे मायने में जनसेवक हैं।

भावुक हुए मुकेश साहू:-

लोगों के इस प्यार और विश्वास से भावुक होकर मुकेश साहू ने एक सभा में कहा, "मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि आप सबका इतना समर्थन और स्नेह मिलेगा। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं वादा करता हूं कि आपके भरोसे को कभी टूटने नहीं दूंगा। आप ही मेरी ताकत हैं, और आपका विश्वास ही मेरी प्रेरणा है।"

विकास का विजन:-

मुकेश साहू ने अपने भविष्य के योजनाओं पर बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में समग्र विकास करना है।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के सुचारू संपादन के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्षता के साथ निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्यों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। कलेक्टर ने सभी को निर्वाचन के नियमों का पालन

करने के निर्देश दिये। उन्होंने नाम निर्देशन कि प्रक्रिया की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मतदान हेतु आवश्यक सामग्री, मतपेटी के वितरण, मतगणना की व्यवस्था, प्रशिक्षण व्यवस्था के साथ ही स्ट्रांग रूम में सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने त्रुटि रहित निर्वाचन सम्पन्न कराने को कहा।

न्यूज गैलरी

चिल्हर पैसा लेने के बहाने 20 हजार रूपये की ठगी,मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लखनपुर में एक खाताधारी कृषक से 20 हजार रूपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मिलन राम जाति रजवार ग्राम कोरजा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लखनपुर में अपने खाते से 20 हजार रूपये निकाला। इसी दौरान बैंक के समीप एक अजनबी युवक मिलन राम से बोला मुझे चिल्हर पैसे की जरूरत है। लिहाजा आप दो सौ रूपये वाले सभी नोट मुझे दे-दे इसके बदले में आप मुझसे पांच सौ रुपये वाले सभी नोट ले लें। यह कहकर अंजान युवक ग्रामीण से 20/- हजार रूपये वाले सभी नोट लेकर बोला पांच सौ रुपये वाले नोट लाकर देता हूं। युवक के साथ एक महिला भी थी 20/- हजार लेकर बैंक के पास लगे अस्पताल की ओर चला गया। ग्रामीण मिलन राम और उसका नातिन संजय राजवाड़े इंतजार करते रह गये। लेकिन अजनबी युवक लौट कर नहीं आया। बडी चालाकी से 20 हजार रूपए लेकर चला गया। ग्रामीण ने अपने साथ हुए धोखाधड़ी की शिकायत थाना लखनपुर उपस्थित आकर किया है। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर तथाकथित ठग युवक एवं उसके साथ वाली महिला को तलाश करने जुटी है।

मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी लेंगे शपथ

बलरामपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन सम्पूर्ण भारत में किया जाता है। इसी कड़ी में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस÷ के अवसर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया जाएगा। 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार शासकीय अवकाश होने के कारण 24 जनवरी 2025 मतदाता शपथ आयोजित किया जाएगा।

प्रिंटिंग प्रेस को देनी होगी पता एवं संख्या की जानकारी

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा ने जानकारी दी है कि पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मुद्रक और प्रकाशक के द्वारा निर्वाचन से संबंधित जो भी सामग्री प्रकाशन करेंगे, जिसमें मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम, छपाई, मुद्रित किये गये सामग्री की कुल संख्या व मुद्रण कि तिथि का लेख करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस द्वारा मुद्रित व छापे गये सामाग्री की संख्या की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय में तत्काल अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। ताकि मुद्रण एवं प्रकाशन पर की गई खर्च संबंधित प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जा सके।

मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सिटी बस चलाये जाने की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे

जिलेवासियों को सिटी बस जैसी मूलभूत सुविधाओं का नहीं मिला लाभ

मुंगेली/नवप्रदेश। जिलेवासियों को सिटी बस जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय का दर्जा मिले लगभग 13 वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन जो सुविधा जिले के यात्रियों को वर्षों पहले प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी जानी चाहिए थी, वह आज भी नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सिटी बस चलाये जाने की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे।

जिला बनने के बाद जहां मुंगेली नगर का विस्तार हुआ है सुविधाएं नही बढ़ पाई है। जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर से 3 किलोमीटर दूर जहां कलेक्ट्रेट आफिस का निर्माण किया गया है। वही लगभग 10 किलोमीटर दूर जिला पंचायत कार्यालय और 8 किलोमीटर दूर लाईवलीहूड कालेज के अलावा इंजीनियरिंग महाविद्यालय, आईटीआई, जवाहर नवोदय विद्यालय, साइंस कालेज की दूरियां भी लगभग 5-10 किलोमीटर के बीच में है। जहां आने-जाने में आम जन के अलावा छात्र-छात्राओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि मुंगेली से रायपुर रोड पर पण्डरभट्ठा से टेमरी, चकरभठा होते हुए फास्टरपुर-सेतगंगा होते हुए वापस मुंगेली, मुंगेली से करही कलेक्ट्रेट से गीधा तहसील कार्यालय, धरमपुरा जिला पंचायत कार्यालय, आरटीओ कार्यालय होते हुए

जरहागांव, बरेला से पथरिया होते हुए सोनपुरी, गितपुरी होते हुए वापस मुंगेली, मुंगेली से संगवा, सुरदा, जमकोर लाईवलीहूड कॉलेज, रोजगार पंजीयन कार्यालय, आईटीआई होते हुए कंतेली, मनोहरपुर होते हुए लोरमी तक, लोरमी से लालपुर, कोदवा से गीधा होते हुए जरहागांव से मुंगेली मार्ग पर चार सिटी बस चलाये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में सिटी बस का संचालन होने से बड़े शहरों की तरह जिले के यात्रियों को बस के सफर में कम किराया देना पड़ेगा और यात्रीगण सस्ते में सुगम यात्रा कर पाएंगे। वहीं त्यौहारी सीजन और शादी सीजन में तो यात्रियों को बस के अंदर जबरदस्ती ठूंस-ठूंस कर भरे जाते हैं, जिसके कारण महंगे दाम देने के बावजूद भी यात्रियों को सुगम यात्रा नसीब नहीं होती। जो यात्रियों की मजबूरी ही उनके शोषण का कारण बनता है। जिला बनने के बाद आम नागरिकों की मांग पर सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए बसों की स्वीकृति मिली थी। किन्तु जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये एवं सत्ता बदलने के पश्चात यह सुविधा प्रारंभ नही हो पाई। पथरिया, लोरमी जैसे दूरस्थ गांव से आने वाले लोगों को इन जगहों तक पहुंचने के लिए जहां जद्दोजहद उठानी पड़ती है वही आर्थिक क्षति भी होती है। जिले में ऑटो का संचालन तो किया जा रहा है किन्तु ऑटो चालकों की मनमानी पर भी प्रशासन का शिकंजा नही है। ग्रामीण लोगों को किराये के रूप में अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है। रामगढ़ स्थित जिला अस्पताल के पहुंच मार्ग जर्जर होने के साथ-साथ अबूझमार्ग होने के कारण लोगों को परेशानी होती है। साथ ही लगभग 9 किलोमीटर दूर जिला पंचायत होने के कारण लोगों को असुविधा होती है। स्थानीय विधायक एवं पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले इस दिशा में लगातार विधानसभा से लेकर अधिकारियों तक सिटी बस संचालन की बात रखते रहे। पूर्व में भाजपा शासन काल में स्वीकृत सिटी बस का संचालन कांग्रेस सरकार में नही हो पाई। सत्ता परिवर्तन एवं पुनः भाजपा की सरकार आने पर क्षेत्रवासियों को पुनः सिटी बस चालू होने की आस बंधी है। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेष पाठक ने 4 अलग-अलग मार्गो पर सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग की है। जिससे कम खर्च पर संबंधित जगहों पर पहुंचा जा

6 लाख रूपये लूट की घटना फर्जी निकली

मुनीम शुभम ने ही लूट की घटना का रचा था षड़यंत्र

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में एक दिन पूर्व 06 लाख रूपये लूट की घटना फर्जी निकली। मुनीम शुभम ठाकुर ने ही लूट की घटना का षड़यंत्र रचा था। सिटी कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश किया। मामले का मास्टरमाइंड आरोपी राईस मील के मुनीम शुभम ठाकुर एवं उसके साथी महावीर सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में धारा 309(4) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

नगर में दिनदहाड़े 21 जनवरी के दोपहर लगभग 3 बजे आहत राईस मील के मुनीम शुभम सिंह द्वारा उसके साथ गर्ल्स स्कूल मुंगेली के पीछे पुल के पास 6 लाख रूपये की लूट होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना को तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

सुश्री नवनीत कौर छाबडा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी, थाना प्रभारी गिरिजा शंकर यादव तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिले में नाकेबंदी चेक प्वाइंट लगाकर सघन चेक करने व साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की विशेष टीम गठित कर प्रकरण में तत्काल आरोपियों के संबंध में पता तलाश करने का निर्देश दिया गया। जिस पर साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की विशेष टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज (25-30 स्थान) की चेकिंग की गयी। विभिन्न फुटेज में आहत मुनीम शुभम ठाकुर का ही गतिविधियां संदिग्ध परिलक्षित हुई। इसी तारतम्य में तकनीकी आधार पर सर्विलांस करने एवं बैंक से पैसा आहरण करने संबंधी जानकारी प्राप्त करने एवं बारिकी से पूछताछ करने पर घटना का मास्टरमाइंड राईस मील का मुनीम शुभम ठाकुर ही निकला। जो अपने साथी महावीर सोनी के साथ मिलकर घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया था। आरोपी शुभम ठाकुर ने बताया कि पैसे से भरे ब्राउन कलर के बैग को लेकर रामगढ़ के आगे खाली प्लाट में गया। योजना अनुसार महावीर सोनी पहले से था, जो शुभम ठाकुर के मोबाइल को वहीं पास पटककर तोड़ दिया और वहां पर की मिट्टी को उठाकर शुभम के कपड़े में लगा दिया। बैग से पैसे निकालकर पैसे वाला बैग को फाड़कर वहीं पर फेक दिया। आरोपी शुभम द्वारा ब्लेड से अपने शरीर पर 3-4 जगह काटने का निशान बनाया व अपना टूटा हुआ मोबाईल को घटनास्थल के पास फेंक दिया। लूट का घटना होना साबित करने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों की सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य के आधार जांच कार्यवाही कर 500 के 10 बंडल एवं 100 के 10 बंडल कुल 06 लाख रूपये को आरोपियों से बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक प्रभारी सिटी कोतवाली गिरिजा शंकर यादव, प्रभारी साईबर सेल नंदलाल पैकरा, प्रधान आरक्षक दयाल गावस्कर, यशवंत डाहिरे, प्रमोद वर्मा, दिलीप साहू, रविकुमार जांगड़े आर अब्दुल रियाज, भेषज पाण्डेकर, अतुल सिंह, राजू साहू, बसंत डहरिया, गिरीराज सिंह, महेन्द्र सिंह राजपूत, राकेश बंजारे, हेमसिंह, रामकिशोर कश्यप, जितेन्द्र सिंह, अजय चंद्राकर, योगेश यादव की भूमिका रही।

मंदिरों में भगवान राम, हनुमान की पूजा अर्चना कर प्रसाद बांटे गए

मुंगेली/नवप्रदेश। आयोध्या में स्थापित राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पुर्ण होने पर जिले के सभी छोटे बडे नगर सहीत ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरो एवं सार्वजनिक स्थानों पर विविध धार्मिक आयोजन किए गए। आराध्य प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को शहर में विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंदिरों मे भगवान राम, हनुमान की पूजा अर्चना कर प्रसाद बांटे गए। घरो मे दिपक जलाकर रंगोली सजाई गई। महिलाओं ने भजन गाए। मनोहरपुर खपरीडीह मे रामोत्सव मनाया गया। आयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा विगत वर्ष 22 जनवरी को की गई थी। इसकी पहली वर्षगांठ को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह देखा गया। इस दिन को भव्य बनाने स्वयंसेवी व धार्मिक संगठनो ने अलग-अलग तरह का आयोजन किया। चौंक-चौंराहों में राम पर आधारित गीतों की गुंज होती रही। मंदिरो मे विशेष पुजन कर महाआरती की गई। मर्यादा पुरूषोत्तम राम का विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई। महिलाओं ने वाद्य यंत्रो की धुन पर प्रस्तुति दी। सनातनी अपने-अपने घर में 5-5 दिये जला कर मर्यादा पुरूषोत्तम राम के प्रति अपनी आस्था जताई।

जुलूस निकालने, आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करने पर प्रतिबंध

अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिले में लोक शांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान निर्विघ्न, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा क्षेत्र के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने, सभा करने, जुलूस निकालने, आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय-अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा राज्य शासन के उपक्रमों के अधिकारियों व कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अधिकारी-कर्मचारीगण बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान तथा मुख्यालय परित्याग नहीं करेंगे। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु जारी आदर्श आचरण संहिता के दौरान प्रचार वाहनों एवं सभाओं में लाउडस्पीकर के उपयोग, चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, जुलूस निकालने की अनुमति एवं जुलूस का मार्ग निर्धारण हेतु जिला पंचायत क्षेत्र में अनुविभागीय दण्डाधिकारी मुंगेली, जनपद क्षेत्रों के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालय के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदारध्नायब तहसीलदार को सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान दुरूपयोग से रोकने के लिए अस्त्र-शस्त्रों को जमा करना अनिवार्य है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने आदेश जारी कर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्रधारियों को अस्त्र-शस्त्र जमा करने कहा है। जिले के सभी लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्रधारी संबंधित पुलिस स्टेशन या शस्त्र जमा करने का लाइसेंस रखने वाले शस्त्र डीलर के पास जमा कर सकते हैं। जारी आदेश के अनुसार जो भी व्यक्ति अपने शस्त्र, डीलर के पास जमा करेंगे इसकी सूचना संबंधित थाने में प्रदान करेंगे और शस्त्र डीलर इसकी जानकारी संबंधित थाने एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। यह आदेश जिले के निवासियों तथा बाहर से आए लाइसेंसधारियों पर भी लागू होगा।

2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में चिन्ह लगवाना अनिवार्य

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया है कि कार्यालय परिवहन आयुक्त नवा रायपुर के द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी ने आम नागरिकों से कहा है कि जिनका भी वाहन 01 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत है वह हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह अपने वाहन में लगवायें। अपने वाहनों में सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने के लिए परिवहन विभाग के वेबसाइट सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट जीओव्ही डॉट ईन में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर अपने नजदीकी वाहन डीलर से 19 मार्च 2025 तक लगवा सकते हैं।

कलेक्टर ने लुण्ड्रा के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का लिया जायजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर बुधवार को प्रशासनिक अमले के साथ विकासखण्ड लुण्ड्रा क्षेत्र के दौरे पर निकले। उन्होंने यहां धान खरीदी केन्द्रों, निर्माणाधीन सड़कों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर भोसकर ने सबसे पहले धान उपार्जन केंद्र बटवाही, उपार्जन केंद्र लुण्ड्रा, उपार्जन केंद्र बरगीडीह का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबन्धकों से खरीदी के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धान बेचने आए किसानों से धान बेचने और राशि के भुगतान पर फीडबैक लिया।



उन्होंने इस दौरान सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर भोसकर ने क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने करेसर से करिलधोवा कोरवापारा अमगांव लंबाई 1.280 किमी, मेन रोड मोहरा से धमनापारा लंबाई 1.275 किमी एवं गेरसा से चितालता लंबाई 2.375 किमी का निरीक्षण किया तथा जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर भोसकर द्वारा प्राथमिक शाला महोरा, आंगनबाड़ी केंद्र महोरा, प्राथमिक शाला गेरसा का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सहित शिक्षण सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके पश्चात भोसकर आदिवासी बालक आश्रम कुदर पहुंचे, उन्होंने यहां बच्चों शयनकक्ष, शौचालय तथा आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गेरसा से सुदूर ग्राम चितालाता निर्माणाधीन सड़क कार्य का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने बीते अगस्त माह में प्रशासनिक टीम के साथ विकासखण्ड लुण्ड्रा के सुदूर ग्रामों का दौरा किया था जिसमें सुदूर क्षेत्र में बसा ग्राम चितालाता भी शामिल रहा। पूर्व ने हुए निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस पहाड़ी कोरवा बहुल ग्राम में पहुंच मार्ग और स्कूल की स्थिति देखी।

जंगल, घाट के दुर्गम रास्ते से ग्राम तक पहुंचना मुश्किल था, जहां कलेक्टर श्री भोसकर स्वयं बाइक चलाकर ग्रामवासियों से मिलने पहुंचे थे। कलेक्टर भोसकर के निर्देश के बाद आज लगभग 4 महीनों बाद

कि स्थिति ऐसी है कि चारपहिया वाहन भी आसानी से ग्राम तक पहुंच रहा है। बुधवार को कलेक्टर भोसकर निर्माणाधीन सड़क का जायजा लेने पहुंचे, जहां संबंधित अधिकारी ने बताया कि गेरसा से चितालाता मार्ग की लम्बाई 2.375 किलोमीटर है, जिसमें मिट्टी कार्य, जीएसबी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़क का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर भोसकर ने ग्राम चितालाता पहुंचकर स्कूल का निरीक्षण किया था जहां स्कूल की जर्जर स्थिति देख आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। दिनांक 30 सितंबर को स्कूल का काम पूरा हुआ। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद शाला का जायजा लिया काम का जायजा लिया। स्कूल में छत, दीवारों और फर्श की मरम्मत की गई है। कलेक्टर भोसकर इस दौरान बच्चों से मिले और उनके साथ भोजन किया।

चुनाव | नगर में अचार संहिता लगते ही दोनों प्रमुख पार्टियों की बैठकों का दौर शुरू हो गया

दावेदार अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं को रिझानें कर रहे भेंट मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में अचार संहिता लगते ही दोनों प्रमुख पार्टियों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है। टिकट के दावेदारों की फौज सक्रिय नजर आने लगे है। दावेदार अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं को रिझानें भेंट करने में लगे है जबकि अभी तक किसी भी पार्टियों द्वारा अधिकृत रूप से प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गयी है। अध्यक्ष की दावेदारी करने वाले कई नेता अध्यक्ष के साथ ही पार्षद चुनाव जीतने के लिए विकल्प के तौर पर सुरक्षित सीट की तलाश में जुटे हुए है।

नगर में इन दिनों चुनाव को लेकर सियासी गर्मी अपने शबाब पर है। शहर में अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त घोषित हुआ है। इसके कारण स्वाभाविक रूप से यहां दावेदारों की फौज खड़ी हो गई है। कांग्रेस और भाजपा में कई बड़े नाम भी दावेदारो की सूची में शामिल है। कल तक जो नेता अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर रहे थे। अध्यक्ष की टिकिट नही मिलने पर उन्होने अपने लिए सुरक्षित पार्षद की सीट तलाशनी शुरू कर दी है।

जिससे पुराने पार्षद और बड़े नेताओं के बीच जमकर जुबानी जंग चल रही है। नेता फिर से वार्ड आरक्षण की लिस्ट देखकर अपने लिए सुरक्षित सीट तलाशते नजर आ रहे है। सुरक्षित सीट से लेकर

अनारक्षित सीट तक नए-नए दावेदार सामने आ रहे है। नगर पालिका समुचे 22 वार्डों में दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। सबसे ज्यादा हलचल दोनो प्रमुख पार्टियों में बैठकों का दौर के बाद दावेदारों के आवेदन पर विचार किया जा रहा है। प्रमुख राजनीतिक दल के चुनाव प्रभारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेकर चुनाव लड़ने के इच्छुक नामो की जानकारी लेकर समीक्षा करने में लगे हुए है। नगर पालिका कार्यालय में पार्षद पद के दावेदार चुनाव लड़ने के पूर्व नगर पालिका में बकाया टेक्स वसूली की जानकारी लेकर भुगतान कर अनापत्ति लेने में जुटे हुए है। नगर पालिका के कर्मचारियों ने बताया कि अध्यक्ष एवं पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए निवास करने वाले घरों की बकाया टेक्स जमा करने के लिए देय राशि की जानकारी प्राप्त की जा रही है। दर्जन भर लोगों ने बकाया टेक्स का भुगतान किया है। नगर पालिका चुनाव को लेकर चौक-चौराहों से लेकर पान ठेलों एवं हॉटलों में भी संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

स्थानीय/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन लड़ने वाले निगम के बकायेदारों से लिया जाएगा एनओसी

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम अंतर्गत राष्ट्रीय निगम की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछडा वर्ग की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ईकाई ऋण मासिक किस्तों में भुगतान की शर्त पर ऋण राशि का वितरण किया गया है। हितग्राहियों द्वारा ईकाई ऋण स्थापित् करने उपरांत भी मासिक ईकाई ऋण किस्त राशि को जमा नहीं किया जा रहा है, जिससे प्रदाय किया गया ऋण कालातीत हो गया है। इस विभाग के ऋणी हितग्राहियों द्वारा स्थानीय निर्वाचन/पंचायत निर्वाचन में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिपं सदस्य, पार्षद अध्यक्ष, पद पर चुनाव लड़ने की सम्भावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि निकट भविष्य में आपके अधिकार क्षेत्र अंतर्गत् स्थानीय निर्वाचन/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में बकायेदारों से जो निर्वाचन लड़ने हेतु नामांकल दाखिल करेंगे उन पर कार्यवाही करते हुए एनओसी लिया जाना सुनिश्चित करें।

न्यूज गैलरी

शेयर बाजार हरे निशान में खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुला। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। सुबह 9ः45 पर सेंसेक्स 115 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,555 और निफ्टी 37 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,193 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 592 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 53,705 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 160 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,332 पर है। आईटी शेयर बाजार को लीड कर रहे हैं। निफ्टी आईटी इंडेक्स 845 अंक या 1.96 प्रतिशत बढ़कर 43,424 पर था। इसके अलावा ऑटो, फार्मा, रियल्टी और मीडिया इंडेक्स में आधा प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स में जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, बजाजा फिनसर्व, इन्फोसिस, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। एचयूएल, नेस्ले, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि निफ्टी 23,300 के स्तर को टेस्ट करने की तैयारी कर रहा है। अगर एनएसई बेंचमार्क इस लेवल को तोड़ता है तो 23,600 से लेकर 23,800 के स्तर तक जा सकता है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 1,473 शेयर हरे निशान में और 821 शेयर लाल निशान में थे। एशियाई बाजारों में तेजी बनी हुई है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और जकार्ता बाजार हरे निशान में बने हुए हैं। बैंकॉक और सियोल में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुए थे। कच्चे तेल में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड 0.34 प्रतिशत गिरावट के साथ 78.43 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.14 डॉलर प्रति बैरल पर है।

पोको का एक्स 7 5जी स्मार्टफोन लॉन्च, फ्लिपकार्ट पर 19,999 रुपए में उपलब्ध

नई दिल्ली। देश की अग्रणी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी पोको ने शुक्रवार को अपना नया स्मार्टफोन पोको एक्स7 5जी लॉन्च कर दिया। यह स्मार्टफोन खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है, जो टिकाऊ और बेहतरीन प्रदर्शन और मजबूत बिल्ड क्वालिटी चाहते हैं। इस स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर तमाम फीचर्स इसे बेहतरीन बनाते हैं। पोको एक्स7 5जी लॉन्च होने के बाद से ही फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 19,999 रुपए है। इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए पहले दिन 2,000 रुपए का डिस्काउंट कूपन भी मिल रहा है। इसके साथ ही यूजर्स को इसे खरीदने के लिए 9 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध है, जिससे यह एक बेहतरीन डील बन जाती है। इसमें 1.5के एएमओएलईडी 3डी कर्व्ड डिस्प्ले है। यह डिस्प्ले यूजर्स को बेहतरीन अनुभव देता है। डिस्प्ले को 3000 निट्स पीक ब्राइटनेस और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 की सुरक्षा दी गई है। यह स्मार्टफोन आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ पानी, धूल और रोजाना के खतरों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। पोको एक्स7 5जी में मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 अल्ट्रा चिपसेट दिया गया है। यह चिपसेट स्मार्टफोन को तेज और बेहतरीन बनाता है। इससे यूजर्स को अलग ही अनुभव मिलता है। इस स्मार्टफोन में 5500 एमएएच की बैटरी है, जो 45 वॉट हाइपरचार्ज के साथ दिनभर की बैटरी लाइफ देती है। पोको एक्स7 5जी ब्रांड के मेड ऑफ मैड थीम पर आधारित है। यह बाजार में इनोवेशन और हाई क्वालिटी के प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देगा। यह स्मार्टफोन यूजर्स को नया अनुभव देने वाला है। यह शानदार स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।

वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 384 प्रतिशत बढ़कर 208.33 लाख रुपए हुआ

एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 384 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

मुंबई। विभिन्न कृषि उत्पादों, वस्तुओं और मसालों के अग्रणी निर्यातक एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का पीएटी 384प्रतिशत बढ़कर 208.33 लाख रुपए दर्ज किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 43.03 लाख रुपए था।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से आय 58% बढ़कर 7352.97 लाख रुपए हुई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के में 4649.69 लाख रुपए थी। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, कंपनी का पीएटी 384% बढ़कर 614.30 लाख रुपए हुआ है, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 126.88 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए परिचालन से आय 64त्न बढ़कर 21,420 लाख रुपए हुई है, जो पिछले वर्ष 13,062 लाख रुपए थी। पिछली तीन तिमाहियों में, अस्थिर माहौल के बावजूद, एनएचसी फूड्स के प्रदर्शन ने कंपनी की टॉपलाइन और बॉटमलाइन दोनों पर मजबूत वृद्धि हासिल करने की उल्लेखनीय क्षमता दिखाई है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कंपनी 200.88 लाख, दूसरी तिमाही में 205.08 लाख और तीसरी तिमाही में 208.33 लाख रुपए का लाभ हुआ, जो पूरे वित्तीय वर्ष 2024 के लिए 234.74 लाख रुपए का मुनाफा पार कर गया है। इन परिणामों पर बोलते हुए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक सत्यम जोशी ने कहा कि तिमाही और नौ महीने की अवधि के दौरान एनएचसी फूड्स का प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद मजबूत टॉपलाइन और बॉटमलाइन विकास हासिल करने की असाधारण क्षमता को दर्शाता है। उत्पाद और बाजार विस्तार पर कंपनी का ध्यान वास्तव में उत्पादन, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास में रणनीतिक निवेश की ओर केंद्रित है, जो एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है।श्री सत्यम जोशी ने आगे कहा, ÷मौजूदा राइट्स इश्यू का सफल समापन वास्तव में कंपनी के प्रबंधन और भविष्य की विकास संभावनाओं में निवेशकों और हितधारकों के विश्वास का प्रमाण है।÷ अपने विस्तार और ब्रांड-निर्माण रणनीति के हिस्से के रूप में, एनएचसी फूड्स ने एक अत्याधुनिक तिल के बीज की सफाई और हलिंग फैसेलिटी स्थापित करने व अपने प्रमुख मसाला ब्रांड, साज़ को पुनर्जीवित करने के लिए बड़ी धनराशि आवंटित की है। गुजरात के पारडी में अत्याधुनिक तिल के बीज की सफाई और छिलका उतारने की सुविधा विशेष रूप से चीन, कोरिया, तुर्की, अमेरिका और यूरोप जैसे प्रमुख निर्यात बाजारों में तिल आधारित उत्पादों की बढ़ती घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह प्लांट एक वर्ष के भीतर चालू होने की उम्मीद है और इससे महत्वपूर्ण आय वृद्धि होने की उम्मीद है।

यह निवेश घरेलू आपूर्ति क्षमताओं को बढ़ाकर वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह तिल उद्योग में कंपनी की अग्रणी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रोडेक्ट इनोवेशन के मामले में एनएचसी फूड्स का प्रमुख मसाला ब्रांड, साज़, अपने उपभोक्ता ब्रांड पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रणनीतिक सुधार के लिए तैयार है।

असम 1009 करोड़ की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर

पूर्वोत्तर में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 1,854 करोड़ रूपये के पार

गुवाहाटी। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों ने प्रत्यक्ष बिक्री में लम्बी छलांग भरते हुए करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर वर्ष 2022-23 में 1854 करोड़ रूपये से अधिक का कारोबार किया जो न केवल गत वर्षावधि से 255 करोड़ रूपये अधिक है बल्कि ठोस भावी दिशा को भी परिलक्षित करता है। देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की अग्रणी संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने आज यहां आयोजित द्वितीय पूर्वोत्तर प्रत्यक्ष बिक्री सम्मेलन और प्रदर्शनी कार्यक्रम में इसका खुलासा किया।

आईडीएसए ने बताया कि 21,282 रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में पूर्वोत्तर क्षेत्र की लगभग 8.7त्न की हिस्सेदारी है और यह 4.2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष विक्रेताओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करता है। इस क्षेत्र में असम 13 प्रतिशत की सालाना विकास दर के साथ 1009 करोड़ रूपये की बिक्री और 4.7त्न की बाजार हिस्सेदारी से देश का न केवल 9वां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष बिक्री बाजार है बल्कि सहयोगी राज्यों में भी शीर्ष क्रम पर है और यह मुकाम उसे 2.4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष विक्रेताओं की अथक मेहनत की बदौलत हासिल हुआ है। आईडीएसए के अनुसार पूर्वोतर क्षेत्र के अन्य सात राज्य कुल बिक्री में लगभग 845 करोड़ का योगदान करते हैं जिनमें नागालैंड 227 करोड़, मिज़ोरम 156 करोड़, अरुणाचल प्रदेश 78 करोड़, त्रिपुरा 72 करोड़, मेघालय 19 करोड़ और सिक्किम की पांच करोड़ रूपये की हिस्सेदारी है। मिजोरम ने सर्वाधिक 31त्न, सिक्किम 25त्न, नागालैंड 22.7त्न और मणिपुर ने 20त्न की चौंकाने वाली विकास दर हासिल की है। उल्लेखनीय है कि प्रत्यक्ष विक्री उद्योग पूर्वोत्तर राज्यों के खजाने में करों के माध्यम से सालाना लगभग 300 करोड़ रूपये का भी योगदान करता है जो इस क्षेत्र के विकास में इसकी मजबूत भूमिका को दर्शाता है। असम की उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव सुश्री अनासुआ दत्ता बरुआ ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के लिए निर्धारित नियामक तंत्र के अंतर्गत अनुकूल माहौल सुनिश्चित करते हुये उपभोक्ताओं के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष बिक्री कम्पनियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा उपभोक्तओं की शिकायतों के निवारण हेतु राज्य सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप राज्य में निगरानी कमेटी का गठन किया है जिसके सदस्यों में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आईडीएसए भी शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक तंत्र बनाने पर काम कर रही है ताकि प्रत्यक्ष बिक्री कम्पनियां नियमों का पालन करें। प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रिनिकी भुयान शर्मा ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में समाज और राष्ट्रीय विकास में महिलाओं के योगदान की सराहना की।

स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही लड़ाई

एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन सोशल मीडिया पर भिड़े

सैन फ्रांसिस्को। एक्सएआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन एक्स पर भिड़ गए हैं। ये लड़ाई स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर अमेरिका में एआई के लिए कई डेटा सेंटर बनाएगी। दोनों कम्पनियों को उम्मीद है कि वे स्टारगेट के लिए शुरू में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी तथा अगले चार वर्षों में इस उद्यम में 500 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी।संयुक्त बयान में कहा गया, सॉफ्टबैंक और ओपनएआई स्टारगेट के प्रमुख भागीदार हैं, सॉफ्टबैंक के पास वित्तीय जिम्मेदारी है और ओपनएआई के पास परिचालन जिम्मेदारी है। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर कई पोस्ट में लिखा, वास्तव में उनके पास पैसा नहीं है। सॉफ्टबैंक ने 10 बिलियन डॉलर से कम की रकम सुरक्षित कर ली है। मुझे इस बारे में अच्छे स्रोत से जानकारी मिली है। ऑल्टमैन ने बुधवार को एक एक्स पोस्ट में मस्क

पर पलटवार किया। मस्क के इस आरोप पर कि सॉफ्टबैंक के पास पूंजी की कमी है, जवाब देते हुए ऑल्टमैन ने कहा, गलत जानकारी, और आप ये निश्चित रूप से जानते हैं। ऑल्टमैन ने कहा कि स्टारगेट देश के लिए बहुत अच्छा है। मुझे एहसास है कि जो देश के लिए अच्छा है वह हमेशा आपकी कंपनियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता लेकिन आपको जो नई जिम्मेदारी मिली है उससे मुझे उम्मीद है कि आप अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे। ओपनएआई की तरह एक्सएआई भी अपने एआई सिस्टम को विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे की तलाश में है।टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि मस्क की कंपनी ने मेम्फिस में अपने एकल डेटा सेंटर पर 12 अरब डॉलर खर्च किए हैं और सुविधा को अपग्रेड करने में अरबों डॉलर और खर्च कर सकती है।

एनएसई पर यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या पहली बार 11 करोड़ के पार

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को ऐलान किया कि एक्सचेंज पर यूनिक इन्वेस्टर्स (यूनिक पैन) की संख्या पहली बार 11 करोड़ को पार कर गई है। इसके साथ ही कुल क्लाइंट अकाउंट की संख्या 21 करोड़ से अधिक हो गई है। भारत में शेयर बाजार का चलन बढ़ने के कारण बीते कुछ वर्षों में एनएसई पर निवेशकों की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिला है और यह पांच साल में 3.6 गुना हो गई है। 1994 में एनएसई के ऑपरेशन शुरू होने के बाद एक करोड़ यूनिक इन्वेस्टर होने में करीब 14 वर्ष का समय लगा था, लेकिन इसके बाद अगले एक करोड़ नए इन्वेस्टर्स आने में सात वर्ष और अगले एक करोड़ इन्वेस्टर्स और जुड़ने में 3.5 वर्ष और फिर अगले करोड़ इन्वेस्टर्स जुड़ने में एक वर्ष से अधिक का समय लगा था। एनएसई ने नोट में कहा कि यूनिक इन्वेस्टर्स



की संख्या में पिछले कुछ समय में काफी बढ़ोतरी हुई है। 6 से 7 महीने में अतिरिक्त 1 करोड़ निवेशक जुड़े हैं। वहीं, आखिरी एक करोड़ इन्वेस्टर्स पिछले पांच महीने में आए हैं, जो बाजार में बढ़ती इन्वेस्टर्स की भागीदारी को दिखाता है। एक्सचेंज के मुताबिक, बीते पांच महीनों से प्रतिदिन करीब 47,000 से लेकर 73,000 के बीच में यूनिक इन्वेस्टर्स के पंजीकरण हो रहे हैं। इसका कारण वित्तीय सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, डिजिटलाइजेशन बढ़ना और शेयर बाजार का मजबूत प्रदर्शन है। 2024 में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 8.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया।

भारत में लोग खरीद रहे बड़े फ्लैट, 2024 में औसत साइज 8 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। भारत में अब लोग पहले के मुकाबले बड़ा फ्लैट खरीदना पसंद कर रहे हैं। दरअसल, 2024 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 8 प्रतिशत बढ़कर 1,540 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,420 स्क्वायर फीट था। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक ग्रुप ने कहा कि 2024 में नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में औसत फ्लैट साइज 29 प्रतिशत बढ़कर 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,890 स्क्वायर फीट था। इसकी वजह लग्जरी घरों की आपूर्ति बढ़ना है।रिपोर्ट में बताया गया कि 2019 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 1,145 स्क्वायर फीट था। इसमें पिछले छह वर्षों में

34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से पिछले एक साल में एनसीआर में नए लग्जरी हाउसिंग सप्लाई में हुई बढ़ोतरी के कारण है।उन्होंने आगे कहा, यहां के डेवलपर्स मांग पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उसके मुताबिक प्रोडक्ट्स तैयार कर रहे हैं। यही वजह है कि एनसीआर में 1.5 करोड़ रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाले घरों में नई आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है।2023 में लॉन्च की गई कुल 36,735 इकाइयों में से,लग्जरी सेगमेंट की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी। 2024 में एनसीआर में लॉन्च की गई 53,000 इकाइयों में से इस सेगमेंट की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत थी।2019 में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में औसत फ्लैट का आकार 784 स्क्वायर फीट था और 2024 में 8 प्रतिशत बढ़कर 849 स्क्वायर फीट हो गया। 2020 के बाद एमएमआर में औसत आकार 2024 में सबसे अधिक 849 स्क्वायर फीट था।अन्य दक्षिणी शहरों जैसे चेन्नई और बेंगलुरु में औसत फ्लैट का आकार 2024 में क्रमशः 1,445 और 1,660 स्क्वायर फीट था। कोलकाता का औसत फ्लैट आकार 1,149 स्क्वायर फीट था जबकि पुणे में यह 2024 में 1,135 स्क्वायर फीट था।रिपोर्ट के अनुसार, एनसीआर में पिछले छह वर्षों में औसत फ्लैट का आकार 95 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2019 में 1,250 स्क्वायर फीट था।

खेल

स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

मेलबर्न। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया।

स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं।

स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया।

पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा।नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं।

हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की।कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया।फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने मेलबर्न में यूक्रेन की नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अपने सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और अपने तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कीज़ ने 2025 की अपनी शानदार शुरुआत के दौरान अब लगातार दस मैच जीते हैं, उन्होंने पिछले सप्ताह एडिलेड में अपना नौवां करियर खिताब जीता था। कुल मिलाकर, वह इस सीजन में 12-1 से आगे हैं और उनकी एकमात्र हार ऑकलैंड में अंतिम चैंपियन क्लारा टॉसन से हुई थी।सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को मेलबर्न पार्क में खेले जाएंगे। स्वीयाटेक और कीज़ का मुकाबला विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 12 पाउला बडोसा के बीच पहले सेमीफाइनल के बाद होगा।अगर सबालेंका और स्वीयाटेक शनिवार के फाइनल में पहुंचती हैं, तो यह मुकाबला तय करेगा कि मेलबर्न पार्क से वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में कौन निकलता है।

एमआई से निकाले गए बल्लेबाज ने आईएलटी20 में मचाया गदर

*आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए खेलेगा

नईदिल्ली। इस समय दुनियाभर में 3 टी 20 लीग खेली जा रही है. ऑस्ट्रेलिया में बीबीएल, साउथ अफ्रीका में एसएटी20 लीग लीग खेली जा रही है. इस के साथ ही यूएई में इंटरनेशनल टी 20 लीग खेली जा रही है. इस लीग में एमआई के एक पूर्व खिलाड़ी ने धुआंधार बल्लेबाजी की है और सिर्फ 5 गेंद पर 26 रन ठोक तहलका मचा दिया है. 21 जनवरी को आईएलटी20 का 14 वां मैच एमआई अमीरात और अबूधाबी नाइट राइडर्स के बीच खेला गया।

इस मैच में अमीरात को 28 रन से जीत मिली. अमीरात की तरफ से पारी के आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड ने तूफानी पारी खेली और सिर्फ 5 गेंद में 26 रन बना दिए. शेफर्ड ने अली खान के ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का, तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाया. इसके बाद आखिरी 2 गेंदों पर भी इस बल्लेबाज ने 2 छक्के लगाए. कुल 5 गेंदों पर उन्होंने 26 रन बनाए. पहले बैटिंग करते हुए निकोलस पूरन के 49 और रोमारियो शेफर्ड के 13 गेंद में 3 छक्के और 4 चौके की मदद से बनाए नाबाद 38 रन की मदद से 6 विकेट पर 186 रन बनाए. अबूधाबी नाइट राइडर्स 9 विकेट पर 158 रन बना सकी और मैच 28 रन से हार गई. शेफर्ड ने दमदार बल्लेबाजी के बाद 2 विकेट भी झटके और प्लेयर ऑफ द मैच रहे. आईएलटी20 में एमआई अमीरात का हिस्सा रोमारियो शेफर्ड आईपीएल में भी मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे लेकिन आईपीएल 2025 से पहले एमआई ने उन्हें रिलीज कर दिया था. मेगा ऑक्शन में 1.5 करोड़ में इस विस्फोटक ऑलराउंडर को आरसीबी ने खरीदा था. शेफर्ड पूर्व में मुंबई इंडियंस के लिए भी तूफानी पारियां खेल चुके हैं. उनके मौजूदा फॉर्म को देख आरसीबी निश्चित रुप से राहत की सांस ले रही होगी और ये उम्मीद कर रही होगी कि आईपीएल के अगले सीजन में भी उनका ऐसा ही प्रदर्शन रहे।

संक्षिप्त खबरें..

जब्त पनीर गायब होने पर अधिकारी सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी परीसर से लगभग ढाई हजार किलो पनीर गायब होने के मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया है। खाद्य नियंत्रक चंदन कुमार ने निलंबन आदेश जारी किया है। साथ ही पूरे मामले में जांच बिठा दी गई है। इस बात की पड़ताल की जा रही है की आखिर सरकारी परिसर से नकली पनीर चुराने वाला और खबर प्रसारण के बाद बड़ी मात्रा में पनीर वापस पहुंचाने वाला कौन है। इस मामले में नटकीय घटक्रम सामने आया था। बुधवार को अधिकारियों के आने के पहले अज्ञात व्यक्ति ने बड़ी मात्रा में 50-50 किलो वाली पनीर की 16 पेटियां वापस पहुंचा दी हैं। संबंधित अधिकारी मीडिया के सामने नहीं बता पा रहे हैं की आखिर कौन सी गाड़ी पेटियां छोड़ कर गई, उसका मालिक कौन है और पेटियों में बंद पनीर कहीं बदल तो नहीं दिया गया।

गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन की बिक्री

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर रायपुर नगर निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा स्वच्छता निरीक्षक मांस-मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने-अपने जोन में मांस-मटन की दुकानों के सतत पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया है।

सीएम साय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा कि नेताजी के द्वारा देश के लिए किए गए अतुल्य योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेताजी अपने साहसिक नेतृत्व और देश प्रेम के लिए जाने जाते थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'' जैसे नारों से देशवासियों में उत्साह का संचार किया और आजादी के लिए देशवासियों को अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा जीवन आज भी युवाओं को देश की सेवा के लिए अथक परिश्रम करने हेतु प्रेरित करता है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेता जी का योगदान युवाओं को सदैव प्रेरित करते रहेगा।

कलेक्टर ने कार्य से रायपुर निगम आए आमजनों से चर्चा की

रायपुर /नवप्रदेश। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन पहुंचे.नगर निगम प्रशासक ने नगर निगम कार्यालय में कार्य से आये आमजनों से चर्चा कर जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों के कार्यों को समय पर करवाएं. उन्हें कार्य करवाने इधर - उधर भटकना ना पड़े। आमजनों के साथ अधिकारी एवं कर्मचारीगण अच्छा व्यवहार करें। अपने दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करें. जिला कलेक्टर एवं प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने भूतल पर नगर निगम लोक सेवा केन्द्र की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा की उपस्थिति में किया. वहाँ कार्य से पहुंचे नागरिकों से चर्चा की।

पूर्व पार्षद ने जमीन पर किया अवैध कब्जा-बृजलाल

रायपुर/नवप्रदेश। कमलाबाई पति बैसाखू ढीमर बृजलाल वल्द जद्दूराम सपहा निवासी महामाईपारा पुरानी बस्ती रायपुर के निवासियों ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया कि पूर्व पार्षद सालिकराम सिंह ठाकुर एवं उनके 20 साथियों ने पहन. 00062 रानिमं -रायपुर 12 रायपुर व तहसील जिला रायपुर छग में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-1715/31 रकबा 0.172 हेक्टेयर भूमि जिसके विक्रेता पुनऊराम वल्द मुकुंदीलाल पटेल निवासी कंकाली पारा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16 अक्टूबर 1990 को क्रय किया था। उक्त भूमि के चारों ओर बड़ा दरवाजा एवं बाऊंड्रीवाल करवाया गया था जिसे चार दिन पूर्व सालिकराम सिंह ठाकुर एवं उनके साथियों द्वारा तोड़कर जबरिया कब्जा फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर किया गया है। उक्त मामले को लेकर पुरानी बस्ती थाना में भी रिपोर्ट दर्ज करायी गई है किंतु पुलिस स्टॉफ द्वारा अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। सीएसपी पुरानी बस्ती थाना को दिये गये आवेदन में वार्ताकारों ने उक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवा कर उन्हें वापस करवाने की मांग की है।

तेज रफ्तार वाहन ने मासूम को कुचला, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना तिल्दा-सिमगा मार्ग पर ग्राम बिलाड़ी के पास की है। मृतक की पहचान मयंक यादव के रूप में हुई है, जो हरीश यदु का पुत्र था। दुर्घटना उस समय हुई जब मयंक अपनी दादी के साथ खेत से घर लौट रहा था। सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार हाइवा (नंबर ष्टत्र 28 क्क 1028) ने उसे कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने हाइवा को रोक लिया और आक्रोश में सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश जारी है।

दिल्ली तक पहुंची धमतरी के कमारों की धमक

राष्ट्रीय मंच पर सरोज ने सुनाई जनजातीय समुदाय के विकास की गाथा

प्रधानमंत्री जनमन कॉन्क्लेव में शामिल हुए कमार जनजाति के सदस्य

धमतरी/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति कही जाने वाले धमतरी की कमार जनजाति की पहुंच अब दिल्ली तक हो गई है। पहली बार इस जनजाति के सरोज नेताम ने भारत मण्डपम में आयोजित प्रधानमंत्री जनमन कॉन्क्लेव में अपने जनजातीय समुदाय के विकास की गाथा सुनाई। कमार जनजाति के सामाजिक-आर्थिक सहित सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कामों का प्रजेंन्टेशन भी देशभर के आईएएस अधिकारियों और कलेक्टरों के समक्ष प्रस्तुत किया। नेताम ने कमार जनजाति के सदस्यों के आगे बढ़ने में आने वाली बाधाओं- परेशानियों को कॉन्क्लेव में सभी के साथ साझा किया और इन चुनौतियों से निपटने के लिए जनमन योजना द्वारा मिले लाभ के बारे में भी सभी को बताया। धमतरी जिले में 130 बसाहटों में 7 हजार से अधिक कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। एक हजार आठ सौ परिवारों का यह कुनबा दूरस्थ वनांचलों के अलग-अलग इलाकों में बिखरा पड़ा है। जनमन योजना से शिक्षा, स्वास्थ्य, सबको घर, खेती-किसानी की सुविधाएं, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज बनाने से लेकर हितग्राही मूलक योजनाओं को इन तक पहुंचाकर विशेष पिछड़ी जनजाति को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की पहल धमतरी जिले में साकार से हो पाई है। इन योजनाओं को कमार जनजाति के लोगों तक पहुंचाने में खुद सरोज कुमार नेताम का विशेष योगदान रहा है और वे अब अपनी जनजाति के लिए ''जनमन मिते, जमाय चो हिते,'' के रूप में स्थापित हो गए हैं। जनमन पैकेज से बदला माहौल, हमारी चिंता करने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवादः- नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित कॉन्क्लेव में देशभर के प्रशासनिक अधिकारियों को अपने जनजातीय समुदाय की विकास गाथा बताते हुए कमार समाज के प्रमुख श्री सरोज नेताम ने कहा कि अशिक्षा और जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण कमार समाज विशेष पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में शामिल है। घुमंतू जीवन जीने, स्थायी आवास नहीं होने, खेती-किसानी का अभाव, बाल विवाह जैसी कुप्रथा और प्रशासन की पहुंच से दूर होने के कारण लंबे समय से यह जनजाति पिछड़ेपन का दंश झेल रही है। श्री नेताम ने बताया कि कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के नेतृत्व में प्रशासन ने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत कमार जनजाति के विकास के लिए परिणाममूलक योजना तैयार की। निर्धारित समय अवधि में योजना अनुसार घटकों की पूर्ति की गई और जनमन योजना का एक पूरा पैकेज हमारी जनजाति को मिला। कमार गांवों में सड़क, लोगों को रहने के लिए स्थायी घर, बिजली और पानी के साथ बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षक भी मिले। श्री नेताम ने इन सभी सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का भी आभार जताया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की चिंता करने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जनमन पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया। कमारों की सहभागिता और जरूरतों के हिसाब से बनी योजना के प्रशासनिक स्तर पर क्रियान्वयन का परिणाम यह हुआ कि आज 7 हजार एक सौ से अधिक कमार सदस्यों के आधार कार्ड बनाए जा चुके हैं। 650 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलना शुरू हो गई है।

विकास योजनाएं बनाने और क्रियान्वयन तथा मॉनिटरिंग के लिए कमार समुदाय की सहभागिता से मिला रिजल्ट

कमार जनजातीय समुदाय की विकास गाथा को बताते हुए नेताम ने आगे कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में विकास कार्यों को करना अपने आप में एक चुनौती थी, परन्तु जिला प्रशासन की योजना काम कर गई। योजना में कमार समुदाय की पूरी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय भाषा में संवाद का प्रयास किया। जनमन योजना में परिणाम पाने के लिए प्रशासन ने समयबद्ध प्लानिंग की। कमार बसाहटों के दस सर्किलों के अध्यक्षों और हर गांव के ग्राम अध्यक्ष को योजना में शामिल किया गया। विकास योजनाएं बनाने और उनके क्रियान्वयन तथा मॉनिटरिंग के लिए भी कमार समुदाय की सहभागिता स्टैक होल्डर के रूप में सुनिश्चित की गई। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। कई स्तरों की बैठकों और संवाद के बाद जनमन कार्यक्रम से कमार समाज और प्रशासन के बीच की दूरियां कम हुई और उनके मनोविचारों में भी बदलाव आयां।

बिलासपुर हाईकोर्ट का फैसला- सिविल जज की परीक्षा

बार काउंसिल में नामांकन या एनरोलमेंट न होने पर भी ले सकते हैं परीक्षा में भाग

सरकारी नौकरी में है इसलिए वकालत के तौर पर उनका नामांकन बार काउंसिल में नहीं हो सका

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सिविल जज की परीक्षा में वह उम्मीदवार भी भाग ले सकते हैं जिनका बार काउंसिल में नामांकन या एनरोलमेंट नहीं है। कोर्ट ने साफ शब्दों में आदेशित किया है कि सिविल जज की परीक्षा के लिए किसी भी विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री ही अनिवार्य होगी। इसके साथ ही इन सिविल जज की परीक्षाओं में सरकारी नौकरी में रहते हुए भी भाग लिया जा सकता है। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही सीजीपीएससी को सिविल जज की परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि को 24 जनवरी 2025 से एक महीने तक के लिए आगे बढऩे का आदेश दिया है।

बार काउंसिल की अनिवार्य पात्रता

बता दें कि जबलपुर निवासी विनीता यादव ने हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की है। दायर याचिका में कहा गया है कि सीजीपीएससी ने 23 दिसंबर 2024 को सिविल जज परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है परीक्षा में आवेदन करने की की अंतिम तिथि 24 जनवरी 2025 रखी गई है। सीजीपीएससी की ओर से इसमें एक शर्त रखी गई है जिसमें कहा गया है कि किसी भी विश्वविद्यालय से ला की डिग्री के साथ ही आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का बार काउंसिल में नामांकन जरूरी है और वह वकील के तौर पर प्रैक्टिस भी कर रहे हो। इस शर्त को विनीता यादव ने चुनौती दी थी इसमें कहा गया कि वह सरकारी नौकरी में है। उन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से ला की डिग्री ली हुई है। क्योंकि वह सरकारी नौकरी में है इसलिए वकालत के तौर पर उनका नामांकन बार काउंसिल में नहीं हो सका है। बार काउंसिल की अनिवार्य पात्रता होने के कारण वह इस सिविल जज की परीक्षा से वंचित हो रही है।

शर्त को हटाने और आवेदन किए जाने की छूट की मांग

अपनी याचिका में उन्होंने इस शर्त को हटाने और आवेदन किए जाने की छूट की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि इस तरह की शर्त किसी भी और दूसरे राज्यों में नहीं है। यहां तक की हरियाणा, राजस्थान,उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली में भी इस तरह की कोई शर्त नहीं है और वहां सिविल जज की परीक्षा के लिए अनिवार्य पात्रता या अहर्ता सिर्फ किसी भी विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री होना ही है। हालांकि मध्य प्रदेश में इसे आवश्यक नहीं बल्कि ऑप्शनल के तौर पर जरूर रखा गया है। याचिका के बाद हाईकोर्ट ने मामले में सीजीपीएससी, राज्य के विधि विधाई विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। शासन की ओर से इस शर्त को अनिवार्य बताते हुए अपना पक्ष रखा गया।

नामांकन में छूट प्रदान करने का फैसला

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिंह और जस्टिस रविंद अग्रवाल की डीबी ने मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने बार काउंसिल में सरकारी नौकरी वालों को नामांकन में छूट प्रदान करने का फैसला दिया है। डीबी ने अपने फैसले में कहा है कि इस तरह की शर्त की कोई जरूरत नहीं है। सिविल जज की परीक्षा में शामिल होने के लिए ला की डिग्री होना ही पर्याप्त है। कोर्ट ने अपने फैसले में याचिका करता विनीता यादव को आवेदन करने की छूट दी है और इस संबंध में सीजीपीएससी को भी आदेशित किया है । हाईकोर्ट ने सीजीपीएससी को कहा है कि इस भर्ती के लिए आवेदन की तिथि को 24 जनवरी 2025 से 1 महीने के लिए आगे बढ़ाया जाए। यह फैसला उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा जिन्होंने याचिका दायर नहीं की है और जो की सरकारी नौकरी में है।

दावेदारों की चर्चा : पांच निगमों में महिलाएं होंगी महापौर, ठोकी ताल

रायपुर /नवप्रदेश। नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की डुगडुगी बजते ही राजनीतिक दलों ने भी योग्य प्रत्याशी के लिए मंथन तेज कर दिया है। प्रदेश के 14 में से 10 नगर निगमों में महापौर पद चुनाव हो रहा है। इनमें पांच निगमों इस बार महिला के लिए आरक्षित किया गया है। 10 नगर निगमों में अभी चुनाव होंगे और बाकी चार नगर निगमों में दिसंबर 2025 में चुनाव होंगे। अभी जिन निगमों में चुनाव होना है, उनमें दावेदारों की चर्चा तेज हो गई है।

रायपुर नगर निगम में भाजपा की ओर से नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहीं मीनल चौबे, रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकीं लक्ष्मी वर्मा, विश्वनंदिनी पांडेय सहित अन्य महिलाओं के नामों की चर्चा है। कांग्रेस की तरफ से पूर्व में रायपुर की महापौर रह चुकीं डॉ. किरणमयी नायक, सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे, परमजीत कौर, निशा देवेंद्र यादव सहित अन्य के नामों की चर्चा है। इसी तरह दुर्ग नगर निगम, कोरबा नगर निगम सहित अन्य निगमों में भी दावेदारों की चर्चा हो रही है। राज्य के 14 नगर निगम में महापौर, 54 नगर पालिका और 124 नगर पंचायत में अध्यक्ष के आरक्षण की प्रकिया मंगलवार को पूरी हो गई। दीनदयाल आडिटोरियम में कुल 192 नगरीय निकायों के लिए आरक्षण तय करने के लिए लाटरी निकाली गई। इस बार पांच नगर निगमों में महिला महापौर चुनीं जाएंगी।

इनमें रायपुर, कोरबा और बिरगांव में सामान्य वर्ग की महिलाएं चुनाव लड़ सकेंगी। जबकि रिसाली में अनुसूचित जाति और दुर्ग में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला को महापौर के लिए चुनाव लडऩे का मौका मिलेगा। भिलाई, भिलाई-चरोदा, बिलासपुर नगर निगम को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। जगदलपुर, चिरमिरी को सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। रायगढ़ नगर निगम अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति के लिए

14 में से 10 निगमों में ही होगा चुनाव

भले ही 14 नगर निगमों में लाटरी निकाली गई है, लेकिन 14 नगर निगमों में से केवल 10 निगमों में ही चुनाव होंगे। रिसाली, भिलाई, बीरगांव और भिलाई-चरोदा निगम में अभी चुनाव नहीं होंगे, क्योंकि इन निगमों का कार्यकाल दिसंबर 2025 में पूरा हो रहा है।

महादेव सट्टा एप के आरोपियों को हाईकोर्ट से मिला बड़ा झटका

एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत अर्जी खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप चलाने में प्रमोटर्स के लिए काम करने वाले आरोपी एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। एएसआई पर आरोपियों के साथ ही अफसरों और राजनेताओं के बीच संपर्क कराने और उनके लिए काम करने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में सार्वजनिक जुआ अधिनियम और ईडी ने केस दर्ज की थी। दोनों आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। दरअसल, महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। जांच के दौरान पता चला कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने छत्तीसगढ़ के राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों के साथ महादेव ऑनलाइन बुक प्रमोटरों के लिए संपर्क सूत्र के रूप में काम किया। ईडी ने जांच के दौरान हवाला किंग अनिल कुमार दम्मानी और सुनील कुमार दम्मानी को भी पकड़ा। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। इनमें से चंद्रभूषण वर्मा और सुनील दम्मानी ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने जमानत का विरोध किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। दुर्ग पुलिस ने 29 फरवरी 2022 को मोहन नगर थाने में आलोक सिंह राजपूत, रामप्रवेश साहू, खडग़ उर्फ राजा सिंह, अभिषेक और पिंटू के खिलाफ सार्वजनिक जुआ (छ.ग. संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 4ए, आईपीसी की धारा 420, 120बी और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत दर्ज की गई थी।

केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे भूपेश बघेल, लखमा और देवेंद्र यादव से मिले ?

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे भूपेश बघेल ने लखमा और देवेंद्र यादव से मुलाकात की। एक्स में मुलाकात की जानकारी साझा करते बघेल ने कहा, आज केंद्रीय जेल, रायपुर पहुँचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, आदिवासियों की मुखर आवाज़ कवासी लखमा एवं युवा नेतृत्व, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। यह तानाशाह सरकार जनहित और अधिकार के लिए उठने वाली आवाजों को षड्यंत्र कर खामोश कर देना चाहती है. लेकिन अंत में विजय सत्य की होगी।

मौसम — शुष्क हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोतरी, ठंड का असर कम होने लगा

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम, चढ़ने लगा पारा

दिन में गर्मी का अहसास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आज गुरुवार को मौसम शुष्क रहेगा। शुष्क हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे ठंड का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। इन दिनों न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि की तापमान में उतार चढ़ाव का दौर जारी है, लेकिन अब न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव के असर नहीं है।

न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोत्तरी

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मौसम में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। शुष्क हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे ठंड कम होने लगी है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

दिन और रात होने लगी गर्म

बीते दिनों की तुलना में आज से कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लगभग ठंड भी कम लगने लगी है। इन दिनों प्रदेश में मौसम साफ है। शुष्क हवा के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगले कुछ दिनों तक तापमान में वृद्धि होगी। पारा बढऩे से ठंड कम होगी। दिन का पारा बढऩे से हल्की गर्मी महसूस होने लगेगी।

सबसे ठंड इलाका अंबिकापुर

प्रदेश में सबसे ठंड इलाका अंबिकापुर रहा है। यहां सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं सर्वाधिक अधिकतम तापमान बीजापुर में 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आगामी कुछ दिनों का मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। हालांकि तापमान में बढ़ोतरी होगी। आज राजधानी रायपुर में मौसम साफ रहेगा। इसके साथ ही यहां न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

सहकारी बैंक में शासकीय राशि गबन, शाखा प्रबंधक और सहयोगी गिरफ्तार

बलरामपुर रामानुजगंज/ नवप्रदेश। बलरामपुर रामानुजगंज पुलिस को सहकारी बैंक में करोड़ो रुपये के गबन मामले में सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे मास्टर माइंड ब्रांच मैनेजर शंकर राम भगत को अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। मामले में सहयोगी मनोज विश्वास को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक, अंबिकापुर कॉपरेटिव बैंक के शाखा प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव (54) रामानुजगंज थाने में लिखित आवेदन पेश कर शिकायत दर्ज कराया। जिसमें रामानुजगंज को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक शंकर राम भगत, कैशियर विजय कुमार उइके, कैशियर राजेश पाल, कम्प्यूटर आपरेटर पंकज विश्वास के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर किसानों एवं समितियों को मिलने वाली लोन की राशि एवं समितियों के लाभांश को गैर वित्तीय एवं गैर बैंकिंग नियम के तहत समितियों के खाता धारकों व किसानो के शासकीय रकम को गबन किया गया। जिसके बाद रामानुजगंज पुलिस ने जांच के बाद अपराध क्रमांक 157/2024 धारा 409, 34,120 (बी) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में ली। पुलिस की जांच में पाया गया कि को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक घटना के मुख्य आरोपी शंकर राम भगत (53) जिला सरगुजा निवासी अपने एक संगठित गिरोह बनाकर गबन कर रहा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654